कृष्ण पक्ष, 21 वर्ष, अंक 352, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | बुधवार 18 जनवरी 2023 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

### मुस्लिम समाज के बारे में गलत बयानबाजी न करें, भारत का सबसे अच्छा युग आ रहा: मोदी

## बीजेपी नेताओं को 'मोदी मंत्र'

**नई दिल्ली:** भाजपा की दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक मंगलवार को संपन्न हो गई। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि भारत का सबसे अच्छा युग आ रहा है, हमें इसके विकास के लिए खुद को समर्पित करना चाहिए। उन्होंने कहा कि यह भारत के लिए सबसे अच्छा समय है और हमें देश के विकास में योगदान देने के लिए कड़ी मेहनत करनी चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि अमृतकाल को कर्तव्यकाल में बदलना चाहिए, तभी देश तेजी से प्रगति की ओर बढ़ सकता है। पीएम मोदी ने भाजपा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक के दौरान कहा कि हमें सीमावर्ती इलाकों के गांवों से ज्यादा जुड़ना चाहिए और उन्हें मुख्यधारा में लाना चाहिए और वहां हमारी गतिविधियां बढ़नी चाहिए।

प्रधानमंत्री मोदी ने भाजपा नेताओं को नसीहत भी दी। उन्होंने कहा कि मुस्लिम समाज के बारे में गलत बयानबाजी न करें। कई के बयान अमर्यादित होते हैं। ऐसा नहीं करना चाहिए। किसी भी जाति-संप्रदाय के खिलाफ बयान नहीं देना चाहिए। प्रधानमंत्री ने चुनाव को लेकर यह भी कहा कि हमें सक्रिय रहना है और आत्ममुग्ध नहीं होना है। कोई यह नहीं समझें कि मोदी आएगा और जीत दिला देगा। हमें इस मानसिकता से बाहर निकलना होगा। प्रधानमंत्री ने राजस्थान और छत्तीसगढ़ का जिक्र करते हुए यह भी कहा कि पिछली बार हम अतिआत्मविश्वास के कारण हार गए थे। इस बार हमें इससे बचना होगा। लोगों के बीच रहना होगा और मिलकर मेहनत करनी होगी।



**चुनावी रण में भाजपा की कमान संभालेंगे नड्डा**

भाजपा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक के दूसरे दिन पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा के एक्सटेंशन पर मुहर लग गई। नड्डा का कार्यकाल जून 2024 तक बढ़ा दिया गया है। उन्हें जून 2019 में कार्यकारी अध्यक्ष और 20 जनवरी 2020 को पूर्णकालिक अध्यक्ष बनाया गया था। नड्डा का मौजूदा कार्यकाल 20 जनवरी को खत्म हो रहा था। अब वे लोकसभा चुनाव तक पार्टी की कमान संभालेंगे।

नड्डा को एक्सटेंशन देने का ऐलान गृहमंत्री अमित शाह ने किया। शाह ने कहा- नड्डा जी के नेतृत्व में पार्टी ने 120 चुनाव लड़े, जिनमें से 73 में जीत हासिल की। मैं नड्डाजी को बहुत बधाई देता हूं। उनके नेतृत्व में पार्टी ने अपनी पैठ बढ़ाई और यश भी बढ़ाया। 2024 के लोकसभा चुनाव में पार्टी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व और नड्डा जी के संगठनात्मक नेतृत्व में लड़ेगी।

**लगातार दूसरी बार अध्यक्ष बनने वाले तीसरे नेता बने नड्डा:** नड्डा को फिर से अध्यक्ष की जिम्मेदारी मिल गई है। लगातार दूसरा कार्यकाल हासिल करने वाले लालकृष्ण आडवाणी और अमित शाह के बाद नड्डा ऐसे तीसरे नेता बन गए हैं। हालांकि राजनाथ सिंह भी दो बार पार्टी अध्यक्ष बने थे, लेकिन उनका कार्यकाल लगातार नहीं था।

**10 विधानसभा और 2024 के लोकसभा चुनाव बने वजह:** भाजपा के सूत्रों के मुताबिक अगले साल तक 10 राज्यों में होने वाले विधानसभा चुनावों और 2024 के लोकसभा चुनाव को देखते हुए यह एक्सटेंशन किया गया है। नड्डा जून 2019 में पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष बने थे। इसके बाद 20 जनवरी 2020 को पूर्णकालिक अध्यक्ष बनाए गए। उनका चुनाव सर्वसम्मति से हुआ। इससे पहले पूर्व अध्यक्ष अमित शाह को भी 2019 में लोकसभा चुनाव तक विस्तार दिया गया था।

### चुनावी साल में संगठन से छेड़छाड़ नहीं करने की

रणनीति: पार्टी अध्यक्ष का कार्यकाल बढ़ाए जाने की एक अहम वजह इस साल के आखिर में होने वाले 9 विधानसभाओं के चुनाव भी हैं। वहीं, जम्मू-कश्मीर में भी मई-जून के बीच चुनाव कराए जाने के आसार हैं।

भाजपा संविधान के मुताबिक अध्यक्ष का चुनाव संभव नहीं: तकनीकी तौर पर देखें, तो 2022 में भाजपा संगठन के चुनाव नहीं हो सके हैं, इसलिए भी जेपी नड्डा को ही लोकसभा चुनाव तक पद पर बने रहने को कहा गया है। भाजपा के संविधान के मुताबिक कम से कम 50% यानी आधे राज्यों में संगठन चुनाव के बाद ही राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव किया जा सकता है। इस लिहाज से देश के 29 राज्यों में से 15 राज्यों में संगठन के चुनाव के बाद ही भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव होता हैं।

जिन 10 विधानसभाओं में चुनाव, वहां लोकसभा की 112 सीटें: नड्डा के एक्सटेंशन की अहम वजह 10 विधानसभाओं के चुनाव भी हैं। 2023 में ही होने वाले ये चुनाव लोकसभा की करीब 21% सीटें कवर करते हैं। साथ ही उत्तर से दक्षिण तक फैले इन राज्यों के फैसले से अगले साल होने वाले लोकसभा चुनाव में जनता के मिजाज की झलक भी मिल सकती है।

## संघ के दफ्तर में नहीं जा सकता, चाहे मेरी गर्दन काट दो : राहुल

**नई दिल्ली:** भाजपा सांसद वरुण गांधी क्या कांग्रेस में शामिल होंगे। इसको लेकर कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने बड़ा बयान दिया है। राहुल ने कहा कि वरुण की विचारधारा अलग है और मेरी विचारधारा अलग है। उन्हें यहां दिक्कत होगी। गौरतलब है कि राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा मंगलवार को पंजाब के होशियारपुर पहुंची। इस दौरान उन्होंने पत्रकारों के साथ बातचीत की। पत्रकारों ने राहुल से कई सवाल किए। राहुल से वरुण गांधी की कांग्रेस में एंट्री को लेकर भी सवाल पूछा गया था। इस पर राहुल ने अपना जवाब दिया।



**वरुण से मिल सकता हूं, गले लगा सकता हूं, लेकिन...:** राहुल ने कहा, "मैं उनसे मिल सकता है, उन्हें गले लगा सकता हूं, लेकिन हम दोनों की विचारधारा अलग है।

### भाजपा सरकार नहीं दे पा रही 'काऊ मिल्क प्लांट' का बजट : अखिलेश

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने काऊ मिल्क प्लांट का बजट न देने का आरोप लगाते हुए भाजपा की योगी सरकार पर तंज कसा है। सपा अध्यक्ष ने कहा कि जब सरकार अपना ही लगाया गया प्लांट नहीं चला पा रही है तो ऐसे में निवेशकों का क्या होगा। अखिलेश यादव ने मंगलवार को ट्वीट कर कहा कि अरबों के निवेश का दावा करने वाली उप्र की भाजपा सरकार काऊ मिल्क प्लांट का बजट तक नहीं दे पा रही है।

## गौवंशों के रख-रखाव में न हो कमी: विशेष सचिव




**औरैया: प्रदेश** शासन के कृषि उत्पादन आयुक्त शाखा के विशेष सचिव व नोडल अधिकारी कृष्ण कुमार ने मानस सभागार में गौ आश्रय स्थल एवं गौवंश के रखरखाव की मंगलवार को समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिए कि गौवंश को सर्दी से बचाव के लिए पुआल एवं बारदाना आदि बैठने के लिए पर्याप्त मात्रा में डाला जाये, साथ ही लाइट आदि की व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाये। उन्होंने सभी संबंधितों को निर्देशित किया कि शासन द्वारा जारी दिशा निर्देशों का पूरी ईमानदारी के साथ पालन करते हुए गौवंश को गौशाला में सुरक्षित रखा जाये। इसमें किसी भी स्तर पर बरती गई लापरवाही अनियमितता के लिए संबंधित की जिम्मेदारी निर्धारित करते हुए उसके विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि गौ आश्रय स्थलों का सतत निरीक्षण किया जाए और निरीक्षण टिप्पणी को पंजिका में अंकित करें। जिससे यदि कोई कमी दृष्टिगत होती है तो उसको सही किया जा सके। विशेष सचिव ने स्पष्ट निर्देश दिए कि गौ आश्रय स्थलों में पशुओं की उपस्थिति के साथ-साथ मृतक गोवंश एवं कृषकों को दिए जाने वाले गौवंशों का भी विवरण पंजिका में अवश्य अंकित किया जाये, जिससे गौ आश्रय स्थल में आने वाले गौवंशों की संख्या के साथ-साथ मृतक गोवंश तथा कृषकों को दिए जाने वाले गौवंशों को कम करते हुए कुल गौवंशों की संख्या सुनिश्चित हो सके। निराश्रित गौवंश को लेने वाले कृषक आदि की सूची अवश्य रखी जाये, जिससे उनका समय-समय पर सत्यापन हो सके। उन्होंने खंड विकास अधिकारी को निर्देश दिए कि गौवंशों का सत्यापन स्वयं स्थल पर जाकर करें और ग्राम पंचायत अधिकारी को चेकिंग आदि किये जाने की फोटोग्राफ रखने के लिए निर्देशित करें।

## पाक आतंकी मक्की वैश्विक आतंकी घोषित


**न्यूयॉर्क:** चीन के तगड़े विरोध के बावजूद पाकिस्तान के खूंखार आतंकवादी अब्दुल रहमान मक्की को सोमवार को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) ने वैश्विक आतंकवादियों की सूची में शामिल किया है।

पिछले साल जून में चीन ने इस प्रस्ताव पर अडंगा डाला था। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के इस फैसले को भारत के लिए बड़ी सफलता माना जा रहा है। संयुक्त राष्ट्र ने कहा है 16 जनवरी 2023 को सुरक्षा परिषद समिति ने आईएसआईएल (दाह्रएश), अल-कायदा और संबद्ध व्यक्तियों से संबंधित प्रस्तावों 1267 (1999), 1989 (2011) और 2253 (2015) के अनुसार आतंकवादी अब्दुल रहमान मक्की को वैश्विक आतंकवादियों की सूची में शामिल किया है।

मक्की को खूंखार आतंकी के रूप में जाना जाता है। वह विशेष रूप से जम्मू और कश्मीर में धन जुटाने, भर्ती करने और हमलों की योजना बनाने के लिए युवाओं को कट्टरपंथी बनाने के मिशन पर काम करता है।

## पाक ने भारत से बातचीत की लगाई गुहार...

**कराची:** पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बातचीत के लिए मैसेज भेजा है। शाहबाज ने कहा, 'भारतीय लीडरशिप और प्रधानमंत्री मोदी को मेरा संदेश है कि आइए मेज पर बैठते हैं और हमारे बीच के कश्मीर जैसे मसलों पर समझदारी से बात करते हैं।' इसके चंद घंटे बाद ही पाकिस्तान के पीएमओ ने सोशल मीडिया पर बयान जारी किया और सीधे तौर पर शरीफ की बात को नकार दिया। पीएमओ ने अपने बयान में कहा- प्रधानमंत्री की बात को गलत तरीके से लिया गया। उन्होंने साफ तौर पर कहा है कि भारत से बातचीत सिर्फ तभी हो सकती है जब वो कश्मीर में 5 अगस्त 2019 का स्टेटस बहाल करे। आर्टिकल 370 और और धारा 35अ को बहाल करना होगा।




**कश्मीर: दुनिया में संदेश जाना चाहिए कि भारत बातचीत को तैयार:** शाहबाज ने कहा, "कश्मीर में हर वक्त मानवाधिकारों का उल्लंघन हो रहा है। धारा 370 के तहत कश्मीरियों को जो अधिकार मिले थे भारत ने वह ले लिए हैं। अगस्त 2019 में ऑटोनॉमी खत्म कर दी गई। भारत में अल्पसंख्यकों पर जुल्म किए जा रहे हैं। ये सब हर हाल में रुकना चाहिए ताकि दुनिया में यह मैसेज जाए कि भारत बातचीत के लिए तैयार है।"

**भारत-पाकिस्तान रिश्ते: यह हम पर है कि शांति से रहें या लड़ते रहें:** उन्होंने कहा, "भारत और पाकिस्तान पड़ोसी हैं और उन्हें एक-दूसरे के साथ ही रहना है। यह हम पर है कि हम शांति के साथ रहें, तरक्की करें या फिर झगड़ते रहें। हमने भारत के साथ 3 युद्ध लड़े।

## लश्कर के 2 आतंकी ढेर

**लश्कर के 2 आतंकी ढेर**

**श्रीनगर: जम्मू-कश्मीर** के बडगाम में मंगलवार सुबह सुरक्षाबलों ने लश्कर के 2 आतंकियों को मार गिराया है। सुरक्षाबलों को इलाके में 2 आतंकियों के छिपे होने की खबर मिली थी। इसके बाद सेना के जवानों और पुलिस ने जॉइंट ऑपरेशन में दोनों आतंकियों को मार गिराया है। पहली मुठभेड़ में दोनों आतंकी बच गए थे। इस एनकाउंटर को रख्ढ ऑफिस के पास अंजाम दिया गया। मंगलवार सुबह एसएसपी ऑफिस के पास बने चेकपोस्ट पर सुरक्षाबलों को बाइक से 2 संदिग्ध आते दिखे। टीम ने इन्हें रोकने की कोशिश की तो वे भागने लगे। आतंकियों ने सुरक्षाबलों पर गोलीबारी शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में सुरक्षाबलों ने फायरिंग की तो आतंकियों ने पास के शॉपिंग कॉम्प्लेक्स में घुसने का प्रयास किया। तब तक सुरक्षाबलों ने एक आतंकी को मार गिराया, जबकि दूसरे को गोली लग गई और वो पास के किसी घर में छिप गया था। सुरक्षाबलों ने सर्च ऑपरेशन चलाकर दूसरे आतंकी को भी मार गिराया है। उनकी पहचान पुलवामा के अरबाज मीर और शाहिद अहमद शेख के रूप में हुई है। यह आतंकी संगठन लश्कर से जुड़े थे।



## भगोड़े रक्षा दलाल संजय भंडारी को भारत लाने का रास्ता साफ

**भगोड़े रक्षा दलाल संजय भंडारी को भारत लाने का रास्ता साफ**

**लंदन:** रक्षा सौदों के बिचौलिये और भगोड़े को ब्रिटेन से भारत लाने का रास्ता साफ हो गया है। ब्रिटिश गृहमंत्री सुएला ब्रेवरमैन ने मंगलवार को भगोड़े रक्षा दलाल संजय भंडारी के भारत प्रत्यर्पण को मंजूरी दे दी है। रक्षा सौदों का बिचौलिया संजय भंडारी भारत में गोपनीयता उल्लंघन कानून में वांछित है। उस पर काला धन सफेद करने और कर चोरी के मामले भी हैं। संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन सरकार के कुछ रक्षा सौदों में करोड़ों की रिश्वत मामले में भी भंडारी की तलाश की जा रही है। इन सौदों के लिए उसके बैंक खातों में करोड़ों रुपये भेजे गए थे। भारतीय जांच एजेंसी सीबीआई और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की तरफ से संजय भंडारी के खिलाफ भारत में मनी लांड्रिंग के आरोप भी तय किये गए थे। भारत में आरोप लगने के बाद वह ब्रिटेन भाग गया था। उसे भारतीय जांच एजेंसियों की पहल पर भगोड़ा घोषित किया जा चुका है। भारत सरकार ने ब्रिटेन से भंडारी के प्रत्यर्पण की अपील की थी। 16 जून, 2020 को तत्कालीन ब्रिटिश गृहमंत्री प्रीति पटेल ने भंडारी के प्रत्यर्पण आग्रह को स्वीकार कर लिया था। इसके बाद 15 जुलाई, 2020 को उसे गिरफ्तार कर लिया गया था। उसे अदालत ने 1.20 लाख पाउंड की सुरक्षा राशि के साथ अपना पासपोर्ट जमा कराने, मध्य लंदन स्थित घर में नजरबंद रहने और नजदीकी पुलिस स्टेशन में रोजाना हाजिरी लगाने समेत सात शर्तों के साथ जमानत दी थी। इसके बाद से भंडारी को ब्रिटेन से भारत लाने की कोशिश में प्रवर्तन निदेशालय की टीम जुटी थी। भारत सरकार की ओर से ब्रिटेन की अदालत में मुकदमा भी लड़ा गया। अदालत में भारतीय प्रयासों के बाद ब्रिटेन के वेस्टमिंस्टर कोर्ट ने नवंबर माह में संजय भंडारी के भारत प्रत्यर्पण को मंजूरी दे दी थी। इसके बाद से ब्रिटिश गृह मंत्री की मंजूरी की प्रतीक्षा की जा रही थी। अब ब्रिटिश गृहमंत्री सुएला ब्रेवरमैन ने भी संजय भंडारी को ब्रिटेन से भारत प्रत्यर्पित करने की अनुमति दे दी है।



### कर्नाटक: सीएम बोम्मई की हो सकती है विदाई

**नई दिल्ली:** मंगलवार को दिल्ली में चल रही बीजेपी की कार्यकारिणी बैठक का दूसरा दिन रहा। पहले दिन, यानी सोमवार को सबसे ज्यादा चर्चा गुजरात में पार्टी की जीत के फॉर्मूले की रही। इसी मॉडल को कर्नाटक में आगे बढ़ाया जाएगा। कर्नाटक में मई तक चुनाव होना है। यहां पूर्व मुख्यमंत्री बीएस येदियुरप्पा की वापसी के आसार बन रहे हैं। पीएम मोदी ने सोमवार को कार्यकारिणी बैठक से अलग येदियुरप्पा से 15 मिनट मुलाकात की थी। जैसे-जैसे चुनाव करीब आ रहे हैं, पार्टी में येदियुरप्पा की अहमियत बढ़ रही है। वे पार्टी के संसदीय बोर्ड में भी हैं।

## जगन्नाथपुरी में चूहों ने कुतर डालीं भगवान की पोशाकें

भुवनेश्वर: उड़ीसा के पुरी जगन्नाथ मंदिर में चूहों ने आतंक मचा रखा है। चूहों ने भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और देवी सुभद्रा के कपड़े फाड़ कर मंदिर प्रशासन को चिंता में डाल दिया है। सेवादारों को इस बात की चिंता सता रही है कि चूहों से गर्भगृह की चीजों और श्रीमंदिर में देवताओं की लकड़ी की मूर्तियों को खतरा हो गया है। एक सेवादार सत्यनारायण पुष्पलक के मुताबिक 'चूहों और उनकी गंदगी के बीच पूजा-अनुष्ठान करना मुश्किल हो गया है। चूहे देवताओं के कपड़े और मालाओं को नष्ट कर रहे हैं। वे देवताओं का चेहरा खराब कर रहे हैं।'

**चूहे ही नहीं बिच्छू भी कर रहे परेशान:** सेवादार बिजयकृष्ण पुष्पलक ने कहा, "हम चूहों को पकड़ लेंगे और उन्हें बाहर निकाल देंगे। चूहे ही नहीं, बिच्छू भी हैं। हम उन्हें बाहर निकालने की व्यवस्था करेंगे। हमें मंदिर के अंदर जानवरों को मारने या जहर देने की अनुमति नहीं है, इसलिए चूहों को जिंदा पकड़ा जाता है और बाहर छोड़ दिया जाता है।" रिपोर्ट्स के मुताबिक सेवादारों ने कहा कि वे चूहों को फंसाने के लिए चूहेदानी का इस्तेमाल कर रहे हैं। जाल में फंसे चूहों को मंदिर से बाहर निकाला जा रहा है। गौरतलब है कि कुछ जानवर मंदिर परिसर में रहते हैं क्योंकि उन्हें पर्याप्त मात्रा में बचा हुआ महाप्रसाद मिल जाता है।



**गर्भगृह में किए छोटे-छोटे छेद:** एक अन्य सेवादार भगबान पांडा ने कहा कि चूहों ने फर्श पर रखे पत्थरों के बीच छोटे-छोटे छेद किए गए हैं जो संरचना के लिए खतरा पैदा बन सकते हैं। कोविड-19 महामारी के दौरान 2020 से 2021 तक मंदिर कुछ महीनों के लिए बंद था। इस दौरान मंदिर में चूहों और कॉकरोचों की संख्या बहुत ज्यादा बढ़ गई। हालांकि मंदिर के प्रशासक जितेंद्र साहू ने कहा है ।

## बढ़ती आर्थिक असमानता के लिए मोदी सरकार जिम्मेदार : खड़गे

**नई दिल्ली:** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के शासनकाल में देश में आर्थिक असमानता बढ़ी है।

खड़गे ने मंगलवार को ट्वीट कर कहा कि भाजपा ने आर्थिक असमानता की खाई को इतना गहरा कर दिया है कि देश का आम इंसान उसमें धंसता जा रहा है। भारत में सबसे अमीर एक फीसदी लोगों के पास देश की कुल संपत्ति का 40 फीसदी से अधिक हिस्सा है। वहीं आधी आबादी के पास सिर्फ तीन फीसदी ही हिस्सा बचा है। उन्होंने कहा कांग्रेस देश में बढ़ रही आर्थिक असमानता के खिलाफ है। भारत जोड़ो यात्रा आर्थिक असमानता की खाई को भरने का आंदोलन है।



## खबर संक्षेप

### चनेथू शुक्लान निवासी रमाशंकर शुक्ल का निधन क्षेत्रवासियों में शोक

**जंघई।** चनेथू शुक्लान गांव निवासी रमाशंकर शुक्ला के निधन पर उपस्थित लोगों ने उनके चित्र पर माल्यार्पण किया एवं दो मिनट का मौन रखकर शोक संवेदना व्यक्त किया सीधे सादे सरल मिलनसार धार्मिक प्रवृत्ति के इंसान रमाशंकर शुक्ल का बीमारी से निधन हो गया था।इस अवसर पर केशव प्रसाद शुक्ला, विजय कुमार, महेश कुमार, बृजेश, अवधेश, बाबा, दिनेश, बृज किशोर, अवध किशोर, राज किशोर, कमल किशोर, प्रियांशु सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

### चार बम के साथ युवक गिरफ्तार

**नैनी।** औधोगिक क्षेत्र की पुलिस टीम ने मंगलवार को मुखबिर की सूचना पर मवैया पाल बस्ती के पास से एक युवक को चार देशी बम के साथ गिरफ्तार किया है। एसओ संजीव चौबे ने बताया कि एसआई चंद्रपाल सिंह की टीम ने मवैया पाल बस्ती के पास से एक युवक को गिरफ्तार किया है। उसके पास से चार देशी बम बरामद हुआ है। पकड़के गया युवक थाना क्षेत्र के संडवा गनव का रहने वाला शारुख खान है। इसी क्रम में मुंगारी गांव के पास से दो वारंटी भोला व मनोज कुमार को गिरफ्तार किया है।

# मऊआइमा पुलिस ने पांच वर्षिय नाजिम हत्याकांड की किया खुलासा

## जमीनी विवाद को लेकर चाचा ने अपने भतीजे की थी हत्या, सोमवार को सरकारी बाग कब्रिस्तान में गला रेत कर की गई थी मासूम नाजिम की हत्या

अखंड भारत संदेश

**मऊआइमा।** मऊआइमा में सोमवार को दोपहर में क्षेत्र के ग्राम किंगरिया का पूरा खानपुर नई बस्ती निवासी मोहम्मद कासिम के पांच वर्षीय पुत्र मोहम्मद नाजिम का शव सरकारी बाग कब्रिस्तान की खजूर की झाडी में मिला था। जिसका गला रेत कर हत्या किया गया था। मऊआइमा पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया तो उसका मुंह दाब कर धारदार हथियार से गला रेत कर हत्या की बात सामने आयी थी। पुलिस इस हत्या के मामले में जमीनी विवाद को देखाते हुए। मृतक बच्चे के चाचा को कातिल बना कर मंगलवार को जेल भेज दिया। मऊआइमा के ग्राम किंगरिया खानपुर नया पूरा निवासी मोहम्मद शकील पुत्र इसराईल की पत्नी अकीला बानों विज्ञिप्त है। वह अपने बेटी हाजरा पत्नी मोहम्मद ताहिर कस्बा के मोहल्ला कोट में रहती है जबकि बडा पुत्र मोहम्मद कासिम अपनी पत्नी रुबिना बानों एंव पुत्री आलिया तीन वर्ष और पुत्र मोहम्मद नाजिम के साथ रहते हैं। एक ही घर के अलग कमरे में शकील और उसका छोटा पुत्र मोहम्मद हासिम अविवाहित है और अपने हाथ से पकाते खाते हैं। सभी मेहनत मजदूरी पावरलूम पर काम करते हैं। जबकि पिता शकील एक सेठ के यहां घरेलू नौकर है। बताते हैं कि सोमवार को पांच वर्षिय मो नाजिम स्कूल न जाकर घर से दस बजे भोजन करके खेलने चला गया।लगभग एक घंटे के बाद बच्चों ने घर से दो सौ मीटर दूरी पर स्थित सरकारी बाग कब्रिस्तान की खजूर की झाडी में नाजिम का गला काट यह शव देखा था।सूचना पर पहुची पुलिस ने खोजी कुत्ता की टीम बुला कर पहले घटना स्थाल से पांच सौ मीटर दूर खून आलूदा पैंट बरामद करा कर सीधे डॉग मृतक नाजिम के चाचा मोहम्मद हासिम के कमरे में जाकर हासिम के कपडे को पकड लिया था।पुलिस ने हासिम को गिरफ्तार कर उससे पूछताछ की तो वह जमीनी विवाद को लेकर अपने भाई कासिम से बदला लेने के बजाय उसके पुत्र को अमरूद खिलाने के बहाने खजूर की झाड में चाकू से गला रेत का मौत के घाट ऊतार कर भाग कर घर आ गया था।मऊआइमा पुलिस के कथानुसार हासिम ने अपने कमरे में रखा बालू के अन्दर से आला कत्ल के रूप में मंगलवार को चाकू बरामद करा दिया।पुलिस ने इस प्रकार भतीजे के कातिल चाचा हासिम को मंगलवार को जेल भेज दिया।




### पुलिस के खुलासे पर उठ रहे हैं सवाल!

नाजिम हत्या के मामले में पुलिस ने जहां दो सगे भाईयों और भाभी पर जमीनी विवाद देखा रही है। वह किसी के भी गले से नहीं ऊतर रही है।कत्ल के आरोप में भेजे गए जेल हासिम के पिता शकील का कहना है कि वह पन्द्रह साल पूर्व एक बिस्वा जमीन प्लाटिंग में खरीदने थे। यही बनवा कर एक ही घर में अलग अलग कमरा बनवा कर रहने लगे। कासिम अलग परिवार के साथ रहता है।जबकि वह और उनका छोटा पुत्र हासिम अविवाहित अलग कमरे में रह कर मेहनत मजदूरी करके पकाते खाते हैं। शकील के अनुसार उनकी पत्नी अकिला विक्षिप्त होने के कारण अपनी पुत्री हाजरा के साथ रहती है। वह इस घटना से आहत हैं। उनका कहना है कि जमीनी विवाद का कोई मामला नहीं है।

### शव को दफनाने को लेकर स्थानीय नेताओं की किच किच एंव नेतागिरी

मऊआइमा के किंगरिया खानपुर नई बस्ती में जब पोस्टमार्टम के बाद मोहम्मद नाजिम 5 वर्ष का शव सोमवार को देर शाम को पहुंचा तो अधिकांश लोगों एंव परिजनों ने रात में ही दफनाने की बात कही। परन्तु स्थानीय नए नए नेताओं ने पहुंच कर दिन में दफनाने कि राजनीति परअडे रहे। जिसपर मृतक के परिजन मान गए। मंगलवार को दस बजे दिन में मो नाजिम का नमाज जनाजा पढा कर दफना दिया गया। परन्तु रात के बजाय दिन में शव दफनाने की रट लगाने वाले नेता मिट्टी के समय नदारद रहे। ऐसे नौसिखिया नेताओं को मंगलवार को दिनभर लोग कोसते रहे।

### गीता पासी व निर्मला पासवान पहुंची मृतक मासूम के घर पहुंच दी सांत्वना



मऊआइमा के नई बस्ती में सोमवार को देर शाम भाजपा एम एलसी निर्मला पासवान मृतक के घर पर पहुंच कर सांत्वना दी तथा मृतक की माता रुबिना को गले से लगा ली। इस मौके पर निमिष खत्री ,राहुल, आरिफ ,पूर्व चेयरमैन शोएब अंसारी ,दिवाकर मिश्रा ,आदि मौजूद थे। तथा जल्द आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग पुलिस से की थी। मंगलवार को दोपहर में सपा की सोरांव विधायका गीता पासी मृतक के घर पहुंच कर मृतक की माता रुबिना और पिता मोहम्मद कासिम को हर संभव मदद का आशवासन दी।तथा जल्द मासूम बच्चे के हत्यारों को गिरफ्तार करने की मांग की। गीता पासी के साथ पूर्व चेयरमैन शोएब अंसारी, कैसर ,मोहीब , कौशर गयास ,नूर उद्दीन सैफी ,मेराज आरिफ आदि मौजूद थे।




### करछना विकास खंड में 24 सौ गरीबों को जल्द प्रधान मंत्री आवास का ग्रीन सिग्नल : देवकुमार

**करछना।** विकास खंड करछना में सभी ग्राम पंचायतों में रहने वाले गरीब पात्र लाभार्थियों को आवासीय बनाए जाने के लिए सरकार के दिशानिर्देशों के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले कच्चे मकानों में गरीबों को जल्द आवास की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी उसके लिए युद्धस्तर पर सचिवों को लगाया गया है लगभग चयन प्रक्रिया अंतिम चरण में चल रही है, प्रकिया पूर्ण होने पर शासन की ग्रीन झंडी मिल जायेंगी और गरीबों के खाते में पैसा ट्रांसफर हो जायेगा और गरीबों को आवास योजना में मकान बनवा सकेंगे, उन्होंने बताया कि अस्सी ग्राम पंचायतों में लाभार्थियों का चयन प्रक्रिया कराई जा रही है लगभग जांच की रिपोर्ट फाइनल हों चुकी है सभी की डाटा एंट्री ऑपरेट कर दिया गया है,जिसकी रिपोर्ट जिला स्तर पर एंटी करा दिया गया है जिसकी रिपोर्ट जल्द सरकार द्वारा लाभार्थियों के खाते में आनलाइन ट्रांसफर दिए जायेंगे, खंड विकास अधिकारी करछना देव कुमार ने यह भी बताया कि सरकार के दिशा निर्देश के अनुसार लाभार्थियों के बैंक खातों में आधार की फीडिंग का कार्य किया जा रहा है उसके बाद आवास लाभर्थियों सही जांच के बाद उन्हें आवास का लाभ दिया जा रहा है।

# बीडीओ जसरा के खिलाफ प्रधानों ने भरी हुंकार

अखंड भारत संदेश




**जसरा।** विकास खंड जसरा के सभी प्रधानों ने मुख्य विकास अधिकारी को एक शिकायती पत्र लिखकर खंड विकास अधिकारी जसरा द्वारा किए जा रहे भ्रष्टाचार के चलते उन्हें स्थानांतरित किए जाने की मांग की है। आक्रोशित प्रधानों ने ब्लॉक मुख्यालय में काम रोककर तालाबंदी करने की भी चेतावनी दी है। मंगलवार को ग्राम प्रधान संघ अध्यक्ष दारा सिंह पटेल ग्राम प्रधान चितौरी व अन्य ग्राम प्रधानों के द्वारा ब्लॉक मुख्यालय पर पहुंचकर मनरेगा के तहत कराए गए कच्चे व पक्के कार्यों का भुगतान ना होने की शिकायत दर्ज कराई । जिस पर खंड विकास अधिकारी जसरा व ग्राम प्रधानों के बीच बहस होने लगी और बात गाली गलौज तक आ गई। जिसके बाद गुस्साए ग्राम प्रधानों ने ब्लॉक मुख्यालय परिसर में ही खंड विकास अधिकारी जसरा सपना अवस्थी मुदार्बाद के नारे लगाने शुरू कर दिए। वहीं ब्लॉक परिसर में मौजूद प्रधान संघ अध्यक्ष दारा सिंह के द्वारा बताया गया कि उन्होंने मुख्य विकास अधिकारी प्रयागराज के नाम एक पत्र लिखकर शिकायत की है। खंड विकास अधिकारी जसरा के द्वारा वित्तीय स्वीकृति के बाद मनरेगा के तहत कच्चे कार्य पर भुगतान होने पर 5% एवं पक्के कार्य का भुगतान होने पर 11% की सुविधा शुल्क बीडीओ के द्वारा मांग की जाती है। जिसके कारण ग्राम पंचायत में गुणवत्ता पूर्ण तरीके से कार्य करवाने में ग्राम प्रधान असुविधा महसूस करते हैं। वहीं मौके पर मौजूद सुजावन देव मंदिर के महंत व ग्राम प्रधान देवरिया राजीव गिरी के द्वारा बताया गया कि बीडियो जसरा आए दिन कहीं चंदे के नाम पर ग्राम प्रधानों से पैसे मांगती हैं तो कहीं ग्राम सभा में कराए गए विकास कार्यों में कमी बता करके उसका भुगतान न करने की धमकी के नाम पर पैसे मांगती हैं। प्रधान राजीव गिरी ने बीडीओ जसरा सपना अवस्थी पर कई गंभीर आरोप भी लगाए हैं। नाराज ग्राम प्रधानों द्वारा ब्लॉक मुख्यालय में जमकर हंगामा किया गया। वहीं ग्राम प्रधानों ने अपने शिकायती पत्र के माध्यम से मुख्य विकास अधिकारी से मांग की है कि खंड विकास अधिकारी जसरा के विरुद्ध जांच कर विधिक कार्रवाई की जाए और उन्हें तत्काल जसरा के बीडीओ के पद से हटाया जाए। इस संदर्भ में खंड विकास अधिकारी डॉ सपना अवस्थी से दूरभाष से बात करने का प्रयास किया गया लेकिन उनका मोबाइल नहीं उठा।

## न्यूज झरोखा

### कथावाचक ज्योतिषाचार्य पं. हरिकृष्ण द्विवेदी का आकस्मिक निधन



**जंघई।** प्रख्यात कथावाचक, हिन्दी, अंग्रेजी, संस्कृत तीनों भाषाओं के ज्ञाता, ज्योतिषाचार्य, समाजसेवी, वेद वेदांग के ज्ञाता, विद्वान शिक्षक महर्षि गार्गेय इंटरमीडिएट कॉलेज खरगपुर में अंग्रेजी के प्रवक्ता पंडित हरिकृष्ण द्विवेदी का आकस्मिक निधन हो गया है। प्रतापपुर विधानसभा के वरिष्ठ कांग्रेस नेता गरुण पांडेय ने शोक संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि द्विवेदी जी हमारे ससुर जी थे और बहुत प्रकांड विद्वान थे और सीधे सरल मिलनसार धार्मिक प्रवृत्ति के थे उनके निधन से परिवार, समाज, रिश्तेदार, शिक्षा जगत एवं क्षेत्रीय लोगों को अपार कष्ट एवं वेदना है।इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने मौन रखकर शोक संवेदना व्यक्त किया एवं परिवार को सहनशक्ति प्रदान करने हेतु ईश्वर से प्रार्थना किया।शोक संवेदना व्यक्त करने वालों में राधे मोहन पांडेय, विकास इलाहाबादी, सुमित तिवारी, नीरज गौड़, योगेश शुक्ला, संदीप तिवारी, मुकेश पांडेय, मनीष तिवारी आदि लोग शामिल रहें।

### बिना खेल के मानसिक विकास संभव नहीं है : मुकेश द्विवेदी



**जसरा।** अमृत सरोवर मेला बगिया भीटा में टूनार्मेंट का फाइनल मैच दादूपुर और भीटा के बीच खेला गया जिसमें टास जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए भीटा की टीम 40 रन बना कर आल?आउट हो गई ।दादूपुर ने इस मैच को बड़ी आसानी से फाइनल मैच को अपने कब्जे में ले लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में बोलते हुए समाजसेवी मुकेश द्विवेदी ने कहा बिना खेल के बच्चों का मानसिक विकास संभव नहीं है खेल से ही हमें नित नई सीख मिलती है खेल हमें मानवता है शालीनता का पाठ भी पढ़ाता है मेला वाली बाग में हो रहे फाइनल समारोह में अपनी बातें रखते हुए उन्होंने कहा हमें युवाओं को खेल के प्रति जागरूक करना पड़ेगा युवा ही देश के भविष्य हैं इस मौके पर मौजूद रहे सचिव भीटा हेमंत सिंह,प्रधान पति विपिन कुमार, सुल्तान अहमद,अशोक पाल,जावेद अख्तर, अन्नू पांडे, राजू द्विवेदी ,भयान मिश्र आदि मौजूद रहे। आये हुए अतिथियों का आयोजक छंगू दुबे भीटा व सुल्तान अहमद ने सभी का स्वागत एवं अभिनन्दन किया।

### अनुवां शिवपुर क्रिकेट टीम विजेता, मड़वा टीम बनी उप विजेता



**जंघई।** विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी तूफान क्रिकेट क्लब रिठुवॉ द्वारा गांव के तालाब पर क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें 32 टीमों ने अपने भाग्य को आजमाया। मुख्य मुकाबला शिवपुर अनुवां एवं मड़वा की टीम के मध्य खेला गया। जिसमें अनुवां शिवपुर की टीम विजेता रही तथा मड़वा की टीम उप विजेता बनी दोनों टीमों को मेडल एवं पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।इस अवसर पर शिवम तिवारी, सत्यम तिवारी, देवेंद्र यादव शेरू कैप्टन, धर्मेंद्र कुमार मौर्य प्रधान, विनोद यादव, साहब लाल, मंचल उपाध्याय, जितेन्द्र पांडेय गामा, राकेश कुमार गौतम प्रबंधक, ताज मोहम्मद, टमाटर भारत, मुन्ना भारती, पयाग चंद, राजा हिन्दुस्तानी, अशोक पांडेय, मुलायम सिंह यादव, अंकुर, विनय यादव सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

### नुक्कड़ नाटक के माध्यम से किसानों को किया जागरूक



**जसरा।** इलाहाबाद डिस्ट्रिक कोआपरेटिव बैंक व नावार्ड द्वारा वित्तीय साक्षरता की जानकारी मंगलवार को शाखा जसरा में नुक्कड नाटक के माध्यम से किसानों को जागरूक किया गया। प्रशिक्षिका नीतू चौबे की टीम द्वारा बताया गया कि सहकारी समिति यों के द्वारा बिना जमीन बंधक बनाए तीन प्रतिशत वार्षिक ब्याज की दर पर किसान क्रेडिट कार्ड,इफ्को की प्रत्येक बोरी पर चार हजार की बीमा योजना,प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना,प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना,माइक्रो एटीएम के माध्यम से समिति पर खाता खो लने व पैसा निकालने एवं जमा करने की सुविधा,समिति के माध्यम से बिजली बिल जमा करने की सुविधा आदि की नुक्कड नाटक के माध्यम से जानकारी दी गई। नुक्कड नाटक टीम मेंकृष्णा चौबे,अभिषेक, कल्पना भारती, अजय पटेल के साथ ही शाखा प्रबंधक संदीप सोनकर,अनिल मिश्र, विजयराज यादव, अनूप जायसवाल,राकेश तिवारी,विशम्भर नाथ दुबे सहित सैकडो किसान मौजूद रहे।

# एसीपी करछना ने कोतवाली नैनी में एसपीओ टीम पुलिस मित्र की आकस्मिक बैठक की

अखंड भारत संदेश

### जनसम्पर्क अधिकारी शेख लियाकत अली ने कहा कि आगे भी ऐसे काम हम लोग करते रहेंगे



**नैनी।** कोतवाली से सम्बधित सभी एसपीओ टीम को आमंत्रित किया, जिस बैठक मे नैनी कोतवाली इन्चार्ज बृजेश सिंह सीनियर एसएसआई अजय सिंह भी मौजूद रहे, टीम एसपीओ के प्रभारी अभय राज सिंह, उप प्रभारी परवेज अहमद, संगठन सचिव रविन्द्र सिंह, जनसम्पर्क अधिकारी शेख लियाकत अली, मेला थाना प्रभारी रवि मिश्रा , मीडिया प्रभारी विरेन्द्र पटेल एवं सीनियर एरिया इन्चार्ज अपने सभी एरिया इन्चार्ज एवं एसपीओ जवानो के साथ मौजूद रहे।

एसीपी करछना अजीत सिंह चौहान ने सभी एसपीओ अधिकारियो से विचार विर्मश किया एवं सभी को आश्वासन दिया की अन्य जगहो की तरह नैनी प्रयागराज में भी एसपीओ टीम को और अधिक मजबूत बनायेंगे, सभी एसपीओ सदस्य का थाने मे रजिस्टर मेंटेन किया जायेगा और जरूरत पड़ने पर समस्त उत्तर प्रदेश के थाने में भी जरूरत के अनुसार नैनीं प्रयागराज एसपीओ टीम की सेवायें ले पायेंगे , और सभी कर्मठ एवं इमानदार एसपीओ को उनके कार्य के लिये उचित सम्मान किया जायेगा जो लोग ड्यूटी पर नियमित रहते है, उनको नैनी कोतवाली से ड्यूटी कार्ड उपलब्ध कराये जायेगें जिसकी बैधता 1 साल की होगी।, हर वर्ष एसपीओ प्रभारी की सहमति से नये कार्ड बनाये जायेगें और पुराने कार्ड जमा करा लिये जयेगे, ड्यूटी कार्ड का अब कोई भी सदस्य दुर्पयोग नहीं कर पायेगा , कार्ड की बैधता समाप्त के बाद उसका प्रयोग बर्जित होगा। मकर संक्रांति पर एसपीओ टीम को माननीय मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता ने प्रभारी अभय राज सिंह को उनके कार्य के लिये तारीफ की थीं उसी कड़ी मे आज बैठक में। एसीपी करछना अजीत सिंह चौहान द्वारा एसपीओ टीम की तारीफ की गयी और आगे सभी पर्व पर भी इसी तरह सुगमता पूर्वकं ड्यूटी देने के लिये प्रेरित किया गया।, और सभी एसपीओ सदस्य से जान पहचान की एवं हर तरह से आवश्यक एवं जरूरी मदद का अश्वासन दिया अभी मकर सक्रान्ति परं ही नैनी कोतवाली इन्चार्ज का पर्व को शकुशल सम्पन कराने मे योगदान कराने मे एसपीओ टीम को धन्यवाद प्रभारी को भेजा था, एसपीओ प्रभारी ने उनका आभार जताया, और कहा कि टीम एसपीओ हमेशा की भांति इस बार भी निस्वार्थ भाव से प्रशासन की और जनमानस की मदद कर रही है, यह आपकी पारखी नजर है जो आपने हमें और हमारी एसपीओ टीम को अपने बराबर काम करने के लिये धन्यवाद दिया, हम अपनी टीम के पदाधिकारी एवं सदस्यों के साथ हमेशा एसपी जमुनापार, क्षेत्राधिकारी करछना एवं प्रभारी निरीक्षक कोतवाली नैनी द्वारा दिये गये निर्देश का पालन करतें हैं।

### फिर लुढ़का पारा, ठंड हवाओं से बढ़ी ठिठुरन में अलाव बना सहारा



**शंकरगढ़।** मौसम विभाग के पूवार्नुमान के मुताबिक मौसम ने एक बार फिर कर-वट ले ली है। पहाड़ों पर हो रही बर्फबारी से न्यूनतम तापमान सामान्य से काफी नीचे चला गया है। हालांकि राहत वाली बात यह है कि दिन में धूप निकलने से थोड़ी राहत बनी हुई है, लेकिन धूप से हटते ही फिर से शरीर ठिठुरने लग जाता है। मंगलवार को न्यूनतम पारा पांच डिग्री सेल्सियस और अधिकतम तापमान 20 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। जबकि मकर संक्रांति के आसपास यही पारा ऊपर चला गया था।ठंड हवाओं के चलने से वातावरण में ठिठुरन बनी हुई है।वहीं सुबह कुछ ग्रामीण क्षेत्रों में कोहरे का भी असर देखने को मिला। हालांकि सुबह के आठ-नौ बजने तक वातावरण पूरी तरह से साफ हो गया। ठंड में इजाफा होने से रेलवे जंक्शन, बस स्टैंड, सार्वजनिक स्थलों में लोग कड़ी धूप निकलने तक अलाव के सहारे समय काटते नजर आए। इविवि के प्रो. शैलेंद्र राय ने बताया कि इन दिनों पहाड़ों पर भारी बर्फबारी हो रही है। उसी का असर उत्तर भारत के मैदानी इलाकों में देखने को मिल रहा है। बताया कि इस बर्फबारी के कारण आने वाले सप्ताहभर ऐसे ही मौसम बना रहेगा। यह मौसम खेती-किसानी के लिहाज से ठीक है। क्योंकि न्यूनतम पारा नीचे जरूर है, लेकिन फिलहाल के लिए प्रयागराज और आसपास के जनपदों में दिन में धूप निकल रही है।

# क्वालिटी चेक करने सीएचसी पहुंची लखनऊ के डाक्टरों की टीम

## सीएचसी शंकरगढ़ में मानक के अनुरूप नहीं मिलीं व्यवस्थाएं, दो-तीन महीने में फिर से जांच करने को अस्पताल आएगी टीम

अखंड भारत संदेश




**शंकरगढ़।** लखनऊ से आई चार डाक्टरों की टीम ने मंगलवार को सीएचसी शंकरगढ़ की स्वास्थ्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। जांच टीम ने अस्पताल के विभिन्न वार्डों, लेबर रूम, फामेर्सी, इमरजेंसी वार्ड, उपकरणों के साथ-साथ यहां उपलब्ध अन्य सुविधाओं का जायजा लिया। जांच के दौरान टीम को कई व्यवस्थाएं मानक के अनुकूल नहीं पाई गईं। इसकी रिपोर्ट जांच टीम के द्वारा शासन को प्रेषित की जाएगी। शासन ने शहर के अस्पतालों की सेहत सुधारने के साथ-साथ गांवों में भी स्थिति अस्पतालों की दशा सुधारने की दिशा में अहम कदम उठाया है। इसके लिए जनपद के सीएचसी शंकरगढ़ समेत कोरांव, बहरिया, मांडा के हास्पिटल को चयनित किया गया है। सीएचसी अधीक्षक डॉ अभिषेक सिंह ने बताया कि मंगलवार को चार सदस्यीय डॉक्टरों की टीम सीएचसी शंकरगढ़ पहुंची। जांच टीम के द्वारा सरकारी अस्पताल में उच्च क्वालिटी की सुविधा का सर्वे किया गया। टीम ने कहा, इलाज में स्टैंडर्ड गाइडलाइन का पालन किया जाए। मरीजों को कोई इंफेक्शन न होने पाए, इसके लिए एंटीसेप्टिक तरीके से मेडिकल ट्रीटमेंट किया जाए। प्रसव के दौरान भी मेडिकल के निर्धारित मानक का पालन किया जाए। चादर, तौलिया आदि सब स्वच्छ और विसंक्रमित होना चाहिए। जांच टीम ने बताया कि सीएचसी में मिली खामियों से शासन को अवगत कराया जाएगा। इसके बाद जिला स्तर पर इसके निमित्त ट्रेनिंग भी दी जाएगी। प्रत्येक दो से तीन माह के अंतराल पर टीम फिर से दौरा करेगी। लखनऊ से आई जांच टीम में डा. केके धवन, डा. वंदिता वत्स, डा. मृणालिनी, मनीष त्रिपाठी, सीएचसी अधीक्षक डा. अभिषेक सिंह, डा. संजय सिंह, बीडीएम अभिषेक मिश्र, बीएएम सुनील यादव, बीसीपीएम संजय प्राजपति समेत तमाम लोग रहे।

# मेवालाल की बगिया के पास रहने वाले रियल स्टेट कारोबारी से टप्पेबाजी

### रियल स्टेट कारोबारी से टप्पेबाजी, नकदी समेंत बंदूक का लाइसेंस किया पार

**नैनी।** कोतवाली क्षेत्र के कॉटन मिल तिराहे के पास सोमवार को जाने माने रियल स्टेट कारोबारी के साथ उचक्कों ने टप्पेबाजी कर ली। कार में मौजूद उनका ब्रीफकेस उचक्के उठा ले गए, जिसमें हजारों रुपए नकदी समेंत, बंदूक का लाइसेंस समेंत अन्य जरूरी कागजात मौजूद था। नैनी क्षेत्र मेवालाल की बगिया के पास रहने वाले रियल स्टेट कारोबारी हेमंत सिंधी सोमवार को अपनी ऑडी मर्सडीज कार से शहर की ओर जा रहे थे, कार ड्राइवर चला रहा था। जैसे ही कार कॉटन मिल तिराहे के पास पहुंची वैसे ही बाइक सवार एक युवक ने कार रुकवा ली और बोला कि उनकी कार के बोनट से धुंआ निकल रहा है, जैसे ही कारोबारी और ड्राइवर बाहर निकले उसी दौरान टप्पेबाज ने उनकी कार में रखा ब्रीफकेस गायब कर दिया। जिसमें 39 हजार रुपये नकद, बंदूक का लाइसेंस, आधार कार्ड समेंत अन्य जरूरी कागजात मौजूद थे। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौका मुआयना करते हुए पास लगे सीसीटीवी की मदद से टप्पेबाजों का पता लगाने में जुटी है। मामले में इंस्पेक्टर नैनी बृजेश सिंह ने बताया कि टप्पेबाजी की बात सामने आई है, लेकिन अभी तहरीर नही मिली है।

## खबर संक्षेप

### संगम नोज पर बही भक्ति गीतों की रसधार...

**प्रयागराज।** माघ मेला के महावीर मार्ग पर स्थित ऋंगी ऋषि आश्रम व वरुणाक्ष मानव सेवा ट्रस्ट में मंगलवार की शाम भजन संध्या का आयोजन किया गया। मध्यप्रदेश के रीवां के मऊगंज से आई महज 11 साल की राखी द्विवेदी ने तेरे दर पे ओ मैयाङ्क गाकर भजन संध्या की शुरूआत की।सिद्धेश्वर स्वामी ऋंगी ऋषि महाराज के आश्रम में अपराह्न 3 बजे से शुरू हुई भजन संध्या देर शाम तक चलती रही। संगम नोज पर सैकड़ों भक्तों के बीच राखी ने आगे सुनाया एक बार जो रघुवर की नजरों का इशारा हो जाए। इस भजन के बाद माहौल भक्तिमय हो गया। देर रात तक माहौल भक्ति भाव से सराबोर रहा।सिद्धेश्वर स्वामी ऋंगी ऋषि महाराज के आश्रम में अपराह्न 3 बजे से शुरू हुई भजन संध्या देर शाम तक चलती रही। संगम नोज पर सैकड़ों भक्तों के बीच राखी ने आगे सुनाया एक बार जो रघुवर की नजरों का इशारा हो जाए। इस भजन के बाद माहौल भक्तिमय हो गया। देर रात तक माहौल भक्ति भाव से सराबोर रहा।

# माघ मेले में धर्म परिवर्तन की साजिश का खुलासा

## मुस्लिम व हिंदू धर्म से जुड़ी आपत्तिजनक पुस्तकों के साथ तीन गिरफ्तार

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** माघ मेले में धर्मांतरण की साजिश के खेल का चौकाने वाला खुलासा हुआ है। पुलिस ने माघ मेला क्षेत्र से मुस्लिम साहित्य और हिंदू धर्म से संबंधित आपत्तिजनक लेख वाली 204 पुस्तकों के साथ तीन युवकों को गिरफ्तार किया है।एसपी क्राइम सतीश कुमार ने बताया कि इनके पास है जो पुस्तकें बरामद हुई हैं। वह माघ मेले में बेची जा रही थीं। उनमें कुछ ही हिंदुओं की पुस्तकें हैं। बाकी इस्लाम धर्म से जुड़ी हुई पुस्तकें हैं। हिंदू धर्म की इन पुस्तकों में जो श्लोक लिखे हुए थे। उनकी इन्होंने गलत व्याख्या की है, जिससे उनके इरादे संदिग्ध लगते हैं।पुलिस का यह भी कहना है कि गिरफ्तार तीन व्यक्तियों में से एक व्यक्ति एक मदरसे का शिक्षक है, जिसके तार अबू धाबी से जुड़े हुए हैं। जिस व्यक्ति को ये लोग यहां पुस्तक बेचते थे। उसकी फोटो और उसका मोबाइल नंबर ले लेते थे।उसकी फोटो और मोबाइल नंबर अबू धाबी भेज दिया जाता था, जहां उसे आर्थिक सहायता देने के बाद धर्म परिवर्तन के लिए प्रेरित किया जाता था।गिरफ्तार किए गए युवकों के नाम महमूद हसन गाजी, मोहम्मद मोनिश और समीर है। इसमें इनका सरगना महमूद हसन गाजी प्रयागराज के एक मदरसे का शिक्षक है। मोहम्मद मोनिश स्टूडेंट इस्लामिक आर्गनाइजेशन का सदस्य भी बताया जा रहा है।



### हिंदू धर्म से मुस्लिम धर्म अपना चुके हैं दो आरोपी

एसपी क्राइम ने बताया कि इनमें से पकड़े गए दो आरोपी कभी हिंदू थे। बाद में मुस्लिम धर्म अपना लिए थे। जिस व्यक्ति को निःशुल्क पुस्तकों को देते थे उनकी फोटो खींच लेते थे और उनका रिकॉर्ड अबू धाबी भेज देते थे।इनका टारगेट हिंदू धर्म स्थानों, मेलों आदि में जाकर धार्मिक पुस्तकों को बांटना है। ये करीब दो सालों से ऐसा कर रहे हैं। पूछताछ में जानकारी मिली है कि इनकों मदरसे का मौलाना महमूद हसन गाजी पुस्तकों को दते थे।

### हिंदू और मुस्लिम दोनों का रखते थे आधार कार्ड

एसपी क्राइम सतीश कुमार ने बताया कि दोनों गिरफ्तार मोहम्मद मोनिश और समीर के दो-दो आधार कार्ड पाए गए हैं। इनके पास पहले हिंदू के आधार कार्ड भी हैं और बाद में मुस्लिम धर्म अपनाने के बाद मुस्लिम धर्म का भी आधार कार्ड पाया गया है।पूछताछ में पता चला है कि अगर हिंदू धर्म स्थल पर जाते थे तो हिंदू का और मुस्लिम धर्म स्थल पर मुस्लिम आधार कार्ड दिखाते थे। ये दोनों काफी शातिर और टेक्नोसेवी हैं।

# अफसर बनकर आए कार सवार, डाक्टर से ले गए 1.5 लाख रुपये

अखंड भारत संदेश

**शंकरगढ़।** यमुनानगर के शंकरगढ़ थाना क्षेत्र में कार सवार जालसाजों ने मंगलवार को एक डाक्टर को 1.5 रुपये की चपत लगा दी।गोपनीय जांच के बहाने प्राइवेट डाक्टर की क्लीनिक पर पहुंचे युवकों ने खुद को सीआईबी का अधिकारी बताते हुए अपना लैपटाप खोलकर झोलाछाप की आड़ में दुकान की जांच करने लगे और तमाम खामियां बताकर एफआईआर दर्ज करवाने और जेल भेजने की धमकी दे डाली। फिलहाल मामले की शिकायत मिलने पर शंकरगढ़ पुलिस ने 419, 420 के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक शंकरगढ़ के सिंधी टोला मोहल्ले में डॉ सत्यरंजन एक दवा की दुकान (क्लीनिक) चलाते हैं। मंगलवार को दोपहर 12 बजे एक कार उनकी दवा की दुकान के सामने रुकी और उससे कुछ लोग उतरे। उनमें से एक व्यक्ति लैपटाप लेकर दुकान (क्लीनिक) के अंदर चला गया और सत्यरंजन को सीआईबी का अधिकारी बताते हुए दुकान की जांच की बात कही। सीबीआई का नाम सुनते सत्यरंजन के घिघ्घी बंध गई और उन्होंने ले-देकर मामले को सुलटाने की बात कही। इसके बाद सत्यरंजन ने 1.5 लाख रुपये का चेक भरा और अभियुक्त के साथ स्थानीय एसबीआई की शाखा जाकर रुपया निकलवाया। रुपया निकल जाने के बाद कार सवार दोनों जालसाज मौके से भाग निकले। दोनों के चले जाने के बाद डा. सत्यरंजन ने इस मामले में छानबीन शुरू की तो पता चला कि वह ठगी का शिकार हो गए हैं। एसओ मनोज कुमार सिंह ने बताया कि मामले में शिकायत के आधार पर सुसंगत धाराओं में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

# विकास भवन सभागार में सीएमओ की मौजूदगी में हुई जिला टीबी फोरम की बैठक

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** जिला टीबी फोरम की बैठक मंगलवार को विकास भवन सभागार में संपन्न हुई। यह बैठक टीबी कार्यक्रम प्रोजेक्ट डायरेक्टर एसके मौर्य और मुख्य चिकित्सा अधिकारी आशु पांडेय की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में प्रोजेक्ट डायरेक्टर डॉ एस.के मौर्या ने जनपद को क्षय रोग मुक्त बनाने के लिए किये जा रहे प्रयासों पर चर्चा की।सीएमओ ने कहा कि हर माह की 15 तारीख को जनपद की समस्त चिकित्सा इकाइयों पर मनाया जाएगा। आशा भ्रमण के दौरान सम्भावित टीबी मरीजों को हेल्थ एण्ड वेलनेस सेंटर पर लाकर सीएचओ के जरिए बलगम कलेक्शन उनकी जांच कराई जाएगी। उन्होंने सभी सूचकांकों की समीक्षा की गई। इसमें नोटिफिकेशन का बढ़ाने के लिए जसरा, कौड़िहार एवं जिला क्षयरोग नियंत्रण केन्द्र इकाई को निर्देशित किया। साथ ही डीबीटी का भुगतान शत प्रतिशत करने के लिए निर्देशित किया।



### निजी अस्पतालों से सहयोग की अपील

जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ ए.के तिवारी ने निजी क्षेत्र के समस्त निजी चिकित्सालयों, निजी प्रयोगशालाओं, निजी चिकित्सकों एवं समस्त औषधि विक्रेताओं के यहां उपचार एवं अन्य सुविधाएं प्राप्त करने वाले क्षय रोगियों को उनके नोटिफाई करने की सूचना प्रदान किये जाने पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि समय समय से इसकी सूचना विभाग को देनी आवश्यक है। इसके लिए निजी चिकित्सालयों, निजी प्रयोगशालाओं, निजी चिकित्सकों की संवेदीकरण बैठक भी करना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने गैर सरकारी संस्थाओं की ओर से टीबी मरीजों को लाभ देने को लेकर चर्चा की। उन्होंने कहा कि वर्ड विजन संस्था दूरस्थ क्षेत्रवासियों को क्षय रोग और सरकारी योजनाओं के प्रति जागरूक करे।

### मथुरा बांके बिहारी मंदिर के आसपास कॉरिडोर बनाने को लेकर याचिका पर अब 24 जनवरी को होगी सुनवाई

**प्रयागराज।** मथुरा में बांके बिहारी मंदिर के आसपास कॉरिडोर बनाने को लेकर इलाहाबाद हाईकोर्ट में चल रही सुनवाई अब 24 जनवरी को होगी। अनंत शर्मा व कई अन्य की तरफ से दाखिल याचिकाओं पर आज कोर्ट में सुनवाई होनी थी। परंतु सुनवाई शुरू होने से पूर्व ही कोर्ट के संज्ञान में यह बात लाई गई कि इसी मामले को लेकर 23 जनवरी को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई होनी है।चीफ जस्टिस राजेश बिंदल व जस्टिस जेजे मुनीर की खंडपीठ ने सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई की बात सामने आने पर इस जनहित याचिका को 24 जनवरी को सुनने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने कहा कि चूंकि सुप्रीम कोर्ट में 23 को इस मामले की सुनवाई होनी है इस कारण उसके बाद 24 जनवरी को हाईकोर्ट इस केस को सुनेगी।उत्तर प्रदेश सरकार के धर्मार्थ कार्य विभाग द्वारा बांके बिहारी मंदिर मथुरा में दर्शनार्थियों की सुविधाओं के लिए कारिडोर बनाने की योजना के खिलाफ आपत्तियां की गई है। जबकि याचिका दाखिल कर यह मांग की गई है की जन्मभूमि के आसपास व बांके बिहारी मंदिर में भगदड़ को रोकने के लिए सरकार की इस तरह की पहल जरूरी है।

# हाईकोर्ट से नहीं मिली राहत, नफीसा गैंग की रिट याचिका हुई खारिज

अखंड भारत संदेश



**प्रयागराज।** गोरखपुर पुलिस की कड़ी पैरवी के बाद नफीसा गैंग की मुश्किलें अब बढ़ गई हैं। क्योंकि हाईकोर्ट ने इस गैंग के रिट याचिका (रद्दद करने की याचिका) को खारिज कर दिया है। यानी कि इस गैंग के खिलाफ दर्ज मुकदमें की कार्रवाई अब जारी रहेगी। यह आदेश न्यायमूर्ति अंजनी कुमार मिश्रा और न्यायमूर्ति गजेंद्र कुमार की खंड पीठ ने दिया है। ऐसे में अब इस गैंग के सदस्यों की जल्द ही गिरफ्तारी हो सकती है।हालांकि, हाईकोर्ट ने रिट याचिका को खारिज करते हुए अपने आदेश में यह भी कहा है कि, याचिकर्ता सीआरपीसी की धारा 438 के तहत अग्रिम जमानत और उसके बाद एक आवदेन दाखिल कर सकता है। लेकिन, फिलहाल गैंग के सदस्यों को हाईकोर्ट से किसी तरह की राहत नहीं मिली है।

**गोरखपुर के एसएसपी को हाईकोर्ट ने किया था तलब :**

जबकि, इस मामले में दो सीओ की जांच रिपोर्ट के बाद केस तो दर्ज कर लिया गया, लेकिन गिरफ्तारी क्यों नहीं हुई? इसपर हाईकोर्ट ने बीते दिनों गोरखपुर पुलिस से जवाब मांगा था। जिसके बाद 18 अक्टूबर को इस मामले में एसएसपी गोरखपुर खुद हाईकोर्ट में हाजिर होकर जवाब दाखिल किए।

**झूठा केस दर्ज करा वसूली करता है गैंग :**

दरअसल, कैंपियरगंज के रहने वाले खालिद की शिकायत पर कैंट पुलिस ने 7 अगस्त 2022 को नफीसा समेत 7 लोगों पर झूठा मुकदमा दर्ज कराकर वसूली करने और फर्जी साक्ष्य एकत्र करने का मुकदमा दर्ज कराया। मुकदमा दर्ज होने के बाद नफीसा अपने गैंग के चार महिलाओं के साथ हाईकोर्ट पहुंच गई।

# नैनी के देवरख में अवैध प्लाटिंग पर फिर चला पीडीए का बुलडोजर

## मुक्त कराई गई 95 करोड़ की 30 बीघे जमीन, 15 दिन में 600 करोड़ की भूमि पर चला बुलडोजर

अखंड भारत संदेश

**नैनी।** यमुनानगर के नए नए इलाके में मंगलवार को प्रयागराज विकास प्राधिकरण पीडीए की ओर से अवैध प्लाटिंग करने वालों के खिलाफ एक बार फिर से अभियान चलाया गया। इसे 15 दिन में यह चौथी बार है, जब पीडीए और पुलिस की टीम में अवैध प्लाटिंग पर बुलडोजर चलाया है। अब तक अकेले देवरख इलाके में 200 बीघे पर हुई प्लाटिंग और बाउंड्रीवॉल पर बुलडोजर चलाया जा चुका है। अब तक करीब 600 करोड़ की भूमि पर अवैध प्लाटिंग को चिन्हित कर कार्रवाई की जा चुकी है।



प्रयागराज विकास प्राधिकरण के जोनल अधिकारी, नैनी पुलिस, अवर अभियंता श्रीरंग दुबे कुमार, कुंवर आनंद सिंह एवं पीडीए प्रवर्तन की टीम ने मंगलवार को देवरख उपरहार, अरैल में 30 बीघे पर हुई प्लाटिंग पर बुलडोजर चलवा कर बाउंड्री वाल को ध्वस्त करा दिया गया। यह प्लाटिंग रत्नेश सिंह, अजय सिंह, शशिकांत भारतीय उर्फ गुड्डू, विनय भारती एवं सुनील कुमार कंसल की ओर से प्रयागराज विकास प्राधिकरण की ओर से निर्धारित मानक को पूरा किए की गई थी, जो कि निर्धारित कानून के विपरीत थी। इसलिए इन पर कार्यवाही की गई है। इससे पहले बीजेपी नेता समय एक दर्जन से ज्यादा प्लाटरो की प्लॉटिंग पर बुलडोजर चलाया जा चुका है। मंगलवार को जो कार्रवाई हुई, उसमें तकरीबन 90 करोड़ की 30 बीघे प्लाटिंग को कब्जा मुक्त कराया गया है।

# शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद बोले : हिंदू देवी-देवताओं के अपमान वाली फिल्मों पर रोक लगाएगा धर्म सेंसर बोर्ड

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** धर्म सेंसर बोर्ड हिंदू देवी-देवताओं के अपमान वाली फिल्मों का निर्माण नहीं होने देगा। ऐसी फिल्मों के अलावा डाक्यूमेंट्री, वेब सीरीज व मनोरंजन के अन्य दृश्य माध्यमों पर इस बोर्ड के जरिये अंकुश लगाया जाएगा। ताकि, फिल्मों के नाम पर सनानत संस्कृति पर हमले को रोका जा सके। यह बातें मंगलवार को पहली बार माघ मेला शिविर में पहुंचे ज्योतिष्पीठाधीश्वर शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने कहीं।हाल ही में सैफ अली खान की फिल्म आदिपुरुष का ट्रेलर रिलीज होने के बाद धर्म जगत में आस्था पर हमले को लेकर तूफान खड़ा हो गया था। इसके बाद स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने धर्म सेंसर बोर्ड का गठन किया है। इस बोर्ड में धर्म-संस्कृति के क्षेत्र से जुड़े कई दिग्गजों को शामिल किया गया है। फिलहाल इस बोर्ड के अध्यक्ष की जिम्मेदारी शंकराचार्य स्वयं संभाल रहे हैं।माघ मेले में त्रिवेणी मार्ग पर स्थापित ज्योतिष्पीठ के शिविर में पहुंचने के बाद देर शाम उन्होंने अमर उजाला से धर्म सेंसर बोर्ड की रूपरेखा साझा की। बताया कि यह बोर्ड हिंदू देवी-देवताओं के अपमान या संस्कृति पर कुठाराघाट करने वाले किसी भी तरह के फिल्मांकन या वीडियो, ऑडियो के प्रसारण को रोकने के लिए मार्गदर्शक का काम करेगा।ज्योतिष्पीठाधीश्वर ने बताया कि 19 जनवरी को वह धर्म सेंसर बोर्ड की गाइड लाइन जारी करेंगे। पहली बार इस बोर्ड के जरिए हिंदू देवी-देवताओं के अपमान वाली फिल्मों का निर्माण न होने पाए, इसकी व्यवस्था दी जाएगी। उन्होंने कहा कि सस्ती लोकप्रियता के लिए सनातन संस्कृति को तोड़-मरोड़ कर प्रस्तुत करने वाली फिल्मों का निर्माण बर्दाश्त नहीं है।



### निर्मल गंगा की धारा के अलावा कुछ भी मंजूर नहीं

ज्योतिष्पीठाधीश्वर ने कहा कि गंगा निर्मलीकरण के लिए केंद्र-प्रदेश की सरकारों को ठोस उपाय करने चाहिए। हजारों करोड़ रुपये की योजनाएं बना देने भर से ही गंगा निर्मल नहीं हो जाएंगी। इसके लिए जमीनी हकीकत से भी सरकार को परिचित होना चाहिए। गंगा को टिहरी के बाद ही मूल प्रवाह से वंचित कर दिया जा रहा है। ऐसे में विकास के साथ बांध परियोजनाओं के विकल्पों पर बात होनी चाहिए। कहा कि इस बार मेले से वह माघ पर्व संदेश देशवासियों को देने का प्रयास करेंगे। इसके लिए सभी साधु-संतों से बातचीत की जाएगी।

### पांच दिवसीय मां शीतला कृपा महोत्सवम 29 से दो फरवरी को बाबा बागेश्वर धाम का लगेगा दिव्य दरबार

**मेजा रोड।** क्षेत्र के कुअँर पट्टी के सोनाभवन स्थित माँ शीतला मंदिर में माँ की 17 वीं प्राण प्रतिष्ठा जयंती प्रत्येक वर्ष की इस वर्ष भी पाँच दिवसीय माँ शीतला कृपा महोत्सवम के रूप में 29 जनवरी से मनाया जाएगा। उक्त आशय की जानकारी महोत्सवम के आयोजकगण प्रयागराज शुक्ल, अयोध्याराज शुक्ल, ब्रह्मदेव शुक्ल व जनसेवक इंद्रदेव शुक्ल उर्फ राजू भैया ने दी । राजू भैया ने बताया कि महोत्सवम कार्यक्रम 29 जनवरी रविवार से प्रारंभ होगा और 2 फरवरी को समापन होगा । उन्होंने बताया कि 29 जनवरी को भव्य शोभायात्रा और पञ्चाङ्ग पूजन,30 जनवरी सोमवार को बेदी रचना और मानस पारायण पाठ आरम्भ होगा,31 जनवरी मंगलवार को मानस पारायण का समापन, अभिषेक,भव्य आरती, छप्पन भोग, 1 फरवरी बुधवार को शिवशक्तिसमर्चा एवं लखराव व सवा लाख पार्थिविश्वर महादेव की विशाल पूजा और 2 फरवरी गुरुवार को पूणाहुति एवं विशाल भण्डारे का आयोजन होगा। राजू भैया ने बताया कि 2 फरवरी को ही 12 बजे से 3 बजे तक बाबा बागेश्वर धाम का दिव्य दरबार लगेगा ।






### सरस्वती शिशु मंदिर में सहभोज का किया गया आयोजन

अखंड भारत संदेश

**कौंधियारा।** मंगलवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ खंड जसरा की ओर से सामाजिक समरसता पर्व का आयोजन जारी सरस्वती शिशु मंदिर परिसर में किया गया। मकर संक्रांति के मौके पर राष्ट्रीय स्वंय सेवक संघ की ओर से सरस्वती शिशु मंदिर जारी परिसर में सामूहिक खिचड़ी भोज का आयोजन किया गया। जिला प्रचारक वक्ता आलोक जमुना पार ने कहा कि मकर संक्राति सामाजिक समरसता का संदेश देता है। उन्होंने कहा कि युवाओं को देश की संस्कृति को समझना जरूरी है। सहभोज मतभेद और छुआछूत को मिटाता है। इस दौरान खंड प्रचारक शंकरगढ़ आशुतोष ,जिला समरसता प्रमुख बजरंग बहादुर सिंह, वीरेंद्र जी, खंड कार्यवाहक जसरा शिव मोहन, सुरेश केसरवानी, सुधीर कुमार साहू, शैलेंद्र कुमार, नीरज श्रीवास्तव, संदीप गुप्ता, बाबूजी केसरवानी ,राजू केसरवानी, अंकुश केसरवानी ,बबलू वर्मा ,पप्पू अग्रहरी, धर्मेंद्र केसरवानी, दुखी कोल, लालाजी, बबलू केसरवानी, इत्यादि विकासखंड जसरा जारी के समस्त स्वयंसेवक संघ परिवार उपस्थित रहे।

### नैनी जेल प्रशासन पर गैर इरादतन हत्या का केस दर्ज एचआरसी के रिपोर्ट पर हुई कार्रवाई

**प्रयागराज।** मानवाधिकार आयोग की जांच रिपोर्ट के आधार पर दो साल पहले नैनी सेंट्रल जेल में बंद बंदी की मौत के मामले में सोमवार की देर रात जेल प्रशासन के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया है। मालूम हो कि हंडिया ऊपरदहा गांव निवासी सूरज चौहान (20) पुत्र उमराव को स्थानीय पुलिस ने 2019 एनडीपीएस की धारा में गिरफ्तार किया था। उसे जेल भेजा गया था। 29 जनवरी 2020 को तबीयत बिगड़ने पर उसे जेल प्रशासन ने एसआरएन में भर्ती कराया गया था।इलाज के दौरान 31 जनवरी 2020 को उसकी मौत हो गई थी। उस दौरान डॉक्टरों के पैनल ने उसका पोस्टमार्टम किया था, जिसमें शरीर में कई जगह चोट के निशान पाए गए थे। इस मामले में मानवाधिकार आयोग की ओर से जांच कराई थी।आयोग की रिपोर्ट के आधार पर सोमवार देर रात जेल प्रशासन के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का मुकदमा नैनी कोतवाली में दर्ज किया गया है। इंस्पेक्टर बृजेश सिंह ने बताया कि आयोग की रिपोर्ट के आधार पर मुकदमा दर्ज किया गया है। मामले की जांच पड़ताल कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# 6 माह से नहीं मिला मानदेय धरने पर बैठे गार्ड

**प्रयागराज।** तेज बहादुर सप्रू अस्पताल के गार्डों को पिछले छह माह से मानदेय नहीं दिया जा रहा है। इससे नाराज गार्ड आज मंगलवार को सीएमएस कक्ष के बाहर धरने पर बैठ गए। इससे अस्पताल की सुरक्षा व्यवस्था प्रभावित होने लगी। यह सभी गार्ड प्राइवेट एजेंसी जीत सिक्योरिटी की ओर से रखे गए हैं। गार्डों का कहना है कि जब भी यह मानदेय की बात करते हैं तो एजेंसी की ओर से इन्हें नौकरी से निकाल देने की धमकी दी जाती है। यही कारण है कि यह अपनी बात उच्चाधिकारियों तक नहीं कह पाते हैं। यहां करीब डेढ़ दर्जन गार्डों की तैनाती की गई है जो अस्पताल के गेट से लेकर अंदर वार्डों तक की सुरक्षा व्यवस्था संभालते हैं। अस्पताल प्रशासन के आश्वासन पर यह दोबारा काम पर लौट गए।

**मानदेय न मिलने से कैसे चलाएं परिवार का खर्च :** गार्ड कहते हैं कि कोरोना महामारी रही हो या अभी भीषण ठंड हम लोग दिन रात अपनी ड्यूटी कर रहे हैं। इसके बावजूद जब मानदेय की बात आती है तो उसमें भी कटौती कर ली जाती है। पिछले 6-6 माह से यहां के गार्डों को मानदेय नहीं मिल रहा है। इसके बावजूद वह सभी कार्य पर लगे हुए हैं। अस्पताल के अन्य कर्मचारियों से उधार ले-लेकर किसी तरह से परिवार का खर्च चला रहे हैं। एजेंसी की ओर से बताया जाता है कि अभी सरकार से बजट नहीं मिल रहा है तो वहीं अस्पताल प्रशासन का कहना है कि उनकी तरफ से प्रयास किया जा रहा है।

### सूचना

सूचित किया जाता है कि मैं अभिषेक कुमार गुप्ता निवासी 562/326 चक रघुनाथ नैनी प्रयागराज का निवासी हूं । यह कि मेरे पुत्र व पुत्री का स्कूली दस्तावेज में कृष्णा मोदनवाल व पुत्री तेजल मोदनवाल नाम अंकित हो गया है जो गलत है। सही नाम कृष्णा गुप्ता पुत्र अभिषेक कुमार गुप्ता व तेजल गुप्ता पुत्री अभिषेक कुमार गुप्ता होगा।

## आवास पात्रता सूची में हेर-फेर करने का आरोप

**लालगंज, प्रतापगढ़।** आवास पात्रता सूची के लाभार्थियों के नाम में हेर-फेर करने का आरोप सेक्रेटरी पर ग्रामीणों ने लगाया है। इस संबंध में आधा दर्जन पीड़ित परिवारो ने खंड विकास अधिकारी को शिकायती पत्र देकर मामले में इंसाफ की गुहार लगाई है। आसपुर देवसरा विकासखंड के सपहा छात गांव के रहने वाले शशि, चंद्रभान तिवारी, चंद्रमणितिवारी, राजमणि आज लोगों ने खंड विकास अधिकारी को शिकायती पत्र देकर अवगत कराया कि इन सभी का नाम प्रधानमंत्री आवास की पात्रता सूची में शामिल किया गया था लेकिन सेक्रेटरी ने मनमाने तरीके से पात्र लोगों का नाम काट करके अपने मन से कई लोगों का नाम जोड़ दिया जिससे लोगों में आक्रोश आ गया। सभी लोगों ने खंड विकास अधिकारी को इस संबंध में शिकायती पत्र दिया मामले के संबंध में जब खंड विकास अधिकारी आलोक पांडे आसपुर देवसरा से बात हुई तो उन्होंने बताया कि शिकायत मिली है।

# विशेष सचिव ने पहाड़पुर व देवली गोशाला का किया निरीक्षण, अधिकारियों को दिये आवश्यक निर्देश

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** निराश्रित गोवंशो के संरक्षण को प्रभावी बनाए जाने को लेकर जिले मे नियुक्त किये गये नोडल अधिकारी विशेष सचिव सामान्य प्रशासन लखनऊ रामकेवल ने मंगलवार को लक्ष्मणपुर ब्लाक के देवली व लालगंज ब्लाक के पहाडपुर स्थित गोआश्रय केन्द्रो का निरीक्षण किया।

विशेष सचिव ने देवली स्थित गोआश्रय केंद्र पर पहुंचकर मवेशियो के रहने की व्यवस्था के अन्तर्गत लगाए गए टिन शेडों मवेशियो के चारे की व्यवस्था के साथ ही उनके रख-रखाव हेतु अन्य संसाधनो की हकीकत खंगाली। वहीं विशेष सचिव ने गोबर से बनने वाले उपली कण्डा के बाबत भी जानकारी ली। यहां प्रधान प्रतिनिधि मनोज सिंह ने विशेष सचिव से गोआश्रय केन्द्रों



पहाडपुर स्थित गोशाला का निरीक्षण करते विशेष सचिव रामकेवल।

की समस्याओं को बताते हुए कहा कि गोशाला मे रखे गये मजदूरों का बकाया मानदेय सैंतीस लाख रुपए अभी तक नहीं मिल सका है। यहां मवेशियो की देखरेख के लिए छः हजार रुपए प्रतिमाह के मानदेय पर कुल पन्द्रह मजदूर रखे गये है। मवेशियो के लिए प्रतिमाह सात लाख रुपए का चारे पर खर्च आता है। गोआश्रय केंद्र मे बैरीकेटिंग हेतु अलग से धन आंवटन की मांग की गयी है जो अभी तक अधर मे है। विशेष सचिव ने डीएम व सीडीओ से बात कर समस्याओं से निजात दिलाने का भरोसा दिलाया। इस मौके पर बीडीओ लक्ष्मणपुर सत्यदेव यादव, आलोक पाण्डेय, अश्विनी यादव, सूर्यमणि शुक्ल, धीरज पाल, जयसिंह, रमाकांत आदि मौजूद रहे। इसके बाद विशेष सचिव लालगंज ब्लाक के पहाडपुर स्थित गोआश्रय केंद्र पहुंचे। यहां उन्होनें मवेशियो के संरक्षण के बाबत व्यवस्थाओं का बारीकी से निरीक्षण किया। विशेष सचिव ने पहाडपुर गोशाला मे तीन नये शेड, दो पानी की टंकी, बिजली की व्यवस्था आदि के लिए शासन को पत्र लिखने हेतु बीडीओ को निर्देशित किया। विशेष सचिव यहां मवेशियों के खाने हेतु भूसा, चूनी चोकर व हरा चारा आदि की व्यवस्था देख खुशी भी जतायी। इस मौके पर मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डा. बिरजू यादव, उप मुख्य चिकित्साधिकारी डा. कमलेश कुमार कबीर, डा. रत्नेश, डा. अशोक वर्मा, बीडीओ अश्विनी कुमार सोनकर, अविनाश सिंह राठौर, प्रधान प्रतिनिधि देवदत्त शुक्ल आदि मौजूद रहे।

## पासवार्ड जारी न करने से जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र के लिए भटक रहे ग्रामीण

अखंड भारत संदेश

**परियावां, प्रतापगढ़।** सरकार की मंशा के अनुरूप अभी भी ग्रामवासियो को जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र पाने के लिए इधर उधर भटक रहे है जिससे ग्रामीणों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मालूम हो विकास खंड कालाकांकर के ग्राम पंचायतों में बने मिनी सचिवालय में हाई फाई ब्यवस्था होने के बाद भी ग्रामवासियो को जन्म के साथ मृत्यु प्रमाण पत्र नही मिल पा रहा है जिसको लेकर ग्रामीणों में आक्रोश है।

इस बारे में जानकारी करने पर पता चला कि सीएमओ प्रतापगढ़ द्वारा जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र के लिए पासवर्ड जारी न करने से ग्रामीणों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है जब कि ऑन लाइन ब्यवस्था होने के बाद बिना पासवर्ड के प्रमाण पत्र नही मिल पा रहा है लगभग दो तीन महीने से लोग इधर उधर भटक रहे है और ब्लाक का चक्कर लगाते हुए कुंडली मारकर बैठ गए बिना जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र के ग्रामीणों का काम अधर में लटका हुआ पड़ा है सबसे ज्यादा बैंक के खाता धारकों को मुसीबत उठानी पड़ रही है। इस बाबत पूछने पर ग्राम विकास अधिकारी एवं आइएसबी ब्यास कुमार मौर्य ने बताया कि यह समस्या सीएमओ ऑफिस से बनी हुई है जो पासवर्ड नही भेज रहे है जिससे लोगो की समस्या बनी हुई है ऑफिस में क्लर्क लक्ष्मण से कहा गया लेकिन अभी तक ब्लाक मुख्यालय के पँचायत सचिवों को पासवर्ड नही भेजा गया। दो तीन महीने से ग्रामवासी सबसे ज्यादा मृत्यु प्रमाण पत्र के लिए परेशान हो रहे है। ग्रामीणों ने जिला मुख्य चिकित्साधिकारी से इस समस्या से निजात दिलाने के लिए ध्यान आकृष्ट कराया है।

## एएसपी को व्यापार मण्डल ने किया सम्मानित

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के जिलाध्यक्ष राजेंद्र कुमार केसरवानी के नेतृत्व में प्रतिनिधि मंडल ने जनपद के पुलिस क्षेत्राधिकारी नगर सुबोध गौतम के पदोन्नति पाकर अपर पुलिस अधीक्षक बनने की खुशी में उन्हें शुभकामना व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

इस दौरान पाधिकारियों ने अपर पुलिस अधीक्षक सुबोध गौतम से कहा कि आपके सर्वोच्च, सफल एवं उत्कृष्ट कार्यो के फलस्वरूप शासन-प्रशासन द्वारा पुलिस उपाधीक्षक से प्रोन्नति कर



फोटो 5-एएसपी को सम्मानित करते व्यापार मण्डल के पदाधिकारी।

अपर पुलिस अधीक्षक बनाए जाने पर व्यापार मंडल प्रसन्नचित है। इस मौके पर जिलाध्यक्ष के साथ मुख्य रूप से प्रांतीय उपाध्यक्ष राम शंकर जायसवाल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष लखन बाबा, जिला महामंत्री संजय सोनी, अभय खंडेलवाल, कृष्ण मोहन केसरवानी, सरदार महेंद्र सिंह, राहुल केसरवानी, सरदार वसिंदर सिंह आदि अन्य लोग मौजूद रहे।

## निःशुल्क राशन लेने के लिए कार्डधारकों की लगी भीड़

**परियावां, प्रतापगढ़।** विकास खंड कालाकांकर की ग्राम पंचायत परियावां में निःशुल्क चावल व गेंहू लेने के लिए मंगलवार की सुबह कोटेदार प्रतिनिधि धीरज जायसवाल की दुकान पर सुबह से ही कार्डधारकों की अच्छी खासी भीड़ जमा हो गई सभी राशन पाने के लिए अपनी बारी का इंतजार करते दिखाई दिए जनवरी से दिसम्बर तक बिना पैसे के राशन वितरण करने का केंद्र व प्रदेश सरकार ने आदेश जारी किया जिसमें सोमवार की शाम को गेहूं की निकासी मिल जाने के बाद राशन वितरण शुरू कर दिया जो बुधवार की शाम 8 बजे तक वितरण करके मशीन बन्द हो जाएगी जिससे बचे हुए लोगो को राशन मिलना मुश्किल हो जाएगा। राशन वितरण इलेक्ट्रानिक कांटा की जगह कांटा बाट से तौल कर वितरण किया जा रहा है जिससे लोगो को आपत्ति हो रही है जब कि आस पास के कोटेदार इलेक्ट्रानिक कांटा से कार्डधारकों को राशन वितरण कर रहे है।

# स्वच्छ सर्वेक्षण की टीम को आगमन को लेकर नगर पालिका ने सफाई पर कसी कमर

## अधिशाषी अधिकारी ने सफाई सुपरवाइजरों को दिये टिप्स

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** स्वच्छ भारत मिषन के तहत होने वाले स्वच्छ सर्वेक्षण में इस बार बाजी मारने के लिये नगर पालिका ने कमर कस ली है। मंगलवार को नगर पालिका परिसर के सभागार में सभी सफाई सुपरवाइजरों की बैठक में नगर पालिका के अधिषाषी अधिकारी राम अचल कुरील ने सफाई के टिप्स दिये और कहा कि शहर की सफाई में कहीं भी कोई चूक न होने पाए।

नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी राम अचल कुरील के नेतृत्व में मंगलवार को स्वच्छ सर्वेक्षण 2023, गार्बेज फ्री



नगर पालिका सभागार में आयोजित बैठक में बोलते ईओ राम अचल कुरील।

सिटी से संबंधित एक बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें अधिशासी अधिकारी ने सभी सुपरवाइजरों को निर्देशित किया कि स्वच्छ सर्वेक्षण की टीम कभी भी निरीक्षण करने आ सकती है, जिससे स्वच्छता का विशेष ध्यान देने की बात कही। सफाई एवं खाद निरीक्षक संतोष कुमार सिंह ने बताया कि कहीं भी कूड़ा सड़क पर न दिखे, नाले नालियों की साफ सफाई बेहतर हो जिससे प्रतापगढ़ की रैंकिंग पहले नंबर पर हो। स्वच्छ भारत मिशन के डी सी आशीष मिश्रा ने बताया कि कूड़े का पृथकीकरण कर के ही कूड़ा लिया जाय और कूड़ा कूड़ेदान में ही डाला जाए, साथ ही पूरा प्रतापगढ़ प्लास्टिक मुक्त भी हो। इस बैठक में राजस्व निरीक्षक लाल बहादुर, राजेश बिन्द, सफाई प्रभारी प्रशांत सिंह, राजेन्द्र प्रसाद यादव तथा सभी सुपरवाइजर मौजूद रहे।

## थाने से गायब युवती को पुलिस ने किया बरामद

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** पुलिस को चकमा देकर थाने से फरार हुई युवती को पुलिस ने बरामद किया हैं । सांगीपुर इलाके की एक युवती शुक्रवार की शाम घर से लापता हो गयी थी। मामले मे युवती के पिता ने गांव के ही एक युवक के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी थी। सूचना पर पुलिस युवक को हिरासत मे लेकर थाने ले आयी और पीडित परिवार को बुलाकर पूछताछ कर रही थी। मामले मे पूछताछ के बाद पुलिस ने आरोपित अमृतलाल के खिलाफ अपहरण का मुकदमा दर्ज किया है।

इसके बाद युवती को बीते सोमवार को मेडिकल परीक्षण के लिए पुलिस थाने ले आयी थी। यहां से शाम को वह पुलिस को चकमा देकर फरार हो गयी। एसओ जितेन्द्र सिंह ने बताया कि मंगलवार की सुबह छः बजे युवती को राजमतीपुर तिराहे से दरोगा घनश्याम ने बरामद किया है। वह कहीं जाने की फिराक में वाहन का इंतजार कर रही थी। युवती को मेडिकल परीक्षण के लिए जिला अस्पताल भेजा गया है।

## नेवादा में समरसता खिचड़ी भोज में दिया गया भाईचारे का संदेश

### खिचड़ी भोज में शामिल हुए सांसद व भाजपाई

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** समरसता खिचड़ी भोज समाज के हर-वर्ग के लोगों के बीच आपसी प्रेम सद्भाव को मधुर बनाने का एक माध्यम है। उक्त बातें सांसद संगम लाल गुप्ता ने सांगीपुर क्षेत्र के नेवादा गांव में मंगलवार को श्रीनाथ सरोज के द्वारा आयोजित समरसता खिचड़ी भोज कार्यक्रम में कही।सांसद ने कहा कि आज लोग जाति-धर्म के नाम पर जनता को बहला कर अपना स्वार्थ बनाने में समाज के लोगो को बांटने का काम कर रहें है। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को संदेश देते हुए कहा की समाज को



समरसता खिचड़ी भोज में प्रसाद ग्रहण करते सांसद संगम लाल गुप्ता व अन्य।

जाति-धर्म के ऊपर उठकर कार्य करना होगा और आपस में भाई-चारा व प्रेम से ही विकास की गाथा को लिखा जा सकता है।इस दौरान सांसद ने समरसता खिचड़ी भोज में आए लोगों की समस्याएं भी सुनी और उनके निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को दिशा-निर्देश भी दिया। इसके पश्चात सांसद हर्षपुर स्थिति एक विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने विद्यालय को हर संभव मदद करने का वादा किया। इस मौके पर ओम प्रकाश पांडेय गुड्डू, नागेश प्रताप सिंह छोटे सरकार, भाजपा जिला मंत्री अजय वर्मा, रब्बानी, शुभम सिंह, अभिषेक सिंह, विजय वर्मा, सीता राम सरोज,देवेंद्र मिश्र गट्टे, नोबुल तिवारी, रामलखन यादव, शिवराम सरोज आदि मौजूद रहे।

## नई व्यवस्था में अब हर माह की पहली तारीख को वेतन पायेंगे परिषदीय शिक्षक, खुशी

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** जिले के परिषदीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक विद्यालयों मे कार्यरत शिक्षको एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों को अब हर माह की पहली तारीख को वेतन मुहैया हो सकेगा। प्रदेश के महानिदेशक स्कूली शिक्षा के फरमान मिलने पर जिले के बीएसए भूपेन्द्र सिंह ने इस बाबत कडे निर्देश जारी करते हुए कहा है कि वेतन भुगतान की प्रक्रिया विलंबित होने पर जिम्मेदारो के खिलाफ कडी कार्रवाई की जाएगी। बीएसए का फरमान यहां पहुंचा तो खण्ड शिक्षा अधिकारी प्रभाकर यादव ने इसे अमल मे लाए जाने के लिए सभी प्रधानाध्यापको को शिक्षको की उपस्थिति शासन के फरमान के मुताबिक मानव सम्पदा पोर्टल पर अपलोड कर लॉक करने के मंगलवार को आदेश दिया है। बीएसए भूपेन्द्र सिंह द्वारा जारी आदेश के तहत अभी तक शिक्षको की उपस्थिति का ब्यौरा प्रधानाध्यापको द्वारा माह की इक्कीस से पचीस तारीख तक पोर्टल पर अपलोड कर लाक करना होता था। नए फरमान के तहत यह प्रक्रिया अब प्रधानाध्यापक हर माह की इक्कीस से तेईस तारीख तक ही सुनिश्चित करेंगे। इसके बाद चैबीस से पचीस तारीख तक विकासखण्ड के खण्ड शिक्षा अधिकारियों को ब्यौरे की जांच कर बीएसए कार्यालय अनिवार्य रूप से अग्रसारित करना होगा। बीएसए ने दिये गये आदेश मे कहा है कि वित्त एवं लेखाधिकारी बेसिक शिक्षा माह के छब्बीस से उन्तीस तारीख के मध्य शिक्षको एवं शिक्षणेत्तरकर्मियों की उपस्थिति का ब्यौरा हर हाल मे कोषागार भेज देंगे। इस प्रकिया के तहत अब हर माह की पहली तारीख को वेतन भुगतान सुनिश्चित हो सकेगा।

## भगवान की कथा जीवन के कल्याण का है सुगम मार्गः देवी रश्मि

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** नगर मे हो रही श्रीमदभागवत कथा ज्ञानयज्ञ में तीसरे दिन मंगलवार को श्रद्धालुओं का समागम दिखा। कथाव्यास श्रीधाम वृंदावन से पधारीं देवी रश्मि किशोरी जी ने कहा कि जीवन मे कल्याण के लिए भगवान की कथा ही सबसे सुगम और सरल हुआ करती है। उन्होने कहा कि भगवान की कथा को सुनकर उसे जीवन मे अपनाने वाले प्राणी को कभी भी संकट का सामना नही करना पड़ता। देवी रश्मि किशोरी जी ने कहा कि श्रीमदभागवत ज्ञान यज्ञ का तत्व दर्शन जीव के कल्याण के साथ सच्चाई के मार्ग तथा अधर्म से संघर्ष मे ही निहित है। उन्होने श्रद्धालुओं को भागवत कथा के महात्म्य के संदर्भ में बताया कि भगवान श्रीकृष्ण ने जीवन के सुचितापूर्ण वैभव को बनाए रखते हुए लोकमंगल का भी इसी कथा मे मार्ग सुझाया है।

कथा को सुनने के लिए इधर सोमवार की देर शाम क्षेत्रीय विधायक आराधना मिश्रा मोना भी मण्डप मे पहुंची। यहां उन्होने क्षेत्रीय लोगों की ओर से कथाव्यास देवी रश्मि किशोरी जी का सारस्वत सम्मान किया। वहीं सार्वजनिक क्षेत्र मे कल्याणकारी मिशन के लिए कथाव्यास ने विधायक मोना को मंगलाशीष सौपे। कथा की संयोजिका मालती देवी एवं अनिल कुमार ने कथाव्यास का श्रीअभिषेक किया। इस मौके पर राजेश मोदनवाल, रीता देवी, अधिवक्ता शुभम, संतोष द्विवेदी, सुनील कुमार गुप्ता, निधि मोदनवाल, राज मोदनवाल, नेहा, स्नेहा, शिव देवी, रामसेवक, बब्लू, प्रमोद, दिलीप, विनोद, राधेश्याम, उदयशंकर दुबे, सुनील तिवारी, पं. श्रीकृष्ण तिवारी व नीरज सिंह आदि रहे।

## प्रधानों ने सौंपा प्रधानमंत्री को संबोधित बीडीओ को ज्ञापन

**लालगंज, प्रतापगढ़।** अखिल भारतीय प्रधान संगठन की लालगंज ब्लाक इकाई के पदाधिकारियो ने प्रधानो की मांगो को लेकर पीएम को संबोधित ज्ञापन यहां खण्ड विकास अधिकारी को सौंपा। संगठन के ब्लाक अध्यक्ष भूपेन्द्र कुमार यादव की अगुवाई मे सौपे गये ज्ञापन मे सहायक सचिव, शौचालय केयर टेकर की ग्राम पंचायतो की तैनाती के साथ प्रधानो को मानदेय दिये जाने की प्रधानमंत्री से आवाज उठायी गयी है। वहीं ज्ञापन में प्रधानों व क्षेत्र पंचायत सदस्यो तथा जिला पंचायत सदस्यों की सहभागिता मे पंचायतो से जुडी समस्याओं के समाधान के लिए जनपद स्तर पर डीएम व एसपी की अध्यक्षता मे पंचायत दिवस भी शुरू कराए जाने की प्रधानों ने मांग उठाई है। ज्ञापन मे यह भी कहा गया है कि जनता द्वारा निर्वाचित प्रधानो को किसी भी दशा मे सरकारी हतोत्साहन नही किया जाना चाहिए। ज्ञापनदाताओं मे पड़री प्रधान कमलेश, धधुआगाजन प्रधान आशुतोष जायसवाल, परसपुर प्रधान बीना पाल, गौखाडी प्रधान आदित्य गुप्ता, देल्हूपुर प्रधान उदय सिंह, प्रधान बृजेश वर्मा आदि रहे।

## विद्वान-शिक्षाविद् का हुआ सारस्वत अभिनन्दन

### काव्य संगोष्ठी एवं सम्मान समारोह आयोजित

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** सृजना साहित्यिक संस्था उत्तरप्रदेश द्वारा सृजनाकुटीर, अजीतनगर प्रतापगढ़ में सरस काव्य संगोष्ठी एवं सम्मान समारोह आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि तिलक इंटर कालेज प्रतापगढ़ के पूर्व प्रधानाचार्य विद्वान शिक्षाविद् पं० शीतला प्रसाद त्रिपाठी रहे।

गौरतलब है कि पं० शीतला प्रसाद त्रिपाठी आयोजक डॉ० दयाराम मौर्य रत्न के पूज्य गुरू हैं। उन्होंने हाईस्कूल तथा इंटर कक्षाओं में डॉ० रत्न को पढ़ाया था। डॉ० रत्न तथा उपस्थित प्रबुद्धजनों ने शिक्षाविद् पं० शीतला प्रसाद त्रिपाठी का सारस्वत अभिनन्दन किया।




शिक्षाविद् को सम्मानित करते अतिथिगण।

उपस्थित कवियों श्रीनाथ मौर्य सरस, कुंजबिहारी लाल मौर्य काकाश्री, रीतिका मौर्यश रीतूश, संध्या सिंह, राधेश्याम दीवाना, अनिल कुमार निलय ने सरस काव्य पाठ करके तालियां बटोरीं। संचालन छात्रा-कवयित्री संध्या सिंह ने किया। मुख्य अतिथि के रूप में विद्वान शिक्षाविद् पं० शीतला प्रसाद त्रिपाठी ने कहा कि शिक्षा और साहित्य से समाज में सुख-शांति बढ़ती है। अंतरू दोनों के प्रसार को तीव्र करना चाहिए। अध्यक्षता कर रहे वरिष्ठ साहित्यकार डॉ० दयाराम मौर्य श्रत्नश्ने कहा कि उत्कृष्ट शिक्षण कर सच्चे गुरुओं ने शिष्यों को ज्ञानवान बनाया है। संसार में जो कुछ ज्ञान है वह गुरुओं की देन है। गुरुओं की पूजा की जानी चाहिए। ट्रस्टी आनन्द मोहन ओझा ने कहा कि बड़े -बुजुर्गों की सेवा से समाज खुशहाल बनता है। इस अवसर पर मीना मौर्य, सिद्धांत शेखर, आनन्द, आकाश आत्माराम सहित प्रबुद्धजन मौजूद थे।

## दुर्घटना में युवक की मौत पर गैरइरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** टैज्क्टर की टक्कर से घायल बाइक सवार की हुई मौत की घटना पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। सांगीपुर थाना के सरूआ गांव निवासी अजीत वर्मा 20 पुत्र शिव प्रसाद वर्मा बीते सोमवार की शाम बाइक से दीवानगंज बाजार गया हुआ था। पडोसी गांव के साथी अमरेश सरोज के घर पर आयोजित कार्यक्रम मे शामिल होने के लिए वह ददन के साथ सामान लेकर बाइक से घर जा रहा था। पूरे नेवाजी के पास टैज्क्टर की टक्कर से घायल हो गया था। सांगीपुर सीएचसी मे चिकित्सको ने उसे मृत घोषित कर दिया था। घटना को लेकर मृतक के पिता की तहरीर पर पुलिस ने टैज्क्टर मालिक अवधेश वर्मा पुत्र बाबूलाल वर्मा तथा चालक झुग्गीलाल पुत्र जगन्नाथ के खिलाफ गैरइरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज किया है।

## वांछित को पुलिस ने दबोचा

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कोतवाली पुलिस ने दहेज उत्पीडन के आरोपी को गिरफ्तार कर मंगलवार को जेल भेज दिया। लालगंज कोतवाली के दरोगा शिशिर ने मुखबिर की सूचना पर मंगलवार की दोपहर दहेज उत्पीडन की घटना के आरोपी जलेशरगंज निवासी मो. समीर को उसके घर के समीप से धर दबोचा। दरोगा ने बताया कि आरोपित को जेल भेज दिया गया है।

## कार की टक्कर से युवक घायल, रेफर

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** साइकिल से लालगंज की ओर आ रहे मजदूर अज्ञात कार की टक्कर से घायल हो गया।

बिहार प्रदेश के वैशाली जनपद अन्तर्गत अफजलपुर पुरैना थाना पातेपुर निवासी अभयराज 32 पुत्र रामपित राय यहां सरस्वती डिग्री कालेज लालगंज में मजदूरी करता है। बीते सोमवार की रात करीब आठ बजे वह साइकिल से किसी कार्य से लालगंज चैक की ओर आ रहा था। विद्युत पावर हाउस के पास अज्ञात कार ने जोरदार टक्कर मार दिया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। आसपास के लोगों ने उसे इलाज के लिए ट्रामा सेंटर लालगंज भेजवाया। यहां हालत गंभीर देख चिकित्सको ने उसे इलाज के लिए स्वरूपरानी अस्पताल प्रयागराज रेफर कर दिया है।

## पानी की टंकी उठा ले गये चोर

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कोतवाली लालगंज अर्न्तगत प्राथमिक विद्यालय रामगढ़ रैला में अज्ञात चोर पानी की टंकी उठा ले गये। प्रधानाध्यापिका गायत्री मिश्रा ने पुलिस को दी गई तहरीर मे कहा है कि विद्यालय में इक्तीस दिसंबर 2022 से पन्द्रह जनवरी, 2023 तक शीतकालीन अवकाश था। इसी दौरान किसी दिन अज्ञात चोर विद्यालय में बने दिव्यांग शौचालय पर रखी गयी पानी की टंकी चोरी कर उठा ले गये। कोतवाल कमलेश पाल का कहना है मामले की जांच कर उचित कार्रवाई की जाएगी।

## सात दिवसीय संगीतमयी श्रीराम कथा 22 जनवरी से

**प्रतापगढ़।** महामहिम राष्ट्रपति द्वारा राष्ट्रीय शिक्षक सम्मान से सम्मानित प्रधानाचार्य स्व. अशोक कुमार तिवारी की छठवीं पुण्यतिथि पर उनकी स्मृति में 22 जनवरी 2023 से 29 जनवरी 2023 तक दिन में 3 बजे से 6 बजे तक अशोक कुंज, पश्चिमी सहोदरपुर नया माल गोदाम रोड प्रतापगढ़ में चिन्मय मिशन इंदौर के प्रमुख आचार्य स्वामी प्रबुद्धानंद सरस्वती जी की वाणी में संगीतमयी श्रीराम कथा का आयोजन होगा, जिसमें स्वामी प्रबुद्धानंद सरस्वती के द्वारा प्रभु श्रीराम के विषय में विभिन्न जीवनोपयोगी बातों को क्रमबद्ध रूप से बताया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### दो वांछित अभियुक्त चोरी के सामान के साथ गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना सैनी पुलिस बल द्वारा दो वांछित अभियुक्तों रिकू पुत्र शिव प्रकाश निवासी पटेल नगर थाना कोतवाली फतेहपुर व मो0 सैफ पुत्र बाबूजान निवासी मोहब्बतपुर कला थाना थरियांव जनपद फतेहपुर को चोरी के पिकअप ( वढ 71 अळ 7898) एक भैंस व 1500 रुपए के साथ गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्तों को न्यायालय भेज दिया है।

### वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** थाना कोखराज पुलिस बल द्वारा वारंटी अभियुक्त विनोद पासी पुत्र बढी निवासी मलाक भायल थाना कोखराज को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है।

### वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना करारी पुलिस बल द्वारा वांछित अभियुक्त मुलायम सिंह यादव पुत्र स्व0 भैयालाल निवासी बदलेपुर थाना करारी को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है।

# नोडल अधिकारी ने गौशाला एवं गौवंश संरक्षण से सम्बन्धित समीक्षा कर दिये दिशा निर्देश

अखंड भारत संदेश





बैठक करते नोडल अधिकारी तथा उपस्थित विभिन्न विभाग के अधिकारी

**कौशाम्बी।** नोडल अधिकारी विशेष सचिव, राजस्व विभाग,उ0प्र0 अनुराग पटेल द्वारा मंगलवार को उदयन सभागार में गौशाला एवं गौवंश संरक्षण से सम्बन्धित समस्त बिन्दुओं की समीक्षा की गई। बैठक में नोडल अधिकारी विशेष सचिव ने सभी खण्ड विकास अधिकारियों एवं पशु चिकित्सा अधिकारियों को सहभागिता योजना के तहत अधिक से अधिक लोंगों को गौवंश सुपुर्द करने के निर्देश देते हुए कहा कि लक्ष्य के सापेक्ष प्रगति सुनिश्चित किया जाय। इसके साथ उन्होंने जिला कार्यक्रम अधिकारी से समन्वय कर कुपोषित बच्चों के परिवारों को गोवंश दिये जाने के कार्य में प्रगति लाने के निर्देश देते हुए कहा कि सहभागिता योजना के लाभार्थियों को निर्धारित धनराशि का भुगतान समय से सुनिश्चित किया जाय। उन्होंने प्रत्येक गौशाला के लिए नोडल अधिकारी नामित करने के निदेश देते हुए कहा कि नोडल अधिकारी द्वारा नियमित रूप से गौशाला का निरीक्षण कर सभी आवश्यक व्यवस्थायें सुनिश्चित करायी जाय। नोडल अधिकारी/विशेष सचिव ने कहा कि गौशालाओं में गौवंशों को ठण्ड से बचाव के लिए समुचित व्यवस्था एवं भूसा-चारा की पर्याप्त व्यवस्था हर समय सुनिश्चित किया जाय तथा सभी गौशालाओं के लिए हरे-चारे की व्यवस्था भी शीघ्र सुनिश्चित किया जाय। उन्होंने कहा कि सभी गौवंशों की ईयर टैंगंग एवं टीकाकरण शत-प्रतिशत सुनिश्चित किया जाय तथा पशु चिकित्साधिकारियों द्वारा गौशालाओं का नियमित रूप से निरीक्षण कर गौवशों की स्वास्थ्य की जॉच किया जाय। उन्होंने कहा कि बडे गौशालाओं में जहॉ पर अधिक गौवंश संरक्षित है, उन गौशालाओं में दवाखाना खोली जाय। उन्होंने गौशालाओं में साफ-सफाई एवं प्रकाश की बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित करने के साथ ही केयर टेकरों का भुगतान समय से करने के निर्देश दिये। उन्होंने भूसा दान के माध्यम से प्राप्त करने के लिए आवश्यक कार्यवाही पहले से ही करने के निर्देश दिये। नोडल अधिकारी/विशेष सचिव द्वारा कैटिल कैचर की स्थिति, गौ-आश्रय स्थल एवं संरक्षित गौवंशों की समीक्षा के दौरान मुख्य पशु चिकित्साधिकारी ने बताया कि जनपद में 04 कैटिल कैचर उपलब्ध है तथा विकास खण्ड स्तर पर कैटिल कैचर क्रय करने की कार्यवाही 15 दिन के अन्दर पूर्ण हो जायेगी तथा जनपद में अब तक 13864 गौवंश संरक्षित है, शेष गौवंशों को शीध्र ही संरक्षित कर लिया जायेंगा। उन्होंने बताया कि जनपद में 73 अस्थायी गौ-आश्रय स्थल क्रियाशील एवं 13 निमार्णाधीन है तथा 06 बृहद गौ-संरक्षण केन्द्र प्रस्तावित है, जिसमें में 04 क्रियाशील एवं 02 निमार्णाधीन है इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी जयचन्द्र पाण्डेय एवं उप जिलाधिकारी मंझनपुर श्री प्रखर उत्तम सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## न्यूज झरोखा

### खलियानी नम्बर में अवैध निर्माण कर रहे दबंगों पर कार्यवाही कर खाली करने का तहसीलदार ने दिया निर्देश



**कोखराज कौशाम्बी।** कोखराज क्षेत्र के करेंटी ग्राम सभा में दबंगो द्वारा पहले बालू गिट्टी रख कर सरकारी जमीन पर कब्जा किया गया फिर खलियानी नम्बर पर अपनी गुंडागर्दी से कब्जा सुरु कर दिया जिसकी सूचना ग्रामीणों ने कानून गो लेखपाल से की जिसकी कार्यवाही करने के लिए मौके पर तहसीलदार व लेखपाल पहुँचे और ग्राम प्रधान व लेखपाल को नोडिया करेंटी की खलियानी नम्बर 292 में व तलाबी नम्बर में अवैध निर्माण कर रहे लोगों को कार्यवाही कर जमीन से अतिक्रमण हटाने व खाली करने का सिराथू तहसीलदार ने ग्राम प्रधान व लेखपाल का आदेश दिया और खलियानी नम्बर से बालू गिट्टी भी खाली करने को कहा गया।

### नेशनल इंटर कालेज में सड़क सुरक्षा माह के तहत जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**भरवारी कौशाम्बी।** जिले के भरवारी कस्बा स्थित नेशनल इंटर कॉलेज में सड़क सुरक्षा माह के तहत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जागरूकता कार्यक्रम में परिवहन विभाग द्वारा सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत कालेज के एनसीसी छात्रों को सड़क सुरक्षा के नियम के बारे में बताया गया तथा सड़क सुरक्षा से संबंधित शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर अफ्ळड तारकेश्वर मल्ल, कालेज के प्रबंधक रवि नारायण तिवारी, प्रधानाचार्य कलीम अहमद, वरिष्ठ शिक्षक भुनेश्वर तिवारी एवं एनसीसी एएनओ लेफ्टिनेंट पंकज कुमार उपस्थित रहें।

### संकल्प परिवार की ओर से सुंदरकांड विशाल भंडारे का आयोजन




**भरवारी कौशांबी।** प्रयागराज जनपद के हनुमान मंदिर परिसर सूबेदार गंज में संकल्प परिवार कालिंदीपुरम राजरूप पुर की ओर से मकर संक्रांति के पावन पर्व पर सुंदरकांड का संगीतमय पाठ और विशाल भंडारे का आयोजन किया गया है इस भक्ति मयी कार्यक्रम में पंडित श्री सीडी त्रिपाठी और पंडित राम दास अयोध्या के द्वारा सुंदरकांड पाठ का कार्यक्रम आयोजित किया गया है कार्यक्रम में राकेश श्रीवास्तव हनुमत सिंह संजय सिंह रवि निगम राजू सिंह आर यस सिंह अरमिरदन सिंह पंकज श्रीवास्तव राजेश पुरवार कल्याण जी रुपेश निगम अरुण श्रीवास्तव सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

### निरोधात्मक कार्यवाही मे 07 अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** जनपद में अपराध एंव अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में साधारण मारपीट व शांति भंग करने के आरोप में थाना मंझनपुर से दो थाना महेवाघाट से एक थाना सैनी से तीन थाना मोहब्बतपुर पइन्सा से एक कुल 07 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर चालान न्यायालय किया गया।

**शराब के साथ अभियुक्त गिरफ्तार** : कौशाम्बी जनपद में अवैध शराब के निर्माण एवं तस्करी के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान में थाना संदीपन घाट पुलिस बल द्वारा अभियुक्त धर्मेन्द्र कुमार पुत्र शोभा लाल निवासी पैगम्बरपुर थाना संदीपन घाट को कब्जे से 10 लीटर अवैध शराब बरामद होने पर गिरफ्तार कर बरामदगी के आधार पर थाना स्थानीय पर मुकदमा पंजीकृत कर अभियुक्त का चालान न्यायालय कर दिया है।

# भाजपा सरकार ने दिया है प्रदेश को सुरक्षा और स्थायित्व : डॉ. बाबूलाल त्रिपाठी

भारतीय जनता पार्टी की जिला कार्यालय में आयोजित हुई बैठक, आगामी शिक्षक एमएलसी चुनाव को लेकर हुई चर्चा

अखंड भारत संदेश




कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा नेता



कार्यक्रम में उपस्थित पार्टी नेता

**कौशाम्बी।**आगामी शिक्षक एमएलसी चुनाव को लेकर सरगर्मियां तेज हो गई हैं इसी चुनाव को लेकर मंगलवार को एक बैठक का आयोजन पार्टी के जिला कार्यालय में किया गया इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि एमएलसी उमेश द्विवेदी मौजूद रहे जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ बाबूलाल तिवारी ने शिरकत किया कार्यक्रम की अध्यक्षता पार्टी के जिलाध्यक्ष अनीता त्रिपाठी ने किया। इस मौके पर बोलते हुए डॉक्टर बाबूलाल तिवारी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की केंद्र व राज्य की सरकार ने प्रदेश व देश को सुरक्षा और स्थायित्व का एहसास कराया है। जहां केंद्र में प्रधानमंत्री के रूप में नरेंद्र मोदी जी तो प्रदेश में योगी आदित्यनाथ जी ने प्रदेश की जनता को यह भरोसा दिलाया है कि उनका भविष्य उज्जवल व सुरक्षित है इसके साथ शिक्षकों के दल के रूप में भारतीय जनता पार्टी का हमेशा जुड़ाव रहा है, वैचारिक रूप से भी भाजपा शिक्षकों के नजदीक ही रही है। ऐसे में इस चुनाव में अब पार्टी कार्यकताओं को शिक्षक एमएलसी चुनाव में शिक्षक मतदाताओं के पास पहुंचकर अधिक से अधिक मत संगठन के ओर डलवाना है। जिससे इस चुनाव में पार्टी जीत हासिल करें इस मौके पर बोलते हुए एमएलसी उमेश द्विवेदी ने कहा कि पहली बार पार्टी शिक्षक एमएलसी पर अपने प्रत्याशी खड़े कर रही है ऐसे में हम सभी की जिम्मेदारी बनती है कि अपने जिले से पार्टी को जीत दिलाए। इस मौके पर प्रमुख रूप से जिले के प्रभारी अनिल सिंह, अजय पांडे, पूर्व विधायक शीतला प्रसाद पटेल, पूर्व विधायक संजय गुप्ता, अजय त्रिपाठी, चंद्र दत्त शुक्ला, सोमेश्वर त्रिपाठी, राकेश पांडे,चक्रेश मिश्रा, वेद प्रकाश पांडे सत्यार्थी, रिंकू मौर्य, दिनेश पाण्डेय, महेश लोधी सहित बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### छोटी छोटी चोरी की घटनाओ पर अंकुश नहीं लगा पा रही चौकी पुलिस

**कौशाम्बी।** सराय अकिल थाना क्षेत्र के पुलिस चौकी कनैली चोरी की घटना और खुलासे में लापरवाह बनी हुई है जिससे पीड़ित परिवार में आक्रोश व्याप्त है थाना क्षेत्र के ग्राम हिमाचल का पूरा के एक घर मे अज्ञात व्यक्ति के द्वारा लाखों रुपए की चोरी किए जाने के बाद घटना का खुलासा पुलिस नही कर सकी है। घटनाक्रम में बताया जाता है कि पीड़ित खुन्नु पुत्र बूंदा के घर में आधी रात को लाखो की चोरी होने के बाद मामले की सूचना पुलिस को दी गई है पुलिस चौकी कनैली मे पीड़ित ने शिकायती पत्र मे बताया है कि रात्रि के लगभग एक डेढ़ बजे जब पीड़ित का परिवार गहरी नीद मे सो रहा था तभी कुछ अज्ञात चोर छ्त के रास्ते घर मे घूस कर नगदी जेवर समेत लाखों का सामान चोरी कर ले गए। जिसकी शिकायत पीड़ित ने पुलिस से कर के चोरों को खोज कर दण्डित किये जाने की गुहार लगायी है लेकिन घटना के खुलासे को लेकर पुलिस रत्ती भर आगे नहीं बढ़ सकी है।



कंबल वितरण करते तहसीलदार

# तहसीलदार ने गरीब विकलांग महिलाओं को दिया कम्बल

### नौढिया सहित कई ग्राम पंचायत में लेखपाल ग्राम प्रधान के साथ पहुंचे तहसीलदार ने बांटे कम्बल

**कोखराज कौशांबी।** अधिक ठंड को देखते हुए तहसीलदार सिराथू ने तहसील क्षेत्र के नौढिया करेंटी समेत कई गांव में गरीब जरूरतमंद कमजोर लोगों को कम्बल का वितरण किया है कम्बल वितरण के दौरान ग्राम प्रधान और लेखपाल भी मौजूद रहे कम्बल मिलने के बाद गरीबों ने राहत महसूस की है। सिराथू तहसील के नौढिया करेटी समेत कई ग्राम पंचायत में तहसीलदार सिराथू संतोष कुमार ने लेखपाल रियाज अहमद और ग्राम प्रधान रंजीत पटेल के साथ मिलकर जरूरतमंद गरीब लोगों को कम्बल दिया है नौढिया गांव के प्राइमरी स्कूल में लगभग 60 गरीब महिलाओं विकलांग लोगों को कम्बल वितरण किया गया है।

# पानी के लिए मचता कोहराम जिम्मेदार मौन!

## मूलभूत सुविधाओं से महरूम है आदर्श नगर पंचायत अझुवा नगरवासी

अखंड भारत संदेश



पानी के लिए लाइन में लगे नगर वासी

**अझुवा कौशाम्बी।** आदर्श नगर पंचायत अझुवा में नगरवासी मूलभूत सुविधाओं से मरहूम हैं कही पीने के लिए स्वच्छ जल नही मिल रहा कहीं सड़कें नालियां ध्वस्त पड़ी हैं बात करें नगर पंचायत अझुवा वार्ड नं 5 अजमत पुर बीच का पुरवा रसूल पुर मढिया मई यहां की आबादी लगभग है 800 है जिसमे 10 हैंडपम्प लगाए गए है जिनमे 4 हैंडपम्प अर्से से खराब पड़े हैं इनकी मरम्मत नगर पंचायत क्यो नही करवा रहा ये भी एक सवाल है अजमतपुर मलिन बस्ती के लोगों ने नगर के जिम्मेदारों को कई बार लिखित सूचना देकर हैंडपम्प मरम्मत की मांग की लेकिन जिम्मेदार कान में उंगली डालकर सो रहे हैं जबकि मलिन बस्ती के लोग स्वच्छ पानी पीने के लिए तरस रहे हैं इस मलिन बस्ती के लोग अपने घरों से दूसरे मोहल्ले की तरफ लगभग 100 मीटर की दूरी पर हैंडपंप से पानी लेने जाते हैं तो वहां पहले से मौजूद लोग पहले मैं पहले मैं पानी भरने में तू तू मैं मैं हो जाता है वही इस संबंध में जिम्मेदारों से बात करने का प्रयास किया गया तो जिम्मेदारों ने मंझनपुर में मीटिंग में व्यस्त होने की बात कही है बड़ा सवाल नगर पंचायत अझुवा को आदर्श नगर पंचायत पंडित दीनदयाल उपाध्याय योजना से भी आच्छादित किया गया लेकिन यहां मूल सुविधाओं का टोटा बना हुआ है तो आखिर इसका जिम्मेदार कौन है।

# ताला लटकते विद्यालयों को बना दिया उत्तर प्रदेश बोर्ड परीक्षा केंद्र!

### दागी विद्यालयों में बोर्ड परीक्षा केंद्र बनाने से बोर्ड परीक्षा की सूचिता पर उठे सवाल

**कौशाम्बी।** जिले में शिक्षा माफिया व विभागीय अफसरों का गठजोड़ फिर दिखने लगा है जिन विद्यालयों के पास भवन नहीं है अध्यापक नहीं है उन्हें भी परीक्षा केंद्र बना दिया गया है फर्जी अध्यापकों की सूची पर बोर्ड परीक्षा कराए जाने की तैयारी शुरू है यूपी बोर्ड परीक्षा में सेंटर बनाने में मानक की जमकर अनदेखी की गई है। आरोप है साल भर ताला लटकने वाले विद्यालयों के साथ दागी विद्यालयों को भी परीक्षा केंद्र बनाया गया है। इससे बोर्ड परीक्षा की सूचिता पर फिर सवाल उठने लगे है। मानक विहीन विद्यालयों में सेंटर बनाने के एवज में जमकर वसूली हुई है। सूबे की योगी सरकार नकल विहीन परीक्षा कराने के लिए लगातार नए फामूर्ले आजमा रही है। साथ ही अफसरों को बोर्ड परीक्षा पारदर्शी तरीके से कराने का निर्देश दिया है। लेकिन कौशाम्बी में शिक्षा माफियाओं से विभागीय अफसरों के गठजोड़ के चलते सीएम का फरमान भी बेईमानी साबित हो रहा है। आरोप है कि डीआइओएस का एक बाबू ताला बंद व मानक विहीन विद्यालयों को परीक्षा केंद्र बनाने के एवज में मोटी रकम वसूला है। सूत्र बताते है कि बोर्ड परीक्षा केंद्र बनाने व मनमाफिक छात्र संख्या देने के एवज में तीन लाख रुपये तक की वसूली की गई है। हालांकि कोई पहली बार नहीं हुआ है हर बार सेंटर बनाने के एवज में वसूली की जाती है।अंधेरगर्दी की हद तो तब हो गई जब दागी एवं ताला बंद विद्यालयों में सेंटर बना दिया गया है। पिछली बार सिराथू के पारास स्थित एक विद्यालय में कापी लिखाने को लेकर जमकर बवाल हुआ था। आरोप है बाद में लेनदेन कर विभागीय अफसरों ने क्लीनचिट दे दिया था। इस बार फिर से उस विद्यालय को परीक्षा केंद्र बनाया गया है। इसी तरह कई मानक विहीन विद्यालयों में सेंटर बनाया गया है। इससे तमाम विद्यालय संचालकों में रोष है। सूत्रों की माने तो दागी विद्यालयों को परीक्षा केंद्र बना कर शिक्षा माफिया और शिक्षा अधिकारी प्रत्येक वर्ष करोड़ो का खेल खेलते हैं।

# दो महीने में दर्जनों चोरी की घटना का खुलासा नहीं कर सकी पुलिस!

अखंड भारत संदेश

### चोर गिरोह के लिए मुफीद स्थान बन चुका है टेढ़ी मोड़ पुलिस चौकी क्षेत्र पुलिस केअधिकारियों ने चौकी इंचार्ज की विभागीय जांच कराई तो चौकी पुलिस और चोर गिरोह के क्या रिश्ते हैं इसका खुलासा होना तय है

**कौशांबी।** कोखराज थाना क्षेत्र की टेढ़ीमोड़ पुलिस चौकी क्षेत्र चोर गिरोह के लिए मुफीद स्थान बन चुका है आए दिन चोरी की घटनाओं को अंजाम देकर चोर गिरोह के सदस्य रफूचक्कर हो जाते हैं पुलिस चोरों की तलाश करने का प्रयास तक नहीं कर रही है आखिर चौकी पुलिस और चोर गिरोह के सदस्यों के बीच क्या गहरे रिश्ते हैं यह पुलिस अधिकारियों के लिए बड़ी जांच का विषय है 3 महीने के बीच इलाके के दर्जनों घरों में दुकानों में बेखौफ चोर घटनाओं को अंजाम देकर लाखों का सामान उठा ले गए हैं लेकिन खुलासे के नाम पर चौकी पुलिस केवल वर्दी को कलंकित कर रही है। टेढ़ीमोड पुलिस चौकी क्षेत्र के अहिरारा गांव निवासी कंधाई त्रिपाठी के घर 11 नवम्बर की रात ताला तोड़कर घुसे चोर 4 लाख रुपए कीमत के सोने-चांदी के जेवर 50 हजार रुपए नगद उठा ले गए थे बेटी की शादी करने के लिए कंधाई सोने के जेवर खरीद कर रखे थे घटना को 2 महीने बीत चुके हैं पुलिस घटना के खुलासे में रत्ती भर आगे नहीं बढ़ सकी है। इसी थाना क्षेत्र के कल्यानपुर चौराहे पर नवंबर के पहले सप्ताह में कई दुकानों के ताले तोड़कर लाखों का सामान उठा ले जाने में चोर कामयाब हो गए थे इस घटना का खुलासा पुलिस नहीं कर सकी 2 जनवरी 23 की रात्रि फिर टेढ़ी मोड़ में अमित जायसवाल मनमोहन सुशील केसरवानी सूर्या ऑनलाइन केंद्र मोबाइल सेंटर सहित कई दुकानों के ताले तोड़कर लाखों का सामान चोर उठा ले गए हैं इलाके में लगातार चोरी की बड़ी-बड़ी घटनाएं हो रही है लेकिन पुलिस किसी भी मामले का खुलासा करने में कामयाब होती नहीं दिख रही है घटनाओं का खुलासा करना तो दूर नई घटनाओं को भी रोक पाने में पुलिस पूरी तरह से लापरवाह बनी हुई है चौकी पुलिस की लापरवाही से इलाके में घटनाएं नहीं रुक रही है चौकी इंचार्ज को निलंबित कर उनकी विभागीय जांच नहीं कराए जाने की जरूरत है यदि पुलिस अधिकारियों ने चौकी इंचार्ज की विभागीय जांच कराई तो चौकी पुलिस और चोर गिरोह के क्या रिश्ते हैं इसका खुलासा होना तय है।

# ब्रिटिश पीरियड के प्राइमरी स्कूल की जमीन भू माफियाओं के कब्जे में!

### कहां गायब हो गई कन्या पाठशाला की हजारों बीघा भूमि

**कौशाम्बी।** जिले में सरकारी भूमि पर बड़े-बड़े घोटाले हो रहे हैं लेकिन सरकारी जमीनों की सुरक्षा में लगे अधिकारी घोटाले बाजों से पैसा वसूल कर तिजोरी भरने तक सीमित हैं राजस्व से जुड़ी भूमि बंजर ऊसर तालाब नवीन परती कब्रिस्तान खलिहान आदि में कब्जा किए जाने का मामला आम बात हो गया है अब तो सरकारी विद्यालयों की जमीनें भी कब्जा हो गई हैं और आला अधिकारी बेखबर हैं ब्रिटिश पीरियड के प्राइमरी स्कूल की सैकड़ों बीघे जमीन पर सपा बसपा सरकार के कार्यकाल में कौशांबी जिले में कब्जा हो चुके हैं इसी तरह सरकारी कन्या पाठशाला की जमीनों पर भी सपा बसपा सरकार के कार्यकाल में कब्जे हो चुके हैं सूत्रों की माने तो ब्रिटिश पीरियड के प्राइमरी स्कूल और कन्या पाठशाला की जमीनों को मिलाकर एक हजार बीघे से ऊपर की सरकारी जमीन पर कब्जा हो चुका है लेकिन बेसिक शिक्षा अधिकारी सरकारी जमीनों को कब्जा मुक्त कराने का प्रयास नहीं कर सके हैं सूत्रों की मानें तो तत्कालीन अध्यापकों ने कुछ रुपए लेकर के सरकारी जमीनों को लोगों को कब्जा करने की छूट दे दी है लेकिन वर्षो बीत जाने के बाद मामले में जांच कराकर आला अधिकारियों ने ब्रिटिश पीरियड के प्राइमरी स्कूल और कन्या पाठशाला की सरकारी जमीन को कब्जा मुक्त नहीं कराया है यह बड़ा मामला है लेकिन इस मामले में भी अधिकारी गंभीर नहीं है यदि सूबे की योगी सरकार ने ब्रिटिश पीरियड के प्राइमरी स्कूल और कन्या पाठशाला की सरकारी जमीन पर सपा और बसपा सरकार के कार्यकाल में हुए अवैध कब्जे की जांच कराते हुए सरकारी स्कूल की हजारों बीघा जमीन को खोजना शुरू किया तो तमाम लोगों पर गाज गिरना तय है।

# बेलगाम हुए पशु चिकित्सको की मनमानी से पशु पालक परेशान

अखंड भारत संदेश

### पशुओं के टीकाकरण भी हो रही है लापरवाही, पशुओं में उत्पन्न हो रहे हैं तमाम गंभीर रोग

**कौशाम्बी।** पशु चिकित्सकों और पशु अस्पतालों के पशु कर्मचारियों की उदासीनता लापरवाही से पशुओं को इलाज नहीं मिल रहा है जिन अस्पतालों में पशु चिकित्सकों द्वारा पशुओं का इलाज किया जाता है वहां अवैध वसूली आम बात हो गई है अधिकतर पशु चिकित्सक पशु कर्मचारियों के हवाले सरकारी अस्पताल छोड़ कर चिकित्सक ड्यूटी से गायब रहते हैं जिससे पशुओं का इलाज नहीं हो पाता पशु अस्पतालों की दुर्दशा के चलते पशुपालकों में आक्रोश व्याप्त है। कौशाम्बी जिले की पशु चिकित्सा व्यवस्था घड़ाम हो गयी है सरकारी पशु अस्पतालों में समय से चिकित्सक नहीं पहुंचते हैं जिससे पशु अस्पताल का संचालन कर्मचारियों के हवाले किया जा रहा है जनपद मुख्यालय मंझनपुर का भी पशु चिकित्सालय दुर्दशा का शिकार है पशुओं को इलाज ना मिलने से पशु पालक परेशान है। जिले के पशु अस्पतालों में तैनात अधिकतर पशु चिकित्सक तैनाती स्थल पर निवास करने के बजाय गैर जनपद की सुख सुबिधा उठाने में मस्त है जिससे पशु अस्पतालो की व्यवस्था चौपट हो चुकी है पशु चिकित्सक और कर्मचारियों की मनमानी से पशु पालकों में रोष व्याप्त है पशु डॉक्टर और उनके कंपाउंडर गांव गांव जाकर पशुओं का इलाज नही कर रहे है पशुओं के इलाज के नाम पर अवैध वसूली भी बेखौफ तरीके से शुरू है पशुओं का टीकाकरण भी नही हो रहा है जिससे पशुओं में तमाम गंभीर रोग उत्पन्न हो रहे हैं पशु चिकित्सको की दादागिरी और इलाज के नाम पर अस्पतालों में खुलेआन धनादोहन पर रोक लगती नहीं दिख रही है चिकित्सक और पशु अस्पताल के कर्मचारी गांव में जाकर टीकाकरण नही कर रहे हैं पशु अस्पताल के चिकित्सक और कर्मियों के तानाशाही का आलम यह है कि वह पशुपालकों से सही से बात नही कर रहे हैं तमाम पशु चिकित्सक और पशु अस्पताल के कर्मचारियों ने अपना निजी पशु चिकित्सालय खोल लिया है और अपने निजी पशु अस्पतालों में मौजूद रहकर प्राइवेट बैठ कर वह पशुओं का इलाज करके अवैध वसूली में मस्त हैं यदि किसी किसान के दबाव में इलाज करने गांव पहुचते भी है तो पशु इलाज के नाम पर मोटी रकम वसूल कर योगी सरकार के दिशा निदेर्शों की धज्जियां उड़ाते देखे जाते हैं।

संपादकीय

## यूपी में लिखा जा रहा निवेश का नया अध्याय

**प्रदेश** के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश में इस बार निवेश का नया अध्याय लिखा जा रहा है।प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली सरकार में कानून व्यवस्था में व्यापक सुधार हुआ है और अपराधियों तथा हर प्रकार के छोटे बड़े गुडों और माफिया समूहों पर लमाग लगाई जा रही है जिसके कारण प्रदेश की छवि देश ही नहीं अपितु विदेशों में भी सुधरी है जिसके कारण सभी भारतीय और विदेशी निवेशक अभूतपूर्व संख्या मेंउत्तर प्रदेश में निवेश करने के लिए आकर्षित हो रहे हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सक्रियता और सतर्कता की इसमें बड़ी भूमिका है। आगामी फरवरी माह में प्रदेश की राजधानी लखनऊ में वैश्विक निवेशक सम्मलेन (ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट) प्रस्तावित है। इसमें सरकार ने 17 लाख करोड़ रुपए का निवेश जुटाने का लक्ष्य रखा था और व्यापक स्तर प्रयास आरम्भ किए थे जिनका परिणाम अब धरातल पर दिखायी पढ़ने लगा है ।प्रदेश में अगले माह प्रस्तावित ग्लोबल समिट के पूर्व ही अब तक 15 लाख करोड़ रूपए से अधिक के प्रस्ताव सरकार के स्तर से प्राप्त कर लिए गये हैं। विदेशों में सरकार के मंत्रियों का रोड शो संपन्न हो चुका है और अब स्वदेशी निवेशकों को आकर्षित करने का अभियान चलाया जा रहा है जिसमें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का मुम्बई दौरा चर्चा का विषय रहा। प्रदेश सरकार निवेशकों को आकर्षित करने के लिए विभिन्न राज्यों की राजधानियों व चुनिंदा शहरों में तो भव्य रोड शो करवा ही रही है, प्रदेश के जिला मुख्यालयों में भी निवेशकों को आकर्षित करने का अभियान चलाया जा रहा है। निवेश अभियान के अंतर्गत सरकार की ओर से कुल 37 सेक्टरों को निवेश के लिए चिन्हित किया गया था इनमें से 23 सेक्टर में एमओयू की प्रक्रिया पूरी की जा चुकी है।10 जनवरी तक पर्यटन विभाग ने 38 हजार करोड़ से अधिक के एमओयू कर लिए हैं जबकि पर्यटन विभाग को 40 हजार करेड़ का लक्ष्य मिला था।ऊर्जा विभाग ने एक लाख करोड़ के संशोधित लक्ष्य के सापेक्ष 75 हजार से अधिक के एमओयू किये हैं। आईटी एंड इलेक्ट्रानिक विभाग और यमुना एक्सप्रेस वे इंडस्ट्रियल डेवलपेंट अथारिटी ने भी 57 हजार करोड़ से अधिक के निवेश प्राप्त कर लिए हैं।हैंडलूम व टेक्स्टाइल ने भी करीब 27 हजार करोड़ से अधिक के निवेश प्राप्त किये हैं। मुख्यमंत्री ने अपनी मुम्बई यात्रा के दौरान ही शीर्ष औद्योगिक समूहों के साथ चर्चा कर पांच लाख करोड़ रुपए के निवेश प्रस्ताव प्राप्त किये।रिलायंस, टाटा संस, अदाणी, गोदरेज, रिजला, पीरामल, वेदांता, पार्ली, हिंदुजा, लोढ़ा और रैंसकी सहित दो दर्जन से अधिक औद्योगिक समूहों के प्रमुखों से मुलाकात के दौरान इन निवेश प्रस्तावों पर सहमति बनी।मुख्यमंत्री ने मुम्बई दौरे के दौरान फिल्मी हस्तियो के साथ मुलाकात की और प्रदेश में बन रही फिल्म सिटी पर चर्चा के साथ ही सिनेमा जगत के लिए कई महत्वपूर्ण घोषणाएं भी की।इस दौरान कई फिल्मी हस्तियों ने उप्र सरकार के प्रयासों की प्रशंसा की और यूपी को सबसे सुरक्षित बताया।फिल्म अभिनेता अक्षय कुमार ने कहा कि यूपी फिल्म सिटी का बेसब्री से इंतजार हो रहा है जबकि एक अन्य अभिनेता राजपाल यादव ने कहा कि यूपी में शूटिंग के लिए हर लोकेशन उपलब्ध है। प्रदेश के मंत्रियों व अधिकारियों का दल तमिलनाडु की राजधानी चेन्नई भी गया और दिल्ली में भी रोड शो का आयोजन हो चुका है। पंजाब से भी निवेशकों को आकर्षित करने के लिए रोड शो का आयोजन हुआ। चेन्नई के उद्यमियों ने काशी में आयोजित तमिल संगम की सराहना की।उद्यमियों ने कहा कि यूपी में हाल के वर्षों में काफी विकास हुआ है और ऐसा पहली बार हो रहा है कि तमिलनाडु के उद्यमियों को विकास में साझीदार बनाने की पहल की गयी है।प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट के क्षेत्र में पैटनर्स एनर्जी कंपनी के संचालक अमरनाथ ने कहा कि उनकी कंपनी मथुरा में नगर निगम के साथ मिलकर प्लास्टिक वेस्ट सॉल्यूशन के क्षेत्र मे काम कर रही है और योगी शासन में यूपी में कार्य करने का काफी सुखद अनुभव रहा है। उद्योग जगत व बैंकर्स भी यूपी के विकास और विजन की सराहना कर रहे हैं। व्यापारिक समुदाय का प्रदेश में विश्वास बढ़ रहा है। प्रदेश सरकार का मुख्य फोकस विकास पर है। प्रदेश सरकार अपनी जीएसडीपी को बढ़ाने का हरसंभव प्रयास कर रही है। इसके लिए कृषि तथा कृषि आय को बढ़ावा देने के लिए भी सभी संभव प्रयास किये जा रहे हैं। सरकार निवेशकों को स्टार्टअप के तहत भी आंमत्रित कर रही है। यह प्रदेश में लाजिस्टिक से जुड़े क्षेत्रों के लिए भी एक बेहतर अवसर है। प्रदेश में निवेश बढ़ाने के मुख्यमंत्री के प्रयासों का असर अब जिलों तक भी पहुंच गया है, बहराइच और बाराबंकी जैसे छोटे जिले इसका उदाहरण बन कर उभरे हैं। इन दोनों जनपदों में 2,600 करोड़ रुपए से अधिक के निवेश प्रस्तावों के एमओयू हस्ताक्षरित किये गये हैं। बहराइच और बाराबंकी के माडल के तहत उद्यमियों से सीधा जुड़ने और उनकी सभी परेशानियों के समाधान के लिए हेल्प डेस्क बनायी गयी है जिससे सभी एमओयू को धरातल पर उतारा जा सके। इससे ज्यादा से ज्यादा निवेश को आकर्षित करने में सहायता मिलेगी और फरवरी में होने वाली ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के लिए ज्यादा से ज्यादा निवेशक प्रेरित होंगे। बड़े जनपदों में राजधानी लखनऊ में भी एक दिवसीय ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट का आयोजन किया गया जिसमें लखनऊ को स्मार्ट सिटी बनाने के लिए 56,299 करोड़ रुपए के निवेश के प्रस्ताव मिले हैं। संगम नगरी में 35 हजार करोड़ के निवेश पर मुहर लगी है। यहां पर आयोजित समिट में प्रयागराज, कौशाम्बी और प्रतापगढ़ के उद्यमियों ने निवेश के लिए झोली खोल दी।निवेशक सम्मेलन में लगभग आठ सौ निवेशकों का पंजीकरण हुआ और 35,307 करोड़ रुपए के प्रस्ताव आये और एमओयू साइन भी किए गये।इन परियोजनाओं में 20 हजार लोगों को रोजगार मिलने की संभावना है।लखनऊ में ग्लोबल समिट के पूर्व आस्ट्रेलिया, सिंगापुर की कंपनियों से 24,560 करोड़ रुपए का निवेश करने का समझौता हुआ।

# आम आदमी को राहत दे बजट

**राजेश माहेश्वरी**

**संसद** का बजट सत्र आगामी 31 जनवरी से प्रारंभ होने जा रहा है और बजट तैयार करने की प्रक्रिया भी अंतिम दौर में है। आम आदमी बेसब्री से बजट-2023 का इंतजार कर रहा है। आम आदमी ऐसे बजट की उम्मीद कर रहा हैं जो रोजगार के अवसर बढ़ाए, जरूरी वस्तुओं की कीमतों को कम करे, करों का बोझ घटाए और उनके जीवन की गुणवत्ता में सुधार करने में मददगार साबित हो सके। बड़ा सवाल यह है कि क्या मोदी सरकार आम आदमी की उम्मीदों पर खरी उतर पाएगी? बजट पर राजनीति और चुनावों की छाया से इंकार नहीं किया जा सकता। ऐसे में राजनीति हितों के हिसाब से बजट को डिजाइन करने की परंपरा हमारे देश में रही है। इसलिए ये उम्मीद की जा रही है कि इस वर्ष 9 राज्यों के चुनाव होने के साथ ही चूंकि 2024 के लोकसभा चुनाव के पूर्व केंद्र सरकार का ये आखिरी पूर्ण बजट होगा इसलिए आम जनता के लिए राहत का पिटारा खोला जा सकता है। जानकारों कहते हैं कि, बजट में अर्थव्यवस्था को पुनर्जीवित करने पर ध्यान केंद्रित करने की उम्मीद है, जो कि कोरोना महामारी से बुरी तरह प्रभावित हुई है। सरकार पर स्वास्थ्य और शिक्षा पर खर्च बढ़ाने के साथ-साथ छोटे व्यवसायों और किसानों को राहत देने का दबाव है। आम आदमी भी उन उपायों की उम्मीद कर रहा है जो आवास, स्वास्थ्य सेवा और शिक्षा को और अधिक किफायती बनाएंगे। इसके अलावा, सरकार से बेरोजगारी के मुद्दे को हल करने की उम्मीद है, जो महामारी के कारण तेजी से बढ़ी है। आम आदमी ऐसी नीतियों की उम्मीद कर रहा है जो अधिक रोजगार के अवसर पैदा करेगी। साथ ही प्रशिक्षण और कौशल विकास कार्यक्रम प्रदान करेगी। सरकार को महामारी से गंभीर रूप से प्रभावित छोटे व्यवसायों, कारीगरों और किसानों जैसे असंगठित क्षेत्र को वित्तीय सहायता प्रदान करने पर भी ध्यान देने की आवश्यकता है। सरकार से आवश्यक वस्तुओं की बढ़ती कीमतों के मुद्दे को भी हल करने की उम्मीद है, जिसने आम आदमी को मुश्किल में डाल दिया है। आम आदमी ऐसे उपायों की उम्मीद कर रहा है जो महंगाई को नियंत्रित करेंगे और आवश्यक वस्तुओं और सेवाओं को अधिक किफायती बनाएंगे। आम आदमी भी सरकार से ग्रामीण विकास पर ध्यान केंद्रित करने की उम्मीद कर रहा है,



सरकार को ऐसी योजनाओं के साथ आने की जरुरत है जो ग्रामीण क्षेत्रों में जीवन स्तर में सुधार लाएं और आजीविका के अधिक अवसर प्रदान करें। जहां तक बात इनकम टैक्स की है तो ये कहने में कुछ भी गलत नहीं है कि आबादी का बहुत ही छोटा हिस्सा उससे प्रभावित होता है

क्योंकि अधिकांश आबादी ग्रामीण क्षेत्रों में रहती है। ग्रामीण इलाकों में रहने वाले लोग महामारी और बुनियादी सुविधाओं तक पहुंच की कमी से बुरी तरह प्रभावित हुए हैं। सरकार को ऐसी योजनाओं के साथ आने की जरूरत है जो ग्रामीण क्षेत्रों में जीवन स्तर में सुधार लाएं और आजीविका के अधिक अवसर प्रदान करें। जहां तक बात इनकम टैक्स की है तो ये कहने में कुछ भी गलत नहीं है कि आबादी का बहुत ही छोटा हिस्सा उससे प्रभावित होता है लेकिन उपभोक्ता बाजार को ये तबका चूंकि प्रभावित करता है लिहाजा इसका ध्यान रखा जाना जरूरी है। और फिर इस वर्ग में कर्मचारियों की संख्या ज्यादा होने से जनमत पर भी ये असर डालता है। इसलिये उम्मीद लगाई जा रही है कि मोदी सरकार आयकर छूट के जरिये इसे राहत देगी। देश में दूसरे बड़े दबाव समूह के तौर पर किसान हैं। दो साल पहले चले लम्बे आन्दोलन के बाद सरकार ने किसानों के हित में अनेक निर्णय किये जिनमें समर्थन मूल्यों में वृद्धि प्रमुख थी। रही बात उद्योग जगत की तो सरकार किसी की भी हो उसके हितों की चिंता करती है क्योंकि अर्थव्यवस्था के पहिये को वही गति प्रदान करता है। लेकिन इन सबसे अलग हटकर बहुत बड़ी संख्या जनता के उस हिस्से की है जो स्वरोजगार से जुड़ा है या फिर निजी क्षेत्र में साधारण सी नौकरी करता है। व्यापारी वर्ग में भी ज्यादातर लघु और मध्यमवर्गीय ही हैं परन्तु ये वर्ग चूंकि संगठित नहीं है इसलिए सरकार के कानों तक अपनी आवाज नहीं पहुंचा पाता। उस दृष्टि से प्रधानमंत्री द्वारा सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास नामक जो नारा दिया गया उसकी झलक आगामी बजट में दिखाई देगी, ऐसी उम्मीद सब कर रहे हैं।

हर साल बजट आता है, तो नौकरीपेशा लोगों की नजर इस बात पर होती है कि उसको टैक्स में कोई छूट मिल रही है या नहीं. बीते कई सालों से इस मोर्चे पर मायूसी मिलती रही है. मध्यवर्ग में ये शिकायत बढ़ी है कि सबसे ज्यादा बोझ उसी पर है और सबसे ज्यादा टैक्स उसी को देना पड़ता है. हालांकि, अब भी वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण टैक्स छूट का वादा नहीं कर रहीं हैं। बस ये कह रही हैं कि मिडिल क्लास की तकलीफ वे समझ रही हैं। दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुके भारत में वर्तमान कर ढांचा विकास के लिए ज्यादा से ज्यादा धन अर्जित करने के उद्देश्य पर टिका है। पहले टैक्स वसूलकर हाइवे बनाना और उसके बाद टोल टैक्स लगाकर उसकी कीमत वसूलना उसी सोच का प्रमाण है। लोक कल्याणकारी राज्य में संपन्न वर्ग से कर लेकर वंचित वर्ग के उत्थान पर खर्च करने का चलन होता है। लेकिन हमारे देश की जो कर प्रणाली है उसमें गरीब व्यक्ति को भी अप्रत्यक्ष तौर पर उन करों का भुगतान करना पड़ता है जो संपन्न वर्ग से अपेक्षित हैं।

एक और अहम बिंदु यह है कि सरकार जिस सामाजिक सुरक्षा के नाम पर सरकारें अरबों खरबों खर्च करती हैं उससे व्यवसायी समुदाय वंचित है। जीवन भर तरह-तरह के करों से सरकार का खजाना भरने वाले व्यापारी के साथ किसी भी प्रकार की अनहोनी हो जाने पर उसके परिवार वालों पर मुसीबत का पहाड़ टूट पड़ता है। कोरोना के दौरान बड़ी संख्या में युवा व्यवसायी मृत्यु का शिकार हुए जिससे उनके आश्रितों का भविष्य अंधकारमय हो गया। किसी व्यापारी की अचानक मृत्यु होने पर उसके परिजनों को किसी भी प्रकार की सामाजिक सुरक्षा न मिलना अनुचित है। अपेक्षा है बजट में इस वर्ग के लिए ऐसी किसी योजना का समावेश होगा जिससे किसी अनहोनी के बाद उसके परिजन किसी तरह मोहताज न हों। विशेषज्ञों के अनुसार कोरोना महामारी के प्रकोप के से भारतीय अर्थव्यवस्था राजकोषीय नतीजों से उबरना शुरू कर चुकी है। ऐसे में इस बजट से मैन्यूफैक्करिंग सेक्टर में ठोस वृद्धि होने की उम्मीद है। केंद्रीय बजट में राजकोषीय प्रोत्साहन और स्पेशल स्कीम के जरिए इसे और मजबूत किया जा सकता है। केंद्र सरकार इस बजट में उन नीतियों को प्राथमिकता देगी जो बुनियादी ढांचे, मैन्यूफैक्करिंग सेक्टर को लाभ पहुंचा सकती हैं और रिन्यूवेबल एनर्जी को बढ़ावा दे सकती है। ताकि देश को वैश्विक स्तर पर अपनी क्षमता का एहसास हो सके। देश में आत्मनिर्भर समाधान लाने के लिए प्रौद्योगिकी प्रदाताओं के बीच मैन्यूफैक्करिंग इनवेस्टमेंट को प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। कोरोना काल में चूंकि अर्थव्यवस्था डगमगा गई थी जिसकी वजह से सरकार ने अनेक रियायतें बंद कर दीं।

यद्यपि गरीबों को मुफ्त खाद्यान्न और निःशुल्क इलाज की सुविधा तो जारी है किन्तु रेल यात्रा में विभिन्न वर्गों को मिलने वाली छूट बंद है। विशेष तौर पर वरिष्ट नागरिकों के लिए तो ये सुविधा न्यायोचित है। इसी तरह पेट्रोल और डीजल की कीमतों में पेट्रोलियम कम्पनियों की मुनाफाखोरी घटाने पर इस बजट में ध्यान दिया जाना जरूरी है। वहीं सरकार को करों पहाड़ छोटा करते हुए आय बढ़ाने के सिद्धांत को अमल में लाना चाहिए। वर्तमान में करों की दरें सरकार के लिए भले ही लाभ का सौदा हों लेकिन उन्हें जनता पर बोझ कहना गलत नहीं होगा। सरकार को रोजमर्रा के नागरिकों की चिंताओं को दूर करने की आवश्यकता के साथ आर्थिक विकास की आवश्यकता को संतुलित करना होगा।

**-लेखक राज्य मुख्यालय पर मान्यता प्राप्त स्वतंत्र पत्रकार हैं।**

# धर्मनिरपेक्षता, धार्मिक उग्रवाद का बड़ा विरोधी भाव है

**संजीव ठाकुर**

**धर्मनिरपेक्षता** लोकतंत्र को सशक्त करने हेतु एक महत्वपूर्ण संवेदनशील एवं शाश्वत सिद्धांत है' धर्मनिरपेक्षता भारतीय राजनीति का मूल आधार तत्व है' जिसमें राजनीतिक दलों को भारतीय संविधान की महत्वपूर्ण भूमिका अंतर्निहित है' धर्मनिरपेक्षता धार्मिक उग्रवाद का बड़ा विरोधी भाव है' इसमें धर्म के प्रति विद्वेष का भाव नहीं होता है, बल्कि सभी धर्मों का समान आदर किया जाता है।इस आधुनिक काल में धर्मनिरपेक्षता सामाजिक और राजनीतिक सिद्धांत में प्रस्तुत सर्वाधिक जटिल शब्दों में एक है। धर्मनिरपेक्षता का अर्थ पाश्चात्य तथा भारतीय संदर्भ में अलग-अलग है' भारतीय धर्मनिरपेक्षता का तात्पर्य समाज में विभिन्न धार्मिक मतों का अस्तित्व मूल्यों को बनाए रखने सभी मतों का विकास और समृद्धि करने की स्वतंत्रता का तथा साथ ही साथ सभी धर्मों के प्रति एक समान आदर तथा सहिष्णुता विकसित करना है' पश्चिमी संदर्भ में धर्मनिरपेक्षता का तात्पर्य ऐसी व्यवस्था से है जहां धर्म और राज्यों का एक दूसरे के मामले में हस्तक्षेप न करना तथा व्यक्तियों और उसके अधिकारों को केंद्रीय महत्व दिया जाना शामिल है। यद्यपि भारतीय धर्मनिरपेक्षता मैं पश्चिमी भाव तो शामिल हैं साथ-साथ कुछ अन्य भाव भी शामिल किए गए हैं' धर्मनिरपेक्ष व्यक्ति समाज या राष्ट्र अभाव होता है, जो किसी विशेष धर्म या अन्य धर्मों की तुलना में पक्षपात नहीं करता है। भारतीय संदर्भ धर्मनिरपेक्षता की आजादी के बाद बड़ी स्वच्छ एवं स्वस्थ सार्वभौमिक परंपरा रही है।इसमें किसी व्यक्ति से धर्म और संप्रदाय के नाम पर किसी प्रकार का भेदभाव नहीं किया जाता है' प्रत्येक नागरिक को इसके अंतर्गत स्वतंत्रता प्राप्त होती है कि वह अपनी इच्छा अनुसार किसी भी धर्म को अपनाएं एवं किसी भी व्यक्ति के धार्मिक मामलों में हस्तक्षेप न करें, भारत में धर्म और राजनीति को एक दूसरे से अलग तथा पृथक रखने की हमेशा कोशिश की गई है' भारत में राज्य का अपना कोई धर्म नहीं है, यहां राज्य की नजर में सब एक समान है' भारत में धर्मनिरपेक्षता में सभी धर्मों को समानता का दर्जा प्रदान किया गया है। सभी धर्मों के नागरिकों से यह अपेक्षा की जाती है कि वह सभी धर्मों के नागरिकों को समान आदर व इज्जत से व्यवहार करें' भारतीय धर्मनिरपेक्षता राज्य के सभी धर्मों को विकास का समान अवसर देती है, इस प्रकार यह माना जा सकता है कि धर्मनिरपेक्षता सर्वधर्म समभाव पर विशेष महत्व देकर उस पर केंद्रित करती है' धर्मनिरपेक्षता के अंतर्गत तर्क और विवेक की प्रधानता होती है, सभी व्यक्ति को सब कुछ कहने और विचार करने की स्वतंत्रता होने के साथ-साथ वैज्ञानिक आविष्कारों को भी पूर्ण अधिकार के साथ प्रोत्साहित भी किया जाता है' भारतीय संदर्भ में धर्मनिरपेक्षता से विविधता में एकता को बल मिलता है' हालांकि कुछ राजनीतिक दलों ने समय-समय पर भारतीय धर्मनिरपेक्षता को सत्ता प्राप्त करने हेतु कमजोर करने की कोशिश की है, यह हमारी जिम्मेदारी तो है ही साथ ही आम जनता, राजनीतिक दलों,मीडिया एवं सभी प्रमुख राजनीतिक दलों की महती जिम्मेदारी है कि भारतीय संविधान के अनुरूप धर्मनिरपेक्षता का राजनीतिक, सामाजिक जीवन में पालन करें, जिससे हमारे देश का लोकतंत्र और अधिक सुदृढ़ होकर विश्व के लिए एक आदर्श प्रतिमान प्रस्तुत करें' आजादी के पूर्व तथा आजादी के पश्चात महात्मा गांधी, मौलाना अबुल कलाम आजाद, जवाहरलाल नेहरू, सरदार वल्लभभाई पटेल, लाल बहादुर शास्त्री आदि नेताओं का धर्मनिरपेक्षता के सिद्धांत के प्रति अटूट श्रद्धा एवं विश्वास था' स्वतंत्रता के पूर्व राष्ट्रीय आंदोलन से पहले ही सामाजिक धार्मिक सुधार आंदोलन ने धर्मनिरपेक्षता का मार्ग प्रशस्त कर दिया था,और स्वतंत्रता के बाद भारत में धर्मनिरपेक्षता की लोकतांत्रिक शासन प्रणाली अपनाई गई है, जिसके अंतर्गत व्यक्ति को समानता स्वतंत्रता व न्याय जैसे मानव अधिकार प्राप्त हैं' और इन अधिकारों में सबसे महत्वपूर्ण धार्मिक स्वतंत्रता को माना गया है,

इसके अभाव में राज्य में समानता व धर्म निरपेक्षता की स्थापना नहीं की जा सकती है' भारत की सबसे बड़ी विशेषता विविधता में एकता ही रही है, विविधता में एकता का मूल मंत्र ही धर्मनिरपेक्षता का है' भारत में अल्पसंख्यक भी इसी देश के निवासी हैं और इनको विश्वास दिलाने तथा इनकी रक्षा करने का मार्ग प्रशस्त धर्मनिरपेक्षता के अस्त्र के रूप में किया गया है' भारत देश निरंतर विकास के सोपान की तरफ अग्रसर है और एक वैश्विक महाशक्ति बनने की दिशा में प्रशस्त भी है।इन परिस्थितियों में विश्व के समक्ष धर्मनिरपेक्ष था की एकता का आदर्श स्थापित करने की परम आवश्यकता है' भारतीय संविधान की प्रस्तावना के 42 वें संशोधन 1976 के अंतर्गत पंथनिरपेक्ष शब्द जोड़ा गया है, जिसका मतलब राज्य सभी मतों को समान रूप से रक्षा करेगा एवं स्वयं भी किसी मत को राज्य के धर्म के रूप में नहीं अपनाएगा' भारत का संविधान हमें विश्वास दिलाता है कि उसके साथ धर्म के आधार पर किसी प्रकार का भेदभाव नहीं किया जाएगा' भारत का संविधान पूर्ण रूप से भारतीय जनमानस की व्यक्तिगत, जातिगत स्वतंत्रता की रक्षा करने के लिए ही निर्मित किया गया है' न्यायपालिका तथा कार्यपालिका इस हेतु संपूर्ण रुप से प्रतिबद्ध भी हैं' किंतु भारतीय संदर्भ में सबसे बड़ी विडंबना यह है कि राजनीतिक दलों पर लोकतंत्र और धर्मनिरपेक्षता को मजबूत करने की जिम्मेदारी है, वही लोग अपने स्वार्थ पर राजनीति के लिए मुद्दों को चुनावी हथियार बनाते हैं जिसका शिकार आम जनता को होना पड़ता है । इसके कारण समाज का माहौल बिगड़ जाता है' यह संपूर्ण रूप से एक चिंता का विषय है ।भारत में स्वतंत्रता के बाद से लोकतंत्र तथा धर्मनिरपेक्षता के सिद्धांत बड़े ही मजबूत रहे हैं और इसकी स्वस्थ परंपरा भी भारत देश में रही है।

# अथ श्री कुत्ता पुराण... !

**सुनील महला**

**कुत्ता** या श्वान भेड़िया कुल की प्रजाति है, जो सर्वत्र व्याप्त है, जैसे तोताराम जी जैसे नेताजी सर्वत्र व्याप्त हैं। कुत्ता बड़ा वफादार प्राणी होता है, ऐसा हमने सुना है। कुत्ता चोरों-डाकुओं और किसी संकट में हमारी रक्षा करता है और इस प्रकार से वह आदमी का सच्चा साथी है।यही वजह है कि साहित्य और फिल्मों से लेकर राजनीति तक में कुत्तों का बड़ा महत्वपूर्ण रोल है। साहित्य में कुत्ता व्यंग्य का विषय है, फिल्मों में डॉयलॉग का विषय है तो राजनीति में कुत्ता 'कुत्तापंती' का विषय है। वैसे बेचारा कुत्ता बड़ा बदनाम है। आदमी यूं ही कुत्ते को हर जगह बदनामी के दागों में लपेट रहा है। अब देखिए न कितनी गलत बात है कि व्यक्ति के व्यवहार में लाख कोशिशों के बाद भी बदलाव नहीं दिखे तो हम बड़ी आसानी से यह कह देते हैं कि वह तो 'कुत्ते की दुम' है। हमारा पड़ौसी देश पाकिस्तान तो कुत्तों का इतना बड़ा फैन है कि उसने अपने देश का नक्शा तक कुत्ते का बनाया है। यह उसका कुत्तों के प्रति घोर समर्पण है। हमें कुत्तों को यूं ही बदनाम नहीं करना चाहिए। अब कोई शराबी शराब के नशे में गाड़ी के नीचे आ गया तो इसमें भला कुत्तों का क्या दोष ? लेकिन लोग कुत्ते की वफादारी भूलते हुए बड़ी आसानी से कह देते हैं कि'वह तो कुत्ते की मौत'मारा गया। अब कोई हाड-तोड़ मेहनत करता है तो हम कह देते हैं कि वह तो 'कुत्ते की तरह' काम कर रहा है। बेचारा कुत्ता गाली का पर्याय बन गया है। तोताराम जी कहते हैं कि ये आदमी बड़ा स्वार्थी है, इसने धोबी के कुत्तके(कपड़े धोने के लिए एक मोटी लकड़ी) को भी कुत्ता बना दिया।मूल कहावत है 'धोबी का "कुतका" न घर का न घाट का'। हर कोई बेचारे कुत्ते के पीछे पड़ा हुआ है। जो किसी के काम का नहीं उसके लिए कहावत बना दी-'धोबी का कुत्ता न घर का न घाट का'। कितनी गलत बात है कि नेताजी सदन में बयानवीर बनकर लड़ते हैं तो मीडिया लिखता है कि-'सदन में सफेदपोशों में कुत्ता जंग हुई।' कोई नेता मीडिया को इंटरव्यू देते समय अपना चुनावी मेनिफेस्टो हाथ में लिए हुए गुरार्ता है तो मीडिया लिखता है कि 'नेताजी कुत्ते की तरह गुरार्ये और मेनिफेस्टो में वादे लहराये।' आदमी का वफादार होते हुए आदमी कुत्ते में मीन-मेख निकालता है। अब किसी कुत्ते की पूँछ जब दोनों टाँगों के बीच अंदर की ओर मुड़ी हुई होती है तो इसका अर्थ निकाला जाता है कि फलां फलां कुत्ते ने दूसरे कुत्ते से अपनी हार स्वीकार ली है। यदि किसी कुत्ते की पूँछ दोनों टाँगों के बीच में दबी हुई परंतु अंदर मुड़ी हुई न हो तो इसका आशय आदमी 'दूसरे की सत्ता स्वीकारना' निकालता है। यदि किसी कुत्ते की पूँछ जमीन के समानांतर खड़ी हो तो इसका मतलब आदमी निकालता है कि, यह कुत्ता दूसरे कुत्ते को डरा रहा है। और यदि किसी कुत्ते की पूँछ टाँगों के बीच थोड़ी-सी भी बाहर की ओर लटक रही हो तो समझिए वह कह रहा होता है कि, ' उसे किसी से कोई लेना-देना नहीं है ।' कुल,मिलाकर कुत्ता बदनाम ही होता है। और तो और आदमी यह तक कहता है कि 'घर आये कुत्ते को भी नहीं निकालते।' अब वोटर वोट डालते हैं और बेरोजगारी, अशिक्षा, महंगाई, भ्रष्टाचार, रिश्वतखोरी, अधिक टैक्स लगने पर बदनाम हमेशा कुत्ते को करते हैं। बड़ी आसानी से कह देते हैं कि हमने किस 'कुत्ते' को वोट डाल दिया। यह गलत परंपरा है। वफादार जंतु की यूं बदनामी कतई नहीं होनी चाहिए। गली-मोहल्ले में दो गुटों में लड़ाई छिड़ती है तो भी बेचारे कुत्ते ही बदनाम होते हैं। लोग कहते हैं कि वे तो कुत्तों की तरह लड़ रहे थे। यह गलत बात है कि लोग कहते हैं कि आज की राजनीति भी 'कुत्ता राजनीति' से प्रेरित है। कोई गुस्से से लबालब तेज आवाज में बोलता है तो कहा जाता है कि वह 'कुत्ते की तरह भौंक' रहा है। कोई भूखा होता है तो यह कहते हैं कि वह 'कुत्ते की भांति' लार टपका रहा है। कोई चाटूकारिता करता है, चमचागिरी करता है तो भी बेचारे कुत्ते को ही घसीटा जाता है और कहा जाता है कि फलां फलां व्यक्ति तो 'कुत्ते की भांति पूंछ हिला' रहा है। महाभारत के युधिष्ठिर तक स्वर्ग के द्वार पर कुत्ते का त्याग नहीं करना चाहते थे, लेकिन आदमी न जाने कब से बेचारे कुत्ते के पीछे पड़ा है। उलटी-सीधी बातें करने वाले को हम 'कुत्ते का काटा' कह डालते हैं। किसी की बेइज्जती करने के लिए हम आसानी से कह देते हैं-'कुत्ता कहीं का।' आदमी भी अजीब किस्म का प्राणी है जो बंदूक के घोड़ा को भी कुत्ता पुकारता है और किवाड़ के खटके को भी कुत्ता पुकारता है। यह गलत बात है कि कुत्ता आज गाली है, बेइज्जती है, नीचता का प्रतीक है लेकिन जनाब यह कुत्ता ही है जो सेना और पुलिस की मदद में सहायक है। इसलिए कुत्तों को आलतू-फालतू में बदनाम करके 'कुत्ता' कतई मत बनो। उसके साथ इज्जत से पेश आओ। कुत्ता ही एक ऐसा प्राणी है जो अनाज से भरे खेत से बिना कुछ खाये पीये खाली निकल जाता है, इसलिए कुत्ते की कद्र करो। अथ श्री कुत्ता पुराण समाप्तम।

## नेता बनने का शॉर्टकट आइडिया

**डॉ. सुरेश कुमार**

**एक** गांव में एक चोर रहा करता था। वैसे अब भी रहता है और आगे भी रहेगा। महंगाई, बेरोजगारी की फिल्में जो देखता है। वह बहुत मेहनती था। चोरी करने में। वह अपना घर चोरी करने से चला लेता था। वह अक्सर कहा करता था इस देश में ईमानदारों को काम न करने के लिए रिश्वत देनी पड़ती है और करने के लिए जान। खुशकिस्मत से उसका एक लड़का भी था परन्तु वह चोरी में कच्चा था। इस कारण वह जेल में था। समय चलता चला गया और एक समय ऐसा आया कि वह सीनियर चोर बूढ़ा हो गया और अपना घर चलाने के लिए चोरी नहीं कर पा रहा था सबसे बड़ी मुसीबत यह थी कि वह घरों में कूद नहीं पा रहा था। इसलिए सीनियर चोर सोच में पड़ गया कि अब अपने घर का खर्चा कैसे निकाला जाये। इसी चिंता में उसने अपने बेटे को एक चिट्ठी लिखी अभी उसके जेल से छूटने के तीन महीने बाकी थे। जूनियर चोर ने उसे चिट्ठी में लिखा कि अब वह घर कूदने में असमर्थ है।

इसी पर उसके बेटे ने उस चिट्ठी में अपने पिता को एक आइडिया लिखकर भेजा। उसमे लिखा था कि ह्लपिता जी आप सत्ता पक्ष के नेता से मिलिए। कहिए कि मैं सभी घरों में कूदकर चोरी कर चुका हूँ। सामानों के साथ-साथ हर घर-परिवार की खुफिया जानकारी है।ह्व किसान ने वैसा ही किया सत्ता पक्ष के पहुँचे हुए नेता से भेंट की और नेता ने झट से उन्हें अपनी पार्टी में ले लिया। सब घरों की खुफिया जानकारी के अनुसार दाम, जाम, ताम-झाम की व्यवस्था कर दी। फिर क्या था वहाँ चुनाव में वोटों में की बारिश हुई और यहाँ सीनियर चोर की तरक्की नेता के रूप में हुई।

# डकैतों के स्थल रहे चित्रकूट में लिखी जायेगी विकास की नई इबारत: कमिश्नर

## जिले में 11.488 करोड के निवेश के आये प्रस्ताव

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** चित्रकूटधाम मंडल बांदा के कमिश्नर आरपी सिंह व पुलिस उपमहानिरीक्षक विपिन कुमार मिश्रा, जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द, पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला व मानिकपुर विधायक अविनाशचन्द्र द्विवेदी, जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव की मौजूदगी में ग्लोबल इन्वेस्टर समिति की बैठक में कमिश्नर ने प्रमुख उद्यमियों का स्वागत करते हुए कहा कि चित्रकूट जिले को दस्यु प्रभावित क्षेत्र माना जाता था। दस्युओं के खात्मे से लोगों में आशा की नई किरन जागी है।

मंगलवार को होटल बिन्दीराम में हुई बैठक में कमिश्नर आरपी सिंह ने कहा कि चित्रकूट को विकास की कई योजनाओं से जोडा है। बुन्देलखण्ड एक्सप्रेस-वे अभी भरतकूप तक बना है, इसे चित्रकूट मुख्यालय से भी जोडा जायेगा। प्रधानमंत्री ने पानी की समस्या को लेकर पूरे बुन्देलखण्ड में हर घर नल योजना लागू कर घर-घर जल पहुंचा रहा है। प्रदेश में दस से 12 फरवरी को बहुत बडा इन्वेस्टमेन्ट समिति का कार्यक्रम होने जा रहा है। जिले में 128 निवेशकों ने 11.488 करोड का प्रस्ताव आया है। इन्वेस्टरों को जिले में हर सुविधा दी जायेगी। आसानी से जमीन उपलब्ध कराई जायेगी। पर्यटन की अपार सम्भावनाओं के कार्य अलग से हो रहे हैं। निश्चित तौर पर देश-दुनिया के नक्शे में चित्रकूट का नाम आयेगा। डीआईजी विपिन कुमार मिश्र ने उद्यमियों का स्वागत कर कहा कि बुन्देलखण्ड क्षेत्र को 15 वर्षों से देख रहे हैं। यहां बन्दूक व डकैत दिखाई देते थे। पीएसी के साथ पाठा क्षेत्र के विकास के कार्य कराये हैं। अब चैथ वसूली भी बन्द है। जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने कहा कि दस-12 फरवरी को ग्लोबल इन्वेस्टर समिति की बैठक लखनऊ में प्रस्तावित है। वर्तमान में जिले में निवेश की अपार सम्भावनाये हैं। जिले में धार्मिक-पौराणिक पर्यटन स्थलों के साथ इकोटूरिज्म से संबंधित शबरी वाटर फाल, रानीपुर टाइगर रिजर्व विकसित हो रहे हैं। यहां पर पर्यटकों का भारी तादाद में आगमन होगा। होटल, रिसार्ट की अपार सम्भावनाये हैं। देवांगना घाटी में नवनिर्मित हवाई अड्डा जल्द शुरू होने वाला है।



जिलाधिकारी ने बताया कि अभी तक 128 व्यवसायिक कम्पनियों ने 11.488 करोड के निवेश की इच्छा जाहिर की है। जिले में सीधे तौर पर आठ हजार व अपरोक्ष रुप से 25 हजार लोगों को रोजगार मिलेगा। उन्होंने कहा कि उद्यमियों को कोई समस्या हो तो बतायें, निराकरण किया जायेगा। बैठक में सीडीओ अमृतपाल कौर ने प्रोजेक्टर से चित्रकूट के विकास के बारे में विस्तार से जानकारी दी। बैठक में डीएफओ आरके दीक्षित, सहायक आयुक्त रुपेश कुमार, उपनिदेशक कृषि राजकुमार, जिला उद्यान अधिकारी आशीष कटियार, पर्यटन अधिकारी अनुपम श्रीवास्तव, परियोजना अधिकारी ने अपने-अपने विभाग से संबंधित विकास योजनाओं की जानकारी दी। अंत में अतिथियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

## फटाफट खबरें

### जांच में दोषी के खिलाफ बीएसए नहीं कर रहे कार्यवाही

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पहाडी थाने के प्रसिद्धपुर गांव के रामसहाय सिंह पुत्र अलखनारायण सिंह ने जिला विद्यालय निरीक्षक को लिखे पत्र में कहा कि एक ही शिक्षण सत्र में दो अलग-अलग शिक्षण संस्थानों से फर्जी शैक्षणिक अभिलेख लेने वाले के खिलाफ जांच में दोषी मिलने पर भी कार्यवाही नहीं की गई।

मंगलवार को पहाडी थाने के प्रसिद्धपुर गांव के रामसहाय सिंह ने बताया कि अलग-अलग शिक्षण संस्थानों से एक ही शिक्षण सत्र में फर्जी टीसी निर्गत कराकर शैक्षणिक अभिलेखों के आधार पर प्रतिभा सिंह पुत्र प्रेमचन्द्र सिंह ने प्रवेश लिया था। शिकायत पर जांच अधिकारी ने कूट रचित शैक्षणिक अभिलेख पाये थे। जिला बेसिक शिक्षाधिकारी के जांच पत्रांक 7533-41/2022-23 तीन सितम्बर व भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय के पत्र 6-6-2022-15-15 के अनुपालन में प्रतिभा सिंह पुत्री प्रेमचन्द्र व अन्य दोषियों के खिलाफ शिकायत के बाद भी कोई कार्यवाही नहीं हुई। जांच अधिकारी ने जांच आख्या में जिला जांच निरीक्षक से साफतौर पर कार्यवाही की अपेक्षा की थी।

राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय घुरेटनपुर के जारी टीसी तक ही सीमित है। जांच अधिकारी/जिला बेसिक शिक्षाधिकारी ने कार्यवाही की बजाय कार्यवाही का जिम्मा जिला विद्यालय निरीक्षक को सौंपकर बहानेबाजी कर रहे हैं। मामले में जांच में दोषी पाये आरोपियों के खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं की जा रही।

### शिवरामपुर टीम ने 21 रनों से जीता मैच



**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** कर्वी ब्लाक के पुरवा तरौंहा गांव में कालिका देवी क्रिकेट टूनार्मेन्ट के लीग मैच में शिवरामपुर और कोठिलिहाई के बीच मुकाबला हुआ। मैच का शुभारम्भ मुख्य अतिथि डॉ मेराज सिद्दीकी ने खिलाडियों से परिचय लेकर कराया।

मंगलवार को टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए शिवरामपुर टीम ने 15 ओवर में 105 रन बनाये। शिवरामपुर के दीपक ने 21 रन, विजय ने 17 रन बनाये। कोठिलिहाई के अनुज भोला और पवन ने दो-दो विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी कोठिलिहाई टीम शिवरामपुर टीम के गेंदबाजों के आगे 85 रन में आलआउट होकर 21 रन से हार गई। शिवरामपुर के अजय और छोटू ने दो-दो विकेट लिए। दो विकेट और आठ रन बनाने वाले खिलाडी छोटू को मैन आफ द मैच का पुरस्कार अतिथि सुभाषचन्द्र मिश्र, गोरेलाल गौतम ने दिया। मैच में एम्पायर महेश कुमार, लोकनाथ, कमेंटेज्टर इब्रान खान, अनीश बाजपेयी, रुद्र त्रिवेदी, स्कोरर सत्यनारायण, रमेश मिश्रा रहे। सहयोगी के रुप में अजय यादव, गौरव मिश्रा, शरीफ खान, गोपाल मिश्रा, ललित त्रिपाठी, पवन मिश्रा, राममूरत यादव, हिमांशु, ललित, अंकुर समेत भारी तादाद में दर्शक मौजूद रहे।

### उद्योगपतियों को बढावा दे रही सरकार



**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** उप्र मेडिकल एंड सेल्स रिप्रेजेंटेटिव एसोसिएशन की चित्रकूट इकाई ने केंद्रीय नेतृत्व के आवाहन पर जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक को सौंपे ज्ञापन में कहा कि सेल्स प्रमोशन एक्ट पर सरकार का हल्ला बोल चल रहा है। एक्ट 1976 बदल कर सरकार ने सेल्स प्रमोशन इम्प्लाइयो पर हमला किया है।

मंगलवार को उप्र मेडिकल एंड सेल्स रिप्रेजेंटेटिव एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष शोभराज मिश्रा, जिला मंत्री अशोक पटेल, देवेन्द्र सिंह ने बताया कि सरकार उद्योगपतियों को बढ़ावा दे रही है। फार्मा इंडस्ट्री में नौकरियों को खत्म किया जा रहा है। दवा कम्पनियां दवा प्रतिनिधियों का शोषण कर रही हैं। बिना कारण बताओ नोटिस के दवा प्रतिनिधियों को निकाला जा रहा है। दूसरे प्रदेशों में ट्रांसफर किया जा रहा है। नौकरी छोड़ने का दबाव बनाया जा रहा है आदि समस्याओं को लेकर जिले के दवा प्रतिनिधियों ने डीएम-एसपी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन देने में का शिव सिंह, दीपक मिश्रा, सीएल सिंह, अजय तिवारी, कृष्णा पाण्डेय, अमित, मनीष, शारदा प्रसाद, तोशेन्द्र सिंह समस्त दवा प्रतिनिधि मौजूद रहे।

### उपचार के दौरान पत्नी की अस्पताल में मृत्यु



**बिजनौर। दो सप्ताह पूर्व निकटवर्ती एक ग्राम** में आयोजित जागरण कार्यक्रम में सम्मिलित होने जा रहे दंपत्ति की बाइक फिसलने के कारण पति पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गए थे आज (कल) उपचार के दौरान पत्नी की अस्पताल में मृत्यु हो गयी जिससे परिजनों में कोहराम मच गया।


प्राप्त जानकारी के अनुसार दो सप्ताह पूर्व नगर के मोहल्ला वीरथला निवासी दीपक बरोलिया अपनी पत्नी नेहा रानी बरोलिया संग निकटवर्ती ग्राम घोसिया वाला मे चल रहे जागरण कार्यक्रम मे सम्मिलित होने जा रहे थे जहां घोसियावाला के मोड पर उनकी बाईक अनियंत्रित होकर फिसल गयी थी जिसमे बाईक सवार पति पत्नी गम्भीर रुप से घायल हो गये थे। दंपत्ति को उपचार हेतु हायर सेंटर एम्स रेफर किया गया था जहा आज सोमवार को दीपक बरोलिया की पत्नी नेहा रानी बरोलिया (30 वर्ष ) की मृत्यु हो गयी जिसके चलते परिजनो मे कोहराम मच मृतक बेहद मिलनसार व मृद भाषी महिला थी तथा अपने पिछे एक पुत्र 5 वर्ष व एक पुत्री 7 वर्ष को रोता बिलखता छोड गयी । बताते चले कि घोसिया वाला के मोड पर स्थित तीव्र मोड के चलते उक्त हादसा हुआ।

## लुटेरों के सरगना नहीं छोड रहे महात्मा गांधी का स्थल

### लुटेरों की ही जाति का है सरगना, शहर के लोग एकजुट होकर सरगना का करें विरोध

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जंगलों में पहले लोगों को बदमाश लूटते थे। अब लूट का ये सिलसिला जंगलों से गुजरता हुआ शहर में आ गया है। शहर के लोगों को लूटने को नेताओं ने एक गिरोह बना लिया है। गिरोह का सरगना जिले का जाना-माना वरिष्ठ नेता है। वह नेता भी जंगलों में कुख्यात बदमाशों की ही जाति का बताया गया है।



ये खुलासा मंगलवार को जाने-माने वरिष्ठ नेता की ही पार्टी के एक जिम्मेदार पदाधिकारी ने किया है। जिम्मेदार पदाधिकारी ने बताया कि जंगलों में लूट का काम खत्म होने के बाद जिला मुख्यालय में लोगों को लूटने को एक गिरोह तैयार हो गया है। गिरोह का सरगना भी लुटेरों की ही जाति का है। लुटेरों की जाति के इस सरगना के साथ जिले के तीन-चार लोग और हैं। इन सबने शहर के लोगों को लूटने को गहरी साजिश रची है। साजिश का खुलासा करते हुए बताया कि जिला मुख्यालय के ट्राफिक चैराहा में स्थित लोनिवि परिसर, जहां कभी महात्मा गांधी ने ठहराव किया था। उस जमाने में एक मात्र यही गेस्ट हाउस था। इस गेस्ट हाउस की भारी-भरकम जमीन को येन-केन ढंग से नगर पालिका या जिला पंचायत के कब्जे में लेकर यहां पर भव्य व्यवसायिक काम्पलेक्स बनवाने की योजना गढी गई है। योजना के तहत यहां पर बनने वाली दुकानों का सरकारी रेट कुछ और होगा, जबकि इन दुकानों को आवंटित करने में दस से 15 लाख रुपये वसूलने की वह सरगना मंशा पाले है।

हकीकत में जहां कभी महात्मा गांधी ठहरे थे। वहां की भूमि को मराठों ने अंग्रेजों को सौंपी थी। इस ऐतिहासिक स्थल की भूमि के रहस्य का भी जल्द खुलासा किया जायेगा। फिलहाल तो लूट गिरोह के सरगना की पाली मंशा को ही फोकस किया जा रहा है। लूट गिरोह के सरगना इस भूमि से अरबों रुपये वसूलने के फिराक में है। इसीलिए लूट में शामिल गिरोह के ही व्यक्ति का प्रतिष्ठान गिराने की अभी योजना नहीं बनाई गई। उसे जब प्रतिष्ठान बनकर मिल जायेगा, तभी उसका प्रतिष्ठान ढहाया जायेगा। जिले में रची जा रही इस गहरी साजिश के शिकार होने वाले शहर के लोगों को सतर्कता से इन लोगों का बहिष्कार व तगडे विरोध के लिए सभी लोग अभी से कमर कस लें, ताकि शहर के लोगों के साथ घिनौना खेल खेलने वालों का पदार्फाश हो सके।

## खनन रोकने गई टीम पर नगर पंचायत अध्यक्ष ने किया हमला, अध्यक्ष समेत छह नामजद, सात-आठ अज्ञात पर मामला दर्ज



**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिले की सीमा से सटे मप्र के नयागांव थाना क्षेत्र के पथरा गांव में मिट्टी के अवैध खनन को रोकने पहुंची राजस्व व पुलिस टीम पर नगर पंचायत परिषद अध्यक्ष व गुर्गों ने हमला कर दिया। लाठी-डण्डों से लैस हमलावरों ने टीम के साथ जमकर बदसलूकी किया। नगर पंचायत अध्यक्ष ने नायब तहसीलदार व थाना प्रभारी के सामने ही सिपाही को चप्पलों से पीट दिया। मौके से जेसीबी व ट्रैक्टर लेकर भाग गये। नायब तहसीलदार ने अध्यक्ष समेत छह को नामजद व सात-आठ अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कराया है।

मंगलवार को नयागांव थाना के पथरा से सटे सुरांगी में अवैध ढंग से मिट्टी का खनन हो रहा था। मिट्टी ढोने को दो ट्रैक्टर भी खडे थे। जानकारी मिलने पर एमपी के नायब तहसीलदार सुमित गुर्जर व थाना प्रभारी हीरालाल मिश्र पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पटवारी ने अवैध खनन करने वालों को रोका, नहीं माने। नायब तहसीलदार के मुताबिक अवैध ढंग से काफी गहराई की मिट्टी निकालकर ट्रैक्टरों से ढो रहे थे। मना करने के कुछ देर बाद छोटू पटेल, आदित्य पटेल, बलराम, अजय पटेल, आशीष समेत सात-आठ अन्य लोग आ गये। ये सभी लोग टीम से भिडकर अभद्रता पर उतारु हो गये।

कुछ देर बाद भाजपा की नगर पंचायत अध्यक्ष साधना पटेल भी पहुंच गई। उन्होंने खनन रोकने पहुंचे अधिकारियों को खरी-खोटी सुनाई। अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए सिपाही श्यामलाल को चप्पलों से पीट दिया। वहां मौजूद नायब तहसीलदार व थाना प्रभारी कुछ नहीं कर पाये। इसके बाद जेसीबी व एक ट्रैक्टर लेकर हमलावर मौके से भाग गये। टीम ने एक ट्रैक्टर कब्जे में ले लिया। नायब तहसीलदार ने थाने में अध्यक्ष समेत छह नामजद व सात-आठ अज्ञात के खिलाफ टीम पर हमला करने, शासकीय कार्य में बाधा डालने का मामला दर्ज कराया है। एसडीओपी आशीष जैन ने बताया कि नगर पंचायत अध्यक्ष ने चप्पल से मारपीट की है। सभी के खिलाफ मामला दर्ज है, गिरफ्तारी के प्रयास जारी है।

## चार वर्षीय बच्ची को पाकर माता-पिता के चेहरे खिले

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला के निर्देश पर जारी आपरेशन मुस्कान के क्रम में रैपुरा थाने के दरोगा शैलेन्द्रचन्द्र पाण्डेय की अगुवाई में पुलिस टीम ने रोडवेज बस में मिली चार वर्षीय बच्ची को परिजनों के सुपुर्द किया। बच्ची से मिलकर परिजनों के चेहरे पर मुस्कान खिल गई।



मंगलवार को दोपहर 12 बजे रोडवेज बस यूपी 70बीटी- 8216 प्रयागराज से बांदा जा रही थी। परिचालक आनन्द कुमार पाण्डेय व चालक अश्वनी कुमार 20-25 महिला-पुरुष सवारियों के साथ थाने आकर चार वर्षीय बच्ची को सुपुर्द करते हुए बताया कि ये बच्ची लालतारोड या मऊ से बस में चढी है। बस के अन्दर बच्ची के रोने की जानकारी पर कोई परिजन मौजूद नहीं थे।

परिचालक की सूचना पर तत्काल वरिष्ठ दरोगा शैलेन्द्रचन्द्र पाण्डेय सक्रिय हो गये। उन्होंने आसपास के गांव के प्रधानों व अन्य लोगों से सम्पर्क कर बच्ची के माता-पिता की तलाश की तो पता चला कि लालतारोड मऊ के रहने वाले हैं। उन्हें फोन से सूचना देकर बुलवाकर बच्ची अनमोल शुक्ला पुत्री शिवगोविन्द शुक्ला के पहचान करने पर माता-पिता के सुपुर्द किया। परिजनों ने बताया कि सडक किनारे घर होने से गलती से बस में बच्ची चढ गई थी। बच्ची से मिलकर माता-पिता के चेहरे पर मुस्कान लौट आई। परिजनों ने रैपुरा पुलिस को धन्यवाद ज्ञापित किया है। इस मौके पर वरिष्ठ दरोगा शैलेन्द्रचन्द्र पाण्डेय, दरोगा सिद्धनाथ राय, सिपाही नन्दलाल व महिला सिपाही दीक्षा मौजूद रही।

## मजदूरी करने गई महिला का खेत में मिला शव

**बीकापुर-अयोध्या। स्थानीय थाना क्षेत्र** के 55 वर्षीय सुकना गांव के ही राज बक्स व सूर्य बक्स के काफी दिनों से उनके यहां खेतों में मजदूरी कर अपने परिवार का पालन पोषण कर रही थी। 15 जनवरी को देर शाम आलू का खेत सींचने के लिए आरोपी के द्वारा बुलाया गया और जैसे ही खेत के अंदर सिंचाई करने के लिए घूसी तभी खेत के चारों तरफ लगे तार जिसमें विद्युत करंट प्रवाहित होने से उसकी चपेट में आने से उसकी घटनास्थल पर मौत हो गई। अधेड़ महिला को ग्रामीणों की मदद सीएचसी बीकापुर एम्बुलेंस से लाया गया जहां इमरजेंसी में तैनात चिकित्सक ने देखते ही मृत्यु घोषित कर दिया। वहीं मृतका के परिजन की तहरीर पुलिस ने आरोपी राज बक्स व सूर्य बक्स पुत्र राम अचल निवासी चांदपुर के विरुद्ध 304 का मुकदमा दर्ज कर घटना की जांच पड़ताल शुरू कर दिया है।

मामला बीकापुर थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत चांदपुर का है मृतिका के पति शिव नारायन पुत्र हितलाल ने कोतवाली पुलिस को लिखित तहरीर देकर आरोप लगाया है कि मेरी पत्नी सुकना 55 आरोपी राज बक्स व सूर्य बक्स पुत्र राम अचल के यहां कई वर्षों से मेहनत मजदूरी कर रही थी। आरोपी के द्वारा 15 जनवरी को देर शाम आलू फसल की सिंचाई करने के लिए सुकना देवी से कहां जिस पर सुकना देवी आलू फसल खेत की सिंचाई करने के लिए जैसे ही खेत पर पहुंची पहले से ही फसल सुरक्षा के लिए चारों तरफ से तार लगाया हुआ था जिसमें विद्युत करंट प्रवाहित का था उसी की चपेट में आने से मेरी पत्नी सुकना की मौत हुई है। जबकि दोनों आरोपियों को मालूम था की तारों में विद्युत करंट प्रवाहित है लेकिन इसकी जानकारी मजदूरी करने गई अधेड़ महिला को नहीं बताया गया। घटना की सूचना मिलने पर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है और मृतिका के पति शिवनारायन की तहरीर पर दोनों आरोपियों के विरुद्ध गैर इरादतन हत्या का मुकदमा पंजीकृत कर जांच पड़ताल शुरू कर दिया है।

## श्रीराम रत्नेश्वर शिवालय में हुआ पहला पाटोत्सव

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** परमहंस संत श्री रणछोरदास महाराज की कर्म स्थली जानकीकुण्ड स्थित श्री रघुवीर मन्दिर बडी गुफा में माघ कृष्ण दशमीं को श्री रामरत्नेश्वर महादेव का प्रथम वार्षिक पाटोत्सव भक्ति भाव से मनाया गया।

मंगलवार को ट्रस्ट के अध्यक्ष डॉ बीके जैन व श्रीमती ऊषा जैन ने सवेरे गौरी विनायक का पूजन किया। विधि-विधान से शिव रुद्राभिषेक एवं शिव षोडशोपचार पूजन हुआ। रुद्रयज्ञ में पधारे सभी गुरुभाई, बहनों, विद्यार्थियों, प्राचार्य, आचार्यों एवं सद्गुरु परिवार के सभी सदस्यों के साथ चित्रकूट के संत-महंतों ने आहुति दी।



आहुति के बाद महाभोग अन्नकूट के बाद भगवान की आरती की गई। पधारे साधु-संत एवं अतिथियों ने भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर आचार्य अनिल त्रिपाठी, सुरेन्द्र तिवारी ने वेदोक्त से पाटोत्सव सम्पन्न कराया।

## भारतीय अमेरिकियों ने मार्टिन लूथर किंग की विरासत को अमूल्य बताया

**वाशिंगटन।** उप राष्ट्रपति कमला हैरिस सहित भारतीय अमेरिकियों ने नागरिक अधिकारों के नेता मार्टिन लूथर किंग जूनियर की विरासत को अमूल्य बताते हुए कहा कि देश को मतदान करने की स्वतंत्रता और सभी की आजादी के लिए लड़ाई जारी रखनी चाहिए। अश्वेतों के लिए नागरिक अधिकारों की लड़ाई लड़ने वाले किंग का जन्म 15 जनवरी, 1929 को जॉर्जिया के अटलांटा में हुआ था। हैरिस ने कहा, ''डॉ मार्टिन लूथर किंग जूनियर ने नस्ली न्याय, आर्थिक न्याय और उस स्वतंत्रता पर जोर दिया जो इन सभी की राहें खोलती है, यानी मतदान करने की स्वतंत्रता।'' उन्होंने कहा, ''आज हम जिस व्यक्ति की विरासत का जश्न मना रहे हैं, उसने सबके लिए समानता की आवाज बुलंद की, उसकी विरासत अमूल्य है और उसका सही मायने में सम्मान करने के लिए हमें वोट देने की स्वतंत्रता और सभी की आजादी के लिए



लड़ाई जारी रखना चाहिए।''उन्होंने कहा, ''डॉ मार्टिन लूथर किंग जूनियर की विरासत का जश्न मनाते हुए आइए, हम सभी एक बेहतर, निष्पक्ष, अधिक न्यायसंगत दुनिया के निर्माण के लिए फिर से प्रतिबद्ध हों।'' भारतीय अमेरिकी सांसद राजा कृष्णमूर्ति ने कहा कि मार्टिन लूथर किंग जूनियर के सपने को पूरा करने के लिए अभी लंबा रास्ता तय करना है। सांसद रो खन्ना ने कहा, ''हम मार्टिन लूथर किंग जूनियर का सम्मान करते हैं, जो हमारे देश के इतिहास में न्याय और मानवाधिकारों के महानतम समर्थकों में से एक हैं। जब हम उनकी विरासत पर विचार करते हैं तो हम आने वाली पीढ़ियों के लिए अधिक समान और न्यायपूर्ण अमेरिका बनाने के लिए फिर से प्रतिबद्धता जताते हैं।''सांसद प्रमिला जयपाल ने कहा कि डॉ किंग जैसे नेता एक पीढ़ी में एक बार आते हैं। उन्होंने ''हमें मुश्किल वक्त में सपने देखने और एकजुट होने का पाठ पढ़ाया।'' रिपब्लिकन पार्टी की नेता निक्की हेली ने कहा कि मार्टिन लूथर किंग के शब्द अनंत काल तक याद रखे जाएंगे कि ''हमें अपने देश की चुनौतियों का मिलकर सामना करना होगा। हममें से सभी अपना एक छोटा हिस्सा इसके लिए योगदान करेंगे।'' इस बीच, अमेरिका में भारत के राजदूत तरणजीत सिंह संधू भारतीय अमेरिकी समुदाय के कई सदस्यों के साथ किंग के गृह नगर जॉर्जिया के अटलांटा पहुंचे और वहां किंग सेंटर में उन्हें श्रद्धांजलि दी। संधू ने किंग को अमेरिकी नागरिक अधिकार आंदोलन का नेता और अहिंसा की वकालत करने वाला बताया।

## California के घर में गोलीबारी में मां, शिशु समेत छह लोगों की मौत



**विसालिया।** मध्य कैलिफोर्निया के एक घर में तड़के गोलीबारी में 17 वर्षीय मां और उसके छह महीने के बच्चे समेत छह लोगों की मौत हो गयी। शेरिफ अधिकारियों ने बताया कि प्राधिकारी कम से कम दो संदिग्धों की तलाश कर रहे हैं। उन्हें इन हत्याओं के पीछे किसी गिरोह का हाथ लगता है। तुलारे काउंटी शेरिफ के कार्यालय ने बताया कि अधिकारियों को विसालिया के पूर्व में गोशेन स्थित एक घर में देर रात करीब साढ़े तीन बजे कई गोलियां चलने की सूचना मिली। शेरिफ माइक बॉडरॉक्स ने पत्रकारों से कहा, ''दरअसल खबर थी कि इलाके में एक बंदूकधारी घूम रहा है।''उन्होंने बताया कि अधिकारियों को सड़क पर दो लोग मृत मिले और घर के दरवाजे पर एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल अवस्था में मिला। उन्होंने बताया कि घर के अंदर तीन और लोग मिले जिनमें से एक व्यक्ति जीवित था लेकिन बाद में एक अस्पताल में उसकी मौत हो गयी। शेरिफ ने बताया कि जांचकर्ता कम से कम दो संदिग्धों की तलाश कर रहे हैं। शेरिफ कार्यालय ने पिछले सप्ताह इस घर में मादक पदार्थ के संबंध में तलाशी ली थी। बॉड्रॉक्स ने बताया कि दो मृतकों में एक किशोरी और उसका बच्चा शामिल है तथा उन्हें सिर में गोली मारी गयी थी।

## अमेरिका में मधुमक्खियों को बीमारी से बचाने के लिए वैक्सीन तैयार

**विसालिया।** मध्य कैलिफोर्निया के एक घर में तड़के गोलीबारी में 17 वर्षीय मां और उसके छह महीने के बच्चे समेत छह लोगों की मौत हो गयी। शेरिफ अधिकारियों ने बताया कि प्राधिकारी कम से कम दो संदिग्धों की तलाश कर रहे हैं। उन्हें इन हत्याओं के पीछे किसी गिरोह का हाथ लगता है। तुलारे काउंटी शेरिफ के कार्यालय ने बताया कि अधिकारियों को विसालिया के पूर्व में गोशेन स्थित एक घर में देर रात करीब साढ़े तीन बजे कई गोलियां चलने की सूचना मिली। शेरिफ माइक बॉडरॉक्स ने पत्रकारों से कहा, ''दरअसल खबर थी कि इलाके में एक बंदूकधारी घूम रहा है।''उन्होंने बताया कि अधिकारियों को सड़क पर दो लोग मृत मिले और घर के दरवाजे पर एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल अवस्था में मिला। उन्होंने बताया कि घर के अंदर तीन और लोग मिले जिनमें से एक व्यक्ति जीवित था लेकिन बाद में एक अस्पताल में उसकी मौत हो गयी। शेरिफ ने बताया कि जांचकर्ता कम से कम दो संदिग्धों की तलाश कर रहे हैं। शेरिफ कार्यालय ने पिछले सप्ताह इस घर में मादक पदार्थ के संबंध में तलाशी ली थी। बॉड्रॉक्स ने बताया कि दो मृतकों में एक किशोरी और उसका बच्चा शामिल है तथा उन्हें सिर में गोली मारी गयी थी।

# भारत में कारोबार वीजा जारी करने का काम तेज कर रहे हैं : अमेरिका

**नई दिल्ला।** अमेरिका ने मंगलवार को कहा कि भारत में कारोबार वीजा जारी करने के काम में उल्लेखनीय प्रगति हुई है और इसे और तेजी से आगे बढ़ाने के लिए कई कदम उठाए जा रहे हैं। अमेरिका के वैश्विक बाजारों के लिए सहायक वाणिज्य मंत्री अरुण वेंकटरमन ने मंगलवार को यह जानकारी देते हुए कहा कि भारत छात्रों को वीजा जारी करने के काम में भी 'अद्भुत' प्रगति हुई है। उन्होंने कहा, ''कारोबार के मोर्चे पर देखा जाए, तो हमने 2022 में महामारी पूर्व यानी 2019 की तुलना में अधिक एच1बी और एल वीजा जारी किए है। हम अभी भी अपने कर्मचारियों को बढ़ाने की प्रक्रिया में हैं। अभी और काम करना बाकी है. हम ऐसा करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।वेंकटरमन ने आगे कहा, ''हम सीधे भर्ती की संख्या को दोगुना कर रहे हैं। हमें दूतावास में वीजा जारी करने की सुविधा देनी है।'' उन्होंने यहां संवाददाताओं से कहा, ''महामारी की वजह से वीजा जारी करने की प्रक्रिया में कई चुनौतियां आई थीं।'' केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने हाल में वाशिंगटन में कहा था कि भारत ने अमेरिका के साथ देश के लोगों को कारोबार वीजा जारी करने में अत्यधिक देरी पर चर्चा की है।

## भारत की महिला शांतिरक्षकों के अबेई पहुंचने पर संयुक्त राष्ट्र ने खुशी जताई

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र के शांतिरक्षक मामलों के प्रमुख ने अबेई में भारत की महिला शांतिरक्षकों की सबसे बड़ी टुकड़ी की तैनाती का स्वागत किया है। उन्होंने कहा है भारत की महिला सैनिकों की तैनाती का मतलब कुशल संचालन है। शांति संचालन के लिए संयुक्त राष्ट्र के अवर महासचिव जीन-पियरे लैक्रोइक्स ने इस संबंध में ट्वीट किया है। उन्होंने कहा कि भारत की महिला शांतिरक्षकों की सबसे बड़ी टुकड़ी को अबेई में देखकर खुशी हुई। अधिक महिला शांतिरक्षकों का अर्थ है अधिक कुशल संचालन। हम जिनकी सेवा करते हैं वे उन्हें बेहतर तरीके से प्रतिबिंबित करने में मदद करेंगी।

## चीन ने पीएलए में घटाए तीन लाख सैनिक, 2030 तक और होगी कटौती

**बीजिंग।** चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) में तीन लाख सैनिक घटाने की घोषणा की है। कुछ साल पहले 46 लाख सैनिकों वाली चीनी सेना अब घटकर बीस लाख हो गयी है। उन्होंने 2030 तक सैन्य बल में और कटौती करने का भी ऐलान किया है। चीन सेना में कुछ साल पहले तक 46 लाख सैनिक थे। पांच वर्ष पहले एक साथ तीन लाख सैनिकों की कटौती कर पीपुल्स लिबरेशन आर्मी का सैन्य बल घटाकर 23 लाख कर दिया गया था। इसके बाद सैनिकों ने आंदोलन तक किया था, किन्तु तब चीन की सरकार ने संख्या के बजाय गुणवत्ता पर जोर देने की बात कही थी। अब पांच साल बाद एक बार फिर



एक साथ तीन लाख सैनिक घटाने का ऐलान हुआ है। इस तरह कुछ साल पहले 46 लाख सैनिकों वाली चीनी सेना अब घटकर बीस लाख हो गयी है। चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने इस फैसले के पीछे चीनी सेना को आधुनिक बनाने का तर्क दिया है। ब्रिटेन के संस्थान इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ स्ट्रैटेजिक स्टडीज ने दावा किया है कि चीन की सेना में अब नौ लाख 65 हजार थल सैनिक हैं। इसी तरह नेवी में सैनिकों की संख्या दो लाख 60 हजार और चीन की वायु सेना में सैनिकों की संख्या तीन लाख 95 हजार है। इनके अलावा चीन की सेना की एक इकाई रॉकेट फोर्स भी है, जिसमें एक लाख बीस हजार सैनिक हैं। इसी तरह रणनीतिक समर्थन के लिए बनी स्ट्रैटेजिक सपोर्ट फोर्स में एक लाख 45 हजार सैनिक हैं। सेना के अन्य आयामों में डेढ़ लाख अन्य सैनिक शामिल हैं।

# पाकिस्तानी कब्जे वाले कश्मीर में भुखमरी के हालात, सड़कों पर उतरे लोग

**मुजफ्फराबाद।** पाकिस्तानी कब्जे वाले कश्मीर में भुखमरी के हालात पैदा हो गए हैं। गुस्साए लोग सड़कों पर उतर आए हैं।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर और गिलगिट बाल्टिस्तान में लोग पिछले कई सप्ताह से खाद्यान्न की कमी से जूझ रहे हैं। पाकिस्तानी कब्जे वाले कश्मीर में भुखमरी की नौबत आ गयी है। लोगों को खाने के लाले पड़े हैं। इस पर



गुस्साए लोग सरकार विरोधी प्रदर्शन करने लगे हैं।

लोग सड़कों पर उतर आए हैं और पाकिस्तान सरकार के खिलाफ नाराजगी करते हुए मुख्य मार्गों को अवरुद्ध कर दिया है। इस दौरान सड़कों पर टायर जलाकर आवाजाही रोक दी गयी। जगह-जगह आगजनी भी की गयी।

आंदोलित लोगों ने बताया कि खाने के लिए आटा तक उपलब्ध नहीं है। नागरिकों को सब्सिडी वाला गेहूं उपलब्ध कराने वाले सरकारी डिपो पर ताला लगा दिया गया है। गुस्साए लोगों ने कहा कि वे सरकार की नीतिगत विफलताओं के कारण गुजारा करने में असमर्थ हैं, जिसके परिणामस्वरूप गेहूं की कीमत में तेज वृद्धि हुई है। लोगों ने जानकारी दी कि एक दिन में गेहूं की कीमत 1,200 रुपये तक बढ़ा दी है। लगभग हर शहर में लोग विरोध कर रहे हैं, यहां तक कि छात्र, वकील, नागरिक समाज और महिलाएं भी विरोध कर रही हैं।

# चीन ने साठ हजार मौतें मानीं, अमेरिकी विश्वविद्यालय का नौ लाख मौतों का दावा

**बीजिंग/ लास एंजिल्स।** चीन में कोरोना महामारी को लेकर दावे-प्रतिदावे हो रहे हैं। चीन ने कोरोना के कारण साठ हजार लोगों की मौत होने की बात मानी है, वहीं एक अमेरिकी विश्वविद्यालय ने कोरोना के कारण चीन में नौ लाख लोगों के मारे जाने का दावा किया है। चीन में पिछले कुछ दिनों से कोरोना मुसीबत बन गया है। पूरी दुनिया में चीन में कोरोना की भयावहता की चर्चा है किन्तु चीन के अधिकारी इसे स्वीकार नहीं कर रहे हैं। चीन ने स्वीकार किया है कि कोरोना महामारी से उनके यहां करीब 60 हजार लोगों की मौत हुई है। चीन के राष्ट्रीय स्वास्थ्य आयोग ने बताया कि देशभर के अस्पतालों में 12 जनवरी तक 59,938 लोगों की जान कोरोना महामारी के चलते गई। हालांकि दुनिया के विशेषज्ञों का दावा है कि चीन अभी भी सही आंकड़ा छिपा रहा है। माना जा रहा है कि चीन में मौतों का आंकड़ा आधिकारिक आंकड़ों से कई गुना




ज्यादा है। अमेरिका के लॉस एंजिल्स स्थित यूनिवर्सिटी ऑफ कैलिफोर्निया के फील्डिंग स्कूल ऑफ पब्लिक हेल्थ में महामारी विभाग के अध्यक्ष जू फेंग झेंग ने दावा कि कि चीन में कोरोना से मौतों का सही आंकड़ा आधिकारिक आंकड़े से बहुत ज्यादा बड़ा है। उन्होंने दावा किया कि चीन में कोरोना महामारी की शुरुआत में पहले के 5 हफ्तों में करीब नौ लाख लोगों की जान गई है। झेंग ने यह दावा चीन की पेकिंग यूनिवर्सिटी के नेशनल स्कूल ऑफ डेवलपमेंट की रिपोर्ट के आधार पर किया है।

पेकिंग यूनिवर्सिटी की रिपोर्ट के अनुसार, जनवरी के मध्य तक देश की 64 फीसदी जनसंख्या कोरोना की चपेट में आ चुकी है। झेंग ने दावा किया कि यदि चीन में कोरोना का फर्टिलिटी रेट 0.1 प्रतिशत भी माना जाए तो चीन में कोरोना महामारी से पहले पांच हफ्तों में करीब नौ लाख लोगों की जान गई होगी।

विशेषज्ञों का कहना है कि चीन में कई मौतें नर्सिंग होम या घर पर हुई होंगी, जिनकी चीन की सरकार ने गिनती नहीं की होगी। सरकार के आधिकारिक आंकड़ों में सिर्फ अस्पतालों में हुई मौतें शामिल हो सकती हैं।

चीन में 21 जनवरी से लूनार न्यू ईयर छुट्टियों की शुरुआत हो रही है। इस दौरान करोड़ों लोग अपने-अपने घरों या गृहनगरों की यात्रा करेंगे। ऐसे में चीन में कोरोना महामारी के बेकाबू होने का खतरा मंडरा रहा है। विशेषज्ञों का मानना है कि 2023 के अंत तक चीन में कोरोना से 12 से 16 लाख तक लोगों की मौत हो सकती है।

## बांग्लादेश में एंबुलेंस-ट्रक की टक्कर , छह लोगों की मौत




**ढाका (बांग्लादेश)।** बांग्लादेश में मंगलवार तड़के 4:20 बजे एंबुलेंस और ट्रक की टक्कर में छह लोगों की मौत हो गई। यह हादसा राजधानी ढाका से करीब 101 किलोमीटर दूर शरीयतपुर जिले में हुआ। अग्निशमन सेवा और नागरिक सुरक्षा उप निदेशक मोहम्मद सेलिम मिया ने यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि यह एंबुलेंस मरीज को लेकर ढाका आ रही थी। घने कोहरे में खराब दृश्यता के कारण यह हादसा हुआ। हादसे में एंबुलेंस चालक, सहायक, मरीज, तीमारदार शामिल हैं। उनकी तात्कालिक रूप से पहचान नहीं की जा सकी है।

## फोर्स मोटर्स ने सिटीलाइन 10 सीटर एमयूवी की लॉन्च



**देहरादून।** ऑटो प्रमुख फोर्स मोटर्स ने यहां भारत का पहला 10-सीटर एमयूवी सिटिलाइन सभी फॉरवर्ड फेसिंग सीटों के साथ मंगलवार को लॉन्च किया। सिटीलाइन वाहनों की पहली खेप देहरादून में एसकेडी ऑटोमोबाइल्स की ओर डिलीवर की गई।

इस मौके पर राकेश मारू, प्रेसिडेंट सेल्स एंड मार्केटिंग ने कहा कि, ह्वसिटीलाइन वास्तव में फोर्स मोटर्स की एक अनूठी पेशकश है। यह लोगों के छोटे समूहों में यात्रा करने के तरीकों में परिवर्तन लाएगा, चाहे छुट्टियों के लिए या दैनिक आवागमन के लिए। सिटीलाइन कई ग्राहक अनुकूल सुविधाओं के साथ आता है, जैसे कि शक्तिशाली डुअल एयर कंडीशनिंग सिस्टम, सेंट्रल लॉकिंग, पावर विंडो, मल्टीपल यूएसबी चार्जिंग पोर्ट, रियर पार्किंग सेंसर, बॉटल होल्डर और फोल्डिंग टाइप लास्ट रो सीट ताकि छोटे समूहों में यात्रा करते समय सामान रखा जा सके।

**अखंड भारत संदेश**
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
**सम्पादक**
स्वामी श्री योगी सत्यम्
Title UPHIN 29506
ऑफिस मो.:
9565333000
Email:-
akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।

## आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में भारत और केन्या साथ :ओम बिरला

**नैरोबी।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने शांति और विकास के लिए आतंकवाद को खत्म करने के सामूहिक प्रयासों का आग्रह किया और कहा कि भारत और केन्या आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में साथ साथ हैं। बिरला के नेतृत्व में भारतीय संसदीय प्रतिनिधि मंडल केन्या और तंजानिया के दौरे पर है। बिरला ने केन्या के उपराष्ट्रपति रिगाथी गचागुआ के साथ बैठक के दौरान यह बातें कही । ओम बिरला ने कहा कि भारत और केन्या के ऐतिहासिक रूप से घनिष्ठ संबंध हैं और दोनों देशों ने उपनिवेशवाद के विरूद्ध संघर्ष किया है। उन्होंने ने कहा कि भारत और केन्या आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में साझा दृष्टिकोण रखते हैं। उन्होंने शांति और विकास के लिए आतंकवाद को खत्म करने के सामूहिक प्रयासों के लिए आग्रह किया। संयुक्त राष्ट्र में भारत और केन्या के सहयोग का उल्लेख करते हुए स्पीकर बिरला ने वैश्विक मंचों पर दोनों देशों के बीच घनिष्ठ सहयोग का आह्वान किया। भारत की जी-20 अध्यक्षता का उल्लेख करते हुए, ओम बिरला ने भारत के जी-20 कार्यकाल की प्राथमिकताओं पर जोर दिया और आश्वासन दिया कि भारत जी-20 ढांचे में ग्लोबल साउथ के मुद्दों को शामिल करने का प्रयास करेगा। जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए सामूहिक प्रयासों पर ज़ोर देते हुए ओम बिरला ने कहा कि भारत पहले ही अंतरराष्ट्रीय सौर गठबंधन की पहल कर चुका है और नवीकरणीय स्त्रोतों से ऊर्जा के दोहन की दिशा में कार्य कर रहा है। दोनों गण्यमान्य विशिष्टजनों ने दोनों देशों के बीच व्यापारिक,



आर्थिक और सांस्कृतिक संबंधों के विस्तार और पीपल टू पीपल कॉन्टैक्ट को बढ़ाने के विषय में भी चर्चा की। यात्रा के पहले दिन स्पीकर बिरला ने अपने केन्याई मेज़बान मूसा मासिका वेतांगुला ईजीएच अध्यक्ष, केन्या नेशनल असेंबली के साथ भी बैठक की। ओम बिरला ने दोनों देशों के बीच विकासशील संबंधों में केंद्र बिंदु के रूप में संसद के महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने इस बात पर भी ज़ोर दिया कि भारत-केन्या संसदीय मैत्री समूह दोनों देशों के सांसदों के बीच घनिष्ठ संपर्क के लिए एक महत्वपूर्ण मंच है।

## यूक्रेन को लेपर्ड टैंक देने का जर्मनी में विरोध, डेनिप्रो में मरने वालों की संख्या 40 हुई

**कीव।** यूक्रेन को सैन्य मदद के रूप में जर्मनी लेपर्ड टैंक देने का विरोध होने लगा है। सहयोगी देशों की बैठक से जर्मनी की रक्षा मंत्री क्रिस्टीन लैंब्रेट ने इस्तीफा दे दिया है। यूक्रेन को लेपर्ड टैंक देने के फैसले पर जर्मन सरकार को तीखी आलोचना के बाद लैंब्रेट ने यह कदम उठाया है। वहीं यूक्रेन के डेनिप्रो शहर में बहुमंजिला आवासीय भवन पर रूसी हमले में मरने वालों की संख्या बढ़कर 40 हो गई है।

यूक्रेन पर रूस के हमले के करीब 11 महीने के दौरान यूरोपीय देश-जर्मनी, फ्रांस और इटली यूक्रेन को सैन्य मदद देने में हिचक दिखाते रहे हैं। हाल में अमेरिका के यूक्रेन को टैंक देने की घोषणा के बाद फ्रांस, ब्रिटेन, जर्मनी और पोलैंड ने भी यूक्रेनी सेना के लिए टैंक और तोपें देने का ऐलान किया है। जिस पर रूस ने अमेरिका और ब्रिटेन से सीधी नाराजगी भी जताते हुए कहा था कि पश्चिमी देश युद्ध भड़का रहे हैं, इससे युद्ध का दायरा बढ़ सकता है। उनके हथियार यूक्रेन में आए तो उन पर हमला किया जाएगा और ब्रिटेन के टैंक जला दिए जाएंगे। यूक्रेन को सैन्य मदद बढ़ाने के मसले पर शुक्रवार को जर्मनी में स्थित अमेरिकी सैन्य अड्डे पर मित्र देशों की बैठक होने वाली है। इस बैठक में अमेरिकी रक्षा मंत्री भी भाग लेंगे। लेकिन इस बैठक से पहले ही जर्मनी की रक्षा मंत्री लैंब्रेट ने इस्तीफा दे दिया है। लैंब्रेट के इस्तीफे का कारण यूक्रेन को सैन्य मदद के मुद्दे पर सरकार की बढ़ रही आलोचना को माना जा रहा है। लेपर्ड टैंक देने की घोषणा का सरकार के सहयोगी दल विरोध कर रहे है और इंटरनेट मीडिया पर भी सवाल उठाए जा रहे हैं। यूक्रेन युद्ध के चलते जर्मनी के रूस के साथ द्विपक्षीय संबंध बुरी तरह से प्रभावित हुए हैं और गैस व तेल की आपूर्ति बाधित हुई है। इसके कारण जर्मनी में महंगाई बढ़ गई है और मंदी का खतरा पैदा हो गया है। रूस के कब्जे वाले क्रीमिया प्रायद्वीप के नजदीक काला सागर के ऊपर सात ड्रोन को रूसी डिफेंस सिस्टम ने मार गिराए। ये ड्रोन सेवास्टोपोल बंदरगाह के नजदीक पहुंचने की कोशिश कर रहे थे। माना जा रहा है कि ये ड्रोन यूक्रेन ने भेजे थे।

रूसी सेना की ताजा गोलाबारी में खेरसान में तीन लोगों के मारे जाने और 14 के घायल होने की सूचना है। वहां पर एक अस्पताल और बिजलीघर समेत कई ठिकाने रूसी हमले का निशाना बने हैं। जपोरीजिया में रूसी हमले में एक औद्योगिक इकाई निशाना बनी है जिसमें पांच लोग घायल हुए हैं।